10 बुमराह....



12 सामंथा....



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, मंगलवार, 24 फरवरी 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -248 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



रवि राजा
एमओ केरेडारी

जन वितरण प्रणाली गरीबी और भुखमरी से लड़ाई का सबसे मजबूत हथियार है। यह न सिर्फ पेट भरती है, बल्कि करोड़ों परिवारों को सम्मान और सुरक्षा का एहसास देती है। जब तक जरूरत है, तब तक मुफ्त अनाज जारी रहे - क्योंकि भूख का कोई धर्म, जाति या सीमा नहीं होती।

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,46,100
चांदी (प्रति किलो) : 2,57,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 83,294.66
निफ्टी :- 25,713.00

### मौसम

अधिकतम तापमान : 27 °
न्यूनतम तापमान : 15 °

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 06:15
संध्या :- 17:49

### आज का इतिहास

आज ही के दिन 2008 में रिलायंस पावर ने अपने शेयर धारकों की क्षतिपूर्ति के लिए बोनस शेयर जारी करने का फैसला किया।

### संक्षिप्त समाचार

**बिजली अलर्ट : रांची के इन इलाकों में 24 फरवरी को 6 घंटे पावरकट**

रांची। राजधानी रांची के कोकर डिवीजन के तहत पावरहाउस मोराबादी से सप्लाई होने वाली विद्युत आपूर्ति 24 फरवरी यानी मंगलवार को बाधित रहेगी. इस दौरान सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक पावरकट रहेगी. पावरकट से न्यू एरिया मोराबादी, डबल ट्रांसफार्मर चौक,सोनू जनरल स्टोर इलाके प्रभावित होंगे. इसके अलावा पावर हाउस पानीटंकी से बिजली आपूर्ति में बाधा रहेगी. जिसके चलते प्रगतिशील कॉलोनी, मुक्ति धाम बड़गाई पावर सप्लाई नहीं होगी. वहीं, पावर हाउस आर.एम.सी.एच से सप्लाई होने बिजली आपूर्ति बंद रहेगी. इस कारण केसर कॉलोनी, जोड़ा तलाब सहित आसपास के क्षेत्रों में पावरकट रहेगा. प्रभावित क्षेत्र के रहवासी आवश्यक कार्य समय पर पूरा कर लें. शाम 4.30 बजे के बाद पुनः सभी इलाकों में बिजली सप्लाई बहाल कर दी जाएगी.

**केरल के कोझिकोड में हादसा, आराम कर रहे मजदूरों पर स्लैब गिरा, तीन की मौत**

कोझिकोड (केरल) : कोझिकोड के वलियांगडी में सोमवार की दोपहर एक इमारत के स्लैब के गिर जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई. वहीं पांच अन्य घायल हो गए. घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है. बताया जाता है कि दोपहर में अचानक एक इमारत के स्लैब के गिर जाने से वहां पर आराम कर रहे तीन मजदूरों की मौत हो गई. वहीं हादसे में पांच अन्य लोग घायल हो गए. मरने वालों की पहचान जब्बार, अशरफ और बशीर के तौर पर हुई है, जो सभी इलाके में लोडिंग और अनलोडिंग के काम में लगे हुए थे. यह हादसा दोपहर के आस-पास हुआ, जब बीच रोड पर पुराने पासपोर्ट ऑफिस की इमारत का भारी कंक्रीट का सनशेड अचानक टूट गया, और नीचे आराम कर रहे मजदूरों पर गिर गया.

# 61.84 फीसदी वोटिंग के साथ झारखंड नगर निकाय चुनाव का मतदान संपन्न

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**




**रांची।** राज्य के 48 शहरी स्थानीय निकायों में शाम पांच बजे तक कुल 61.84 प्रतिशत मतदान हुआ है. सबसे कम रांची में मतदान हुआ है. राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि राज्य के सभी शहरी स्थानीय निकायों में कुल 61.84 प्रतिशत मतदान हुआ है. जिलों से मिले इन आंकड़ों में मामूली तब्दीली की संभावना रहती है. चुनाव में मतदान के प्रतिशत से संबंधित अंतिम आंकड़ा सभी स्तर के अधिकारियों की रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होता है. चुनाव से जुड़े सभी सक्षम स्तर के पदाधिकारियों की रिपोर्ट कल तक आने की उम्मीद है. उन्होंने बताया कि राज्य के शहरी स्थानीय निकायों में सबसे कम मतदान रांची में हुआ है. रांची में सिर्फ 43.28 प्रतिशत मतदान हुआ है.

झारखंड के 48 नगर निकायों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है. सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं. राज्यभर के 43.43 लाख मतदाता 6,124 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला कर रहे हैं. 1,042 वार्डों में हो रहे इस चुनाव के लिए 4,307 मतदान केंद्र बनाए गए. रांची नगर निगम क्षेत्र की बात करें तो यहां मेयर पद के लिए 11 प्रत्याशी और पार्षद पद के लिए 364 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिससे मुकाबला काफी रोचक हो गया है. राज्य की 48 शहरी निकाय चुनाव में वार्ड पार्षद, मेयर और अध्यक्ष के चुनाव के लिए वोट डाले जा रहे हैं. राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ रांची के संत कुलदीप हाई स्कूल में वार्ड संख्या 26 के मतदान केंद्र संख्या 07 पर अपने मताधिकार का उपयोग किया. सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था के बीच मतदान केंद्र पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि निकाय चुनाव भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक हिस्सा है. उन्होंने राज्यवासियों से आग्रह किया कि लोग अपने अपने घरों से निकलें और मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं. राज्य की कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची नगर निगम चुनाव के लिए अपना मतदान संत अजय मिडिल स्कूल, दहिसोत बनहोरा के मतदान केंद्र संख्या 6 पर किया. कृषि मंत्री ने आम जनता से निकाय चुनाव में बढ़चढ़ कर भाग लेने और मतदान करने की अपील की है. उन्होंने मतदान के बाद अपनी तस्वीर जारी करते हुए कहा है कि शहर की सरकार चुनने का ये लोकतांत्रिक माध्यम है. लोकतंत्र के इस महा पर्व में भाग लेकर अपने क्षेत्र के लिए शिक्षित, अनुभवी, दूरदर्शी और विकसित शहर बनाने की सोच रखने वाले जन प्रतिनिधि का चुनाव करें.

**कांग्रेस समर्थित मेयर पद की प्रत्याशी रमा खलखो ने किया मतदान**

वहीं रांची मेयर पद के लिए कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार रमा खलखो ने हिनू स्थित लोयला स्कूल में वार्ड संख्या 42 के बूथ संख्या 03 पर मतदान किया. अब तक के मतदान की रफ्तार पर संतोष जताते हुए रमा खलखो ने कहा कि कई मतदाताओं का मतदान केंद्र बदल जाने से कुछ समस्याएं आ रही हैं. वहीं बैलेट की वजह से भी वोटिंग की रफ्तार थोड़ी धीमी है. रमा खलखो ने रांची की जनता से अपील की कि शहर में साफ सुधरी सरकार बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा मतदान करें.

## सीएम और राज्यपाल ने कतार में लगकर डाला वोट, बोले- 'विकास के लिए जरूर करें मतदान'



झारखंड में नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत मतदान को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है. इसी क्रम में राज्य के संवैधानिक पदों पर आसीन प्रमुख हस्तियों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर आम मतदाताओं को लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी धर्मपत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने रांची के वार्ड संख्या 26 स्थित बूथ संख्या 7, संत कुलदीप हाई स्कूल मतदान केंद्र पहुंचकर नगर निकाय चुनाव के लिए वोट डाला. मतदान के बाद मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों से बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लेने की अपील की. उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि आज झारखंड में नगर निकाय चुनाव हो रहा है. मैंने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया है. आप सभी से अपील है कि अपने-अपने केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें.

**राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी किया मताधिकार का प्रयोग** : दूसरी ओर राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी रांची स्थित श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे. प्रमुख संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों द्वारा मतदान किये जाने से आम मतदाताओं में भी उत्साह देखा गया. प्रशासन को उम्मीद है कि दिन चढ़ने के साथ ही मतदान प्रतिशत में और वृद्धि होगी और शहरी मतदाता लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभायेंगे.

# झारखंड के मौसम का मिजाज बदला, गरज और आंधी के साथ हुई तेज बारिश

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**रांची।** राजधानी सहित झारखंड के कई हिस्सों में सोमवार रात करीब 8 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज आंधी के साथ बूंदा-बांदी शुरू हो गई. ज्ञात हो कि मौसम विभाग ने अलर्ट किया था कि 23 व 24 फरवरी को तेज आंधी व बारिश हो सकती है. सोमवार को दिन भर हल्के बादल छाए रहे. इसके बाद रात 8 बजे के करीब तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गयी. तेज आंधी की वजह से धूल उड़ने लगे. आमों का मंजर गिरने लगे. बारिश की वजह से अचानक तापमान में कमी आयी है. तापमान में कमी अगले दो दिन तक जारी रह सकती है. मौसम विभाग ने 24 फरवरी यानी मंगलवार को भी राज्य के अलग-अलग हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान जताया है.

**आज भी झारखंड के कई जिलों में वज्रपात का अलर्ट**

पूवार्नुमान के अनुसार रांची, हजारीबाग, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, रामगढ़ और बोकारो सहित आसपास के इलाकों में गरज के साथ बिजली गिर सकती है. इस दौरान कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है. जिससे झारखंड में फरवरी के अंतिम सप्ताह के साथ ही मौसम में बदलाव साफ तौर पर देखने को मिल रहा है. राज्य के अधिकांश हिस्सों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि न्यूनतम तापमान में भी धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है. राज्य में अधिकतम तापमान चाईबासा में 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से काफी अधिक है. वहीं जमशेदपुर में 33.8 डिग्री, बोकारो में 33.1 डिग्री, डालटनगंज में 32.8 डिग्री और रांची में 29 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ है. इन शहरों में दिन के तापमान के सामान्य से 2-5 डिग्री तक ऊपर रहने के कारण दोपहर में गर्मी का असर साफ महसूस किया गया. झारखंड में न्यूनतम तापमान की बात करें तो सबसे कम तापमान गुमला में 12 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. वहीं रांची में 14. डिग्री, डालटनगंज में 13.6 डिग्री, बोकारो में 14.5 डिग्री और चाईबासा में 16.4 डिग्री रहा है.

# नेपाल में बड़ा हादसा : त्रिशूली नदी में गिरी बस, 18 यात्रियों की मौत, कई लापता; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**एजेंसी**



**काठमांडू।** नेपाल में सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। धादिंग जिले में यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर त्रिशूली नदी में जा गिरी। इस हादसे में 24 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। नेपाल की तीनों सुरक्षा एजेंसियां राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। यह भीषण दुर्घटना सोमवार रात करीब 1:30 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, बस पृथ्वी राजमार्ग पर चल रही थी, तभी बेनीघाट रोरंग ग्रामीण नगरपालिका-5 के भैंसीगौड़ा के पास अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और सीधे उफनती त्रिशूली नदी में जा गिरी। दुर्घटनास्थल से आई तस्वीरों में बस के परखच्चे उड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**17 शव बरामद, रेस्क्यू में जुटे गोताखोर**

सशस्त्र पुलिस बल के प्रवक्ता विष्णु प्रसाद भट्टा ने बताया कि अब तक 17 शवों को नदी और मलबे से बाहर निकाला जा चुका है। अन्य लापता लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है। बचाव कार्य के लिए नेपाल के आपदा प्रबंधन इकाई की एक विशेषज्ञ टीम तैनात की गई है, जिसमें गोताखोर भी शामिल हैं। नदी के तेज बहाव और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण बचाव दल को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

**24 घायल यात्रियों का अस्पताल में इलाज जारी**

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घायल यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। उन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। फिलहाल मृत और घायल यात्रियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस और प्रशासन यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि बस में कुल कितने यात्री सवार थे और हादसा चालक की लापरवाही से हुआ या किसी तकनीकी खराबी के कारण।

**सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त अभियान**

इस राहत अभियान का नेतृत्व आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण स्कूल के पुलिस उप अधीक्षक सुनील गिरी कर रहे हैं। नेपाल पुलिस, सेना और सशस्त्र पुलिस बल के जवान मिलकर लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। अधिकारियों ने अंदेशा जताया है कि मृतकों की संख्या में अभी और इजाफा हो सकता है। हादसे की जांच के लिए प्रारंभिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है ताकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

# पीएम मोदी का पश्चिम बंगाल की जनता के नाम पत्र, घुसपैठ, वोट बैंक का जिक्र किया, एबार बीजेपी सरकार का दिया नारा

**एजेंसी**



**कोलकाता।** सोनार बंगाल का सपना देखने वाला हर व्यक्ति दुखी है. पश्चिम बंगाल में माताएं-बहनें आज सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं. पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल की जनता के नाम अपने पत्र में यह बात लिखी है. अप्रैल-मई में होने वाले विस चुनाव से पूर्व पीएम मोदी ने ममता सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया है. उन्होंने एबार भाजपा सरकार का नारा देते हुए बंगाल सीएम ममता बनर्जी को कटघरे में खड़ा किया है. पीएम मोदी ने अपने पत्र में जय मां काली का उद्घोष करते हुए लिखा, कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जायेगा. आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके(जनता) सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है. पीएम मोदी ने लिखा कि सोनार बंगाल के सपने देखने वाला हर एक जवान, बूढ़ा और महिला आज बहुत पीड़ा में हैं. उनकी पीड़ा से आज मेरा हृदय भी व्यथित है. इसलिए मैंने मन की गहराइयों से एक संकल्प लिया है.

पश्चिम बंगाल को विकसित और समृद्ध बनाने का संकल्प लिया है. प्रधानमंत्री ने अपने 11 वर्षों के कार्यकाल को गिनाते हुए लिखा कि देशवासियों के आशीर्वाद को ताकत बनाकर हमने जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है. ममता सरकार पर हमलावर होते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार के असहयोग और विरोध के बावजूद पश्चिम बंगाल के लगभग 5 करोड़ लोग केंद्र सरकार की जन-धन योजना के माध्यम से बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े हैं. पीएम मोदी ने अपने पत्र में स्वच्छ भारत अभियान के तहत राज्य में 85 लाख शौचालयों का निर्माण, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को 2.82 लाख करोड़ रुपये का लोन मिलने, अटल पेंशन योजना के तहत 56 लाख वरिष्ठ नागरिकों को मदद किये जाने की बात कही. प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक परिवारों को रसोई गैस दिये जाने की बात याद दिलाई. कहा कि माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाकर वे धन्य महसूस कर रहे हैं. उन्होंने किसान सम्मान निधि के माध्यम से राज्य के 52 लाख से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता मिलने की भी बात कही. पीएम मोदी ने लिखा, पिछले छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसे बयान नहीं किया जा सकता. प्रधानमंत्री ने लिखा कि स्वामी विवेकानंद और ऋषि अरविंद ने जिस बंगाल के निर्माण का सपना देखा था, वह बंगाल आज वोट बैंक की राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकडा हुआ है.






## पुस्तकों से बाहर निकलकर धरातल पर सीखेंगे भूगोल के विद्यार्थी

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजस्थान हुए रवाना

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़।** रविवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजस्थान रवाना हुए।इस आयोजन में भौगोलिक सर्वेक्षण एवं प्रायोगिक अध्ययन के उद्देश्य से राजस्थान के प्रमुख नगरों–जैसलमेर, जोधपुर, और अजमेर और दिल्ली का भ्रमण करेंगे। यह सर्वेक्षण शैक्षणिक पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग है, जिसके माध्यम से छात्र कक्षा में पढ़े गए सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक भू-परिदृश्य से जोड़ सकेंगे।इस सर्वेक्षण के दौरान छात्र मानव गतिविधियों का पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव, संसाधन विकास, पर्यटन एवं परिवहन की भूमिका, शहरी समस्याएँ, स्थलाकृतियाँ (Landforms), जैव



विविधता, वनस्पति एवं जीव-जंतु, तथा भूमि उपयोग प्रतिरूप (Land Use Pattern) जैसे विषयों का गहन अध्ययन करेंगे। विशेष रूप से मरुस्थलीय पर्यावरण में मानव हस्तक्षेप से उत्पन्न परिवर्तनों का प्रत्यक्ष अवलोकन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।जैसलमेर में छात्र थार मरुस्थल की विशिष्ट भौगोलिक संरचनाओं, रेत के टीलों, सीमित जल संसाधनों तथा पर्यटन के बढ़ते प्रभावों का अध्ययन करेंगे। वहीं जोधपुर में शहरी विस्तार, परिवहन नेटवर्क, भूमि उपयोग परिवर्तन और ऐतिहासिक नगर संरचना से जुड़ी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अजमेर क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन, नगरीय दबाव, जल संसाधन प्रबंधन तथा स्थानीय पारिस्थितिकी पर मानव गतिविधियों के प्रभाव का विश्लेषण किया जाएगा।भूगोल विभाग के अनुसार यह सर्वेक्षण छात्रों में अनुसंधान क्षमता, मैदानी कार्य कौशल और पर्यावरणीय संवेदनशीलता को विकसित करेगा। विद्यार्थियों को प्रश्नावली, मानचित्रण, स्थल निरीक्षण और प्रतिवेदन लेखन जैसी तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त होगा।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने शैक्षणिक भ्रमण पर जा रहे हैं सभी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि यह यात्रा ज्ञानवर्धक और सुखद हो।इस शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं और कुशल मंगल की कामना किए।विभाग द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण में सभी शिक्षकगण के कुशल नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्रझ्छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।यह भौगोलिक सर्वेक्षण निश्चित रूप से छात्रों के लिए राजस्थान की विविध भौगोलिक विशेषताओं को नजदीक से समझने का एक सुनहरा अवसर सिद्ध होगा और उनके शैक्षणिक जीवन में एक यादगार अनुभव जोड़ेगा।

## हजारीबाग नगर निगम चुनाव शांतिपूर्वक हुआ संपन्न

**हजारीबाग** नगर निगम चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया` शाम 05 बजे तक अंतिम चरण में 49.93 % मतदान हुआ` 27 फरवरी को होगी मतगणना प्रत्याशियों केर भाग्य का खुलेगा पिटारा` आज हुए नगर निगम चुनाव 2026 की मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरांत विभिन्न मतदान केंद्रों से पोलिंग पार्टियां सुरक्षित रूप से लौटकर बाजार समिति परिसर स्थित रिसीविंग सेंटर पहुंच गया । मतदान सामग्री जमा करने की प्रक्रिया निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया । प्रशासन द्वारा सुचारु एवं व्यवस्थित प्राप्ति प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गई । वहीँ डीआईजी श्री अंजनी कुमार झा, उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन पहुंचे बज्रगृह एवं मत पेटिका प्राप्ति सेंटर, तैयारियों का लिया जायजा।वहीँ शांतिपूर्ण मतदान के लिए अधिकारियों ने हजारीबाग की जनता और मतदान कर्मियों की सराहना और धन्यवाद दिया ।

## नगरपालिका आम निर्वाचन सख्त सुरक्षा में शांतिपूर्ण मतदान जारी

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगर पालिका सह उपायुक्त ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण**



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत मतदान प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही है। सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। महिला, पुरुष, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज लगातार मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कैथा, बोंगावार तथा पैंकी क्षेत्र के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा प्रबंध, मतदान प्रक्रिया एवं मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कतार में लगे मतदाताओं से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उन्हें निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को निर्देश दिया कि वे निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करते हुए मतदान संपन्न कराएं। साथ ही, कंट्रोल रूम के माध्यम से पूरे जिले में मतदान प्रक्रिया की सतत निगरानी की जा रही है, जिससे किसी भी स्थिति पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सके।जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगर पालिका सह उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। खबर लिखे जाने तक नगरपालिका आम निर्वाचन में संध्या 5 बजे तक 65.63 प्रतिशत मतदान हुआ। वही कुछ बूथ पर मतदान जारी है।

## सात दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ शुरूआत कलश-यात्रा के साथ

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**कलश–यात्रा में विधायक रोशन लाल चौधरी हुए शामिल**

**पतरातू:** पतरातू प्रखंड अंतर्गत कटिया बस्ती के गरेवाटांड़ में भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सोमवार को भव्य कलश-यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। भक्ति और उत्साह के इस समागम में बड़कागाँव विधायक रोशन लाल चौधरी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। जहां उन्होंने कलश उठाए माता-बहनों और श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन कर धर्मलाभ उठाया। भक्तिमय माहौल में गूंजे जयकारे ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे की मधुर ध्वनि के साथ निकली इस भव्य कलश यात्रा से पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। पीले वस्त्र धारण किए



हजारों श्रद्धालुओं के समूह ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक रंग में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में शांति, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए आयोजन समिति और स्थानीय ग्रामीणों की सराहना की। सोमवार से शुरू हुआ यह महायज्ञ आगामी सात दिनों तक चलेगा। जिसमें विद्वान पंडितों द्वारा शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान संपन्न कराये जाएंगे। समिति ने सभी धर्म प्रेमियों को इस महायज्ञ में सादर आमंत्रित किया हैं। ताकि, श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन का साक्षी बनकर पुण्य के भागी बन सकें। वहीं श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा के यज्ञ निर्देशक दामोदर गिरी रजरप्पा, यज्ञाचार्य रामप्रवेश उपाध्याय, वरुणाशी प्रवचन कर्ता दीपुश अंजनी गोस्वामी प्रयागराज, कटिया मुखिया किशोर कु. महतो पंसस अनीता जैन, उप मुखिया नंदकिशोर महतो, वार्ड सदस्य रिता देवी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र महतो, सचिव मोहित महतो, कोषाध्यक्ष वकील महतो, उपाध्यक्ष अशोक महतो, उपसचिव धनराज महतो, उपकोषाध्यक्ष सुरेश महतो, उपकोषाध्यक्ष बसंत साव, धनराज महतो, कांति देवी, कैलाश चंद्र कुमार, प्रतिमा कुमारी, मोहित कुमार, अनु कुमारी और. प्रदीप महतो सहित सैकड़ों महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय अखंड कीर्तन को लेकर बैठक समिति का पुनर्गठन



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़/गोला।** पोहा बगीचा, पूरबडीह स्थित श्री श्री राधा कृष्ण हरि मंदिर परिसर में पंच दिवसीय अखंड कीर्तन आयोजन को लेकर अवकाश बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सूरज नाथ महतो ने की। सर्वसम्मति से मंदिर समिति का पुनर्गठन किया गया।
अध्यक्ष पद पर राधा विनोद प्रजापति को पुनः चुना गया, जबकि सचिव के रूप में सचिन राम रविदास को दायित्व सौंपा गया। उपाध्यक्ष पद पर नीलकमल सूर्यनारायण एवं संजीत महतो का चयन हुआ। मुख्य संरक्षक, कोषाध्यक्ष, उप कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न दायित्वों का वितरण कर आयोजन की रूपरेखा तय की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कीर्तन कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ संपन्न कराया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी सदस्यों ने सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया।

## आदिवासी समाज के अपनी संस्कृति और धार्मिक स्थलों को संरक्षण करना हमसबों का दायित्व--- सांसद सुखदेव भगत

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के पुतलो ग्राम में सरना स्थल घेराबंदी का शिलान्यास एक सादे समारोह में लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत के द्वारा संपन्न हुआ। मौके पर सांसद ने कहा कि सरना स्थल आदिवासी आस्था का केंद्र है।घेराबंदी से इसकी पहचान अक्षुण्ण बना रहेगी।झारखंड सरकार पूरे राज्य में सरना ,मसना घेराबंदी और धुमकुड़िया भवन का निर्माण करवा रही है जिससे आदिवासी समाज के अपनी संस्कृति और धार्मिक स्थलों को संरक्षण मिल रहा है।जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा हेतु हम सब को आगे आने की आवश्यकता है। सरना स्थल आदिवासियों के सामाजिक और धार्मिक मिलन का स्थल है।

## लोहरदगा नगर के सम्मानीय मतदाताओं का भरपूर प्यार तथा आशीर्वाद मेरे जीवन को सदैव संबल प्रदान करेगी: अनिल उरॉब



**लोहरदगा:** भाजपा समर्थित नगर परिषद के अध्यक्ष पद उम्मीदवार अनिल उरॉब ने कहा कि आज लोहरदगा नगर चुनाव उत्सव में नगर की जनता अपनी सहभागिता बढ़ चढ़कर निभाई, जिसका नतीजा यह हुआ कि पिछली सारी रिकार्ड तोड़ते हुए अप्रत्याशित मतदान हुआ। और मुझे यकीन है कि लोहरदगा नगर की जनता का भरपूर प्यार भी मुझे मिला है। आशा है आगामी 27 तारीख को पूरा लोहरदगा जिला केशरियामय हो जायेगा और आप सभी अपनी विजयी जुलूस में शामिल होंगे। आप सभी के प्यार ने हमारे जीवन को जो ऊर्जा दी है, वह मेरे जीवन का संबल बन सदैव हमारे साथ रहेगी और लोहरदगा नगर की विकास का लड़ाई लड़ने के लिये सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा और ऊर्जा का काम करेगा, यह मेरे जीवन को आगे ले जाने में सदैव सम्बल बनकर रहेगी, आप सभी का मिले भरपूर और हृदय से प्यार तथा आशीर्वाद को मैं अपने जीवनभर सदैव संभालकर रखूंगा। प्रत्याशी अनिल उराँव तथा विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष रितेश कुमार ने लोहरदगा नगर की सम्पूर्ण सरना सनातन भाई, बन्धु, माताएँ, बहनो एवं नगर वासियों को अपने अंतर्मन से धन्यवाद दिया। साथ ही साथ नगर की जनता को सादर नमन किया।

## हमने विकास,पारदर्शिता और बेहतर नगर व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मतदान किया : धीरज प्रसाद साहू

नगर निकाय चुनाव को लेकर जिले में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। युवा, महिलाएं और बुजुर्ग मतदाता उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।कहा कि उन्होंने अपना वोट विकास के मुद्दे पर दिया है। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव स्थानीय विकास से जुड़ा चुनाव है और इसमें जनता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। ह्लहमने विकास, पारदर्शिता और बेहतर नगर व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मतदान किया है। मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे भी विकास के मुद्दे पर सोच-समझकर अच्छे और योग्य उम्मीदवारों को चुनें, ताकि लोहरदगा का समग्र विकास हो सके,ह्व उन्होंने कहा। मतदान केंद्र पर आम मतदाताओं के बीच भी खासा उत्साह देखने को मिला। कई मतदाताओं ने कहा कि वे अपने शहर की सफाई व्यवस्था, सड़क, जल निकासी, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं में सुधार की उम्मीद के साथ मतदान कर रहे हैं। नगर निकाय चुनाव को लेकर पूरे शहर में लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिल रहा है। अब सभी की नजरें मतदान प्रतिशत और आने वाले परिणामों पर टिकी हैं, जो यह तय करेंगे कि आने वाले वर्षों में नगर परिषद की बागडोर किसके हाथों में होगी।

## रोटरी क्लब रामगढ़ सिटी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़।** रोटरी क्लब रामगढ़ सिटी द्वारा होली मिलन समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष आदर्श चौधरी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली रंगों, प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का पावन पर्व है ऐसे पारिवारिक आयोजन रोटरी परिवार के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत बनाते हैं। इस अवसर पर रोटरी रामगढ़ सिटी परिवार में नए सदस्य तरुण अग्रवाल एवं प्रियंका अग्रवाल का स्वागत किया गया, जिनके जुड़ने पर सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन विकास कुमार अग्रवाल एवं प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सचिव रोहित कुमार पंसारी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में



प्रमुख रूप से उमेश राजगढ़िया, अनिल गोयल, वरुण बागड़िया, रवि अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजू अग्रवाल, पंकज जैन, डॉ. राहुल बरेलिया, दीपक अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, मनोज मोदी, अजय अग्रवाल, हरीश चौधरी, भारत गोयल, सूरज अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, किशन बंसल, सुमन चौधरी, निधि चौधरी, अनीता राजगढ़िया, श्वेता बागड़िया, ज्योति गोयल, ज्योति अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, प्रियंका खंडेलवाल, स्वाति पंसारी, संतोष बंसल, आशा अग्रवाल, निशा मोदी, डॉ. नीति बरेलिया, श्वेता जैन, सहित अन्य सदस्य एवं उनके बच्चे उपस्थित रहे।

## चौपारण में दो दिवसीय पंचायत प्रशिक्षण संपन्न

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**चौपारण (हजारीबाग):** प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रखंड की 13 पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का संचालन पंचायती राज मास्टर ट्रेनर मारुति दास गुप्ता तथा रिसोर्स पर्सन रूबी देवी के नेतृत्व में किया गया।प्रशिक्षण के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर मारुति दास गुप्ता ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ पंचायत के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए पंचायत स्तर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ पूर्ण रूप से डिजिटल बनाया जा रहा है।दो दिवसीय सत्र में संविधान के मौलिक अधिकार,




पंचायत सुदृढ़ीकरण, पूर्ण डिजिटलीकरण, मॉडल पंचायत निर्माण, अति गरीब परिवारों की पहचान, सामूहिक चर्चा तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि अब प्रत्येक पंचायत सचिवालय में ह्यपंचायत सहायता केंद्रह्न की स्थापना की जाएगी। इसके माध्यम से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पंचायत सहायक एवं वीएलई पंचायत स्तर पर ही ऑनलाइन आवेदन, प्रमाण पत्र, पेंशन, आवास सहित अन्य योजनाओं से संबंधित कार्यों का निष्पादन करेंगे। साथ ही गांव-गांव जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान करेंगे।कार्यक्रम में मुखिया गंदौरी दांगी, देवंती देवी, पिंकी देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, पूजा कुमारी सहित विभिन्न पंचायतों के पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक समेत कई कर्मी उपस्थित रहे।प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने पंचायतों को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं सशक्त बनाने का संकल्प लिया, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से मिल सके

# चतरा में सियासी संग्राम,नगर परिषद अध्यक्ष पद के 22 प्रत्याशी मैदान में; दिग्गजों की साख दांव पर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**चतरा** नगर परिषद चुनाव 2026 को लेकर शहर का सियासी तापमान चरम पर है। अध्यक्ष पद के लिए 22 उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से मुकाबला बेहद रोचक हो गया है। हर गली, हर चौक और हर वार्ड में चुनावी चर्चा जोरों पर है, लेकिन मतदाता अब भी खुलकर किसी पक्ष में सामने नहीं आ रहे हैं। यही खामोशी प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ा रही है। राजनीतिक दलों ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा ने विद्यासागर आर्य को समर्थन दिया है, कांग्रेस ने बशीर निजामुद्दीन को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि झामुमो ने अभिषेक कुमार पर भरोसा जताया है। वहीं राजद ने अब तक औपचारिक रूप से किसी उम्मीदवार के पक्ष में समर्थन की घोषणा नहीं की है। हालांकि पूर्व विधायक सह पूर्व



मंत्री सत्यानंद भोक्ता की सक्रियता ने सियासी हलकों में चचाओं को हवा दे दी है। माना जा रहा है कि अंदरखाने किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में रणनीति बनाई जा चुकी है, लेकिन सार्वजनिक तौर पर तस्वीर साफ नहीं है। राजद से जुड़े पप्पू कुमार यादव, सुदेश कुमार, यमुना प्रसाद उर्फ मंदुर साव और दिनेश दांगी, रिंकू खान भी अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं। यही वजह है कि राजद खुलकर किसी एक चेहरे के साथ नहीं दिख रही, पर अंदर ही अंदर समीकरण साधने की कवायद जारी है।.भाजपा की ओर से चतरा सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान और सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास मैदान में उतर चुके हैं। तीनों नेता भाजपा समर्थित उम्मीदवार के पक्ष में लगातार जनसंपर्क, रोड शो और नुक्कड़ सभाएं कर रहे हैं।चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में रोड शो, बाइक रैली और डोर-टू-डोर अभियान तेज हो गया है। प्रत्याशी विकास, सफाई व्यवस्था, पेयजल, सड़क और नगर की बुनियादी सुविधाओं को मुख्य मुद्दा बना रहे हैं। हालांकि अंदरखाने जातीय समीकरण, व्यक्तिगत पकड़ और संगठनात्मक ताकत भी निर्णायक भूमिका निभा सकती है। 23 फरवरी को मतदान होना है, जबकि 27 फरवरी को मतगणना के साथ ही तस्वीर साफ होगी। अब सबकी निगाहें परिणाम पर टिकी हैं–क्या दिग्गजों की प्रतिष्ठा बच पाएगी या जनता कोई नया सियासी संदेश देगी? इसका जवाब 27 फरवरी को ही मिलेगा

## रामगढ़ नगर परिषद चुनाव शांतिपूर्ण मतदान संपन्न, बढ़ते आंकड़ों के साथ 68.11% मतदान; मांडू अव्वल



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रामगढ़।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए मतदान के अंतिम आंकड़े सामने आते ही तस्वीर और स्पष्ट हो गई है। शाम 5 बजे तक जहां मतदान प्रतिशत 65.63 रहा था, वहीं अंतिम गणना (एंड ऑफ पोल) के अनुसार कुल 97,698 मतदाताओं में से 66,542 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार ओवरऑल मतदान 68.11 प्रतिशत दर्ज किया गया। प्रखंडवार आंकड़ों में इस बार मांडू ने बाजी मारी। मांडू में 30,923 मतदाताओं में से 21,842 ने मतदान किया, जो 71.55 प्रतिशत रहा और यह सबसे अधिक है। दुलमी 71.09 प्रतिशत (2,191 वोट) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। ग्रामीण बहुल दुलमी क्षेत्र में सुबह से ही उत्साह देखने को मिला। रामगढ़ प्रखंड में 38,721 में से 26,327 मतदाताओं ने मतदान किया, जिससे यहां 67.04 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। पतरातू में 25,005 में से 16,182 मत पड़े और 62.55 प्रतिशत मतदान हुआ। नगर परिषद के 9 अध्यक्ष पद और 216 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों का भाग्य अब मतपेटियों में सुरक्षित है। बढ़े हुए मतदान प्रतिशत ने चुनावी मुकाबले को और रोचक बना दिया है। अब 27 को होने वाली मतगणना के बाद ही शहर की नई सरकार का चेहरा सामने आएगा।

## आजीविका वर्धन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**साहिबगंज** ।साहिबगंज वन प्रमंडल के तत्वावधान में मंडरो फॉसिल पार्क परिसर में स्थानीय समुदाय के आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में महुआ से खाद्य पदार्थ (लड्डू) निर्माण की विधि सिखाई गई, ताकि ग्रामीण महिलाएं वन उपज का मूल्य संवर्धन कर स्वरोजगार से जुड़ सकें और अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बना सकें।कार्यक्रम में आसपास के गांवों की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य प्रशिक्षक दुमका की श्रीमती अनीता ठाकुर ने महुआ लड्डू निर्माण की वैज्ञानिक पद्धति, स्वच्छता एवं गुणवत्ता मानकों, आकर्षक पैकेजिंग तथा बाजार में विपणन की रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महुआ केवल पारंपरिक उपयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पौष्टिक एवं बाजार योग्य उत्पाद तैयार कर अच्छी आय अर्जित की जा सकती है।इस अवसर पर झारखंड बन बचाओ समिति के निदेशक दशरथ ठाकुर एवं वन रक्षी फैलिसिटस हांसदा भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने तथा वन आधारित लघु वनोपज के सतत उपयोग के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रायोगिक अभ्यास कराया गया, जिससे वे स्वयं महुआ लड्डू तैयार कर सकें। विभाग द्वारा आश्वस्त किया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय समुदाय, विशेषकर महिलाओं, को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास जारी रहेंगे।

# झारखंड का 'दक्ष विश्वविद्यालय' निकला फर्जी, यूजीसी ने जारी की चेतावनी, जमीनी स्तर पर नहीं है कोई यूनिवर्सिटी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा देशभर के 32 विश्वविद्यालयों को फर्जी घोषित किए जाने के बाद झारखंड भी इस सूची में शामिल हो गया है. आयोग की ओर से जारी सूची में रांची स्थित कथित दक्ष विश्वविद्यालय (व्यावसायिक एवं जीवन कौशल शिक्षा) का नाम दर्ज है. वक्र्ष्ठ ने स्पष्ट कर दिया है कि इन फर्जी घोषित संस्थानों द्वारा जारी की जाने वाली डिग्रियां न तो सरकारी या निजी नौकरी के लिए मान्य होंगी और न ही उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए स्वीकार की जाएंगी. वक्र्ष्ठ के अनुसार, ये संस्थान विश्वविद्यालय के रूप में कार्य करने का दावा करते हैं, जबकि इन्हें न तो केंद्र सरकार से और न ही संबंधित राज्य सरकार से वैधानिक मान्यता प्राप्त है. आयोग ने छात्रों और अभिभावकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी विश्वविद्यालय या कॉलेज में दाखिला लेने से पहले उसकी मान्यता आधिकारिक वेबसाइट www.ugc.gov.in पर अवश्य जांच लें.

**जमीनी स्तर पर नहीं मिला कोई विश्वविद्यालय**

सूची में शामिल झारखंड के दक्ष विश्वविद्यालय का पता भास्कर पथ, न्यू पुनदाग, मसीबारी, रांची झ 834007 बताया गया है. जब इस पते पर स्थानीय स्तर पर पड़ताल की गई तो वहां ऐसा कोई विश्वविद्यालय संचालित होता नहीं मिला. आसपास के लोगों ने भी इस नाम के किसी शिक्षण संस्थान के अस्तित्व से इनकार किया. हालांकि ऑनलाइन सर्च करने पर विश्वविद्यालय के नाम से एक वेबसाइट दिखाई देती है, जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों और डिग्री कार्यक्रमों की जानकारी दी गई है. लेकिन वेबसाइट पर कोई स्पष्ट संपर्क नंबर, अधिकृत कार्यालय या प्रशासनिक व्यवस्था की ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है. इससे यह आशंका और गहराती है कि संस्थान केवल कागजों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तक सीमित है.

**ऐसे संस्थानों पर तत्काल हो सरकारी कार्रवाई - डॉ. अटल पांडे**

इस पूरे प्रकरण पर रांची विश्वविद्यालय के पूर्व सिंडिकेट सदस्य डॉ. अटल पांडे ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा दक्ष विश्वविद्यालय नाम का कोई मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय झारखंड में अस्तित्व में नहीं है. यदि कोई संस्था विश्वविद्यालय के नाम पर छात्रों को गुमराह कर रही है, तो उस पर तत्काल सरकारी कार्रवाई होनी चाहिए. डॉ. पांडे ने यह भी कहा कि उच्च शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह कोई अनियमितता बेहद गंभीर मामला है. सरकार को ऐसे संस्थानों की पहचान कर सख्त कदम उठाने चाहिए. झारखंड में यदि कोई विश्वविद्यालय केवल कागजों पर संचालित हो रहा है और उसे न राज्य सरकार की मान्यता प्राप्त है और न ही केंद्रीय स्तर की स्वीकृति, तो वह सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है. स्टेट यूनिवर्सिटी एसोसिएशन के पदाधिकारी डॉ राजकुमार ने कहा कि फर्जी विश्वविद्यालय अक्सर छात्रों को आकर्षक विज्ञापनों, त्वरित डिग्री, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और कम शुल्क के लालच में फंसाते हैं. कई बार छात्र या अभिभावक बिना मान्यता की जांच किए दाखिला ले लेते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें भविष्य में भुगतना पड़ता है. नौकरी या उच्च शिक्षा के दौरान जब डिग्री की वैधता पर सवाल उठता है, तब पूरा करियर दांव पर लग जाता है.

# रांची के बुढ़मू में करंट से बच्चे की मौत, दतवन तोड़ते समय 11000 वोल्ट तार की चपेट में आया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में रांची जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र में करंट लगने से एक 14 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई. यह हादसा नाऊज गांव में ठाकुरगांव-बुढ़मू मुख्य मार्ग पर बिदूं बसाईर के सामने हुआ. मृतक की पहचान सिकंदर लोहरा के पुत्र सोनू लोहरा के रूप में हुई है. घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई.

**करंज के पेड़ पर चढ़ा था सोनू**

मिली जानकारी के अनुसार, सोनू लोहरा दतवन तोड़ने के लिए करंज के पेड़ पर चढ़ा था. इसी दौरान वह पेड़ से सटे 11 हजार वोल्ट का बिजली का तार उसकी चपेट में आ गया. तेज करंट लगते ही वह पेड़ पर ही अचेत हो गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. हादसे के दौरान बिजली का तार टूट गया, जिससे पेड़ के नीचे आग भी लग गई. आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बिजली विभाग को सूचना दी और आपूर्ति बंद करवाई.

**बिजली विभाग और पुलिस मौके पर पहुंची**

सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और हालात का जायजा लिया. वहीं, पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य मार्ग के किनारे इस तरह खुले में 11 हजार वोल्ट का तार रहना बेहद खतरनाक है और पहले भी इसकी शिकायत की गई थी. घटना की सूचना मिलते ही सोनू की मां घटनास्थल पर पहुंचीं. पेड़ पर अपने बेटे का शव देख वे बदहवास होकर गिर पड़ीं. आसपास के लोगों ने पानी का छिड़काव कर उन्हें होश में लाया. परिवार और ग्रामीणों का रो-रोकर बुरा हाल है. घटना की जानकारी मिलते ही अंचल अधिकारी सच्चिदानंद वर्मा मौके पर पहुंचे. उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया.

# रांची निकाय चुनाव : पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद तैयारी ने पेश की मिसाल

झारखंड जागरण संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची में नगर निकाय चुनाव शाम पांच बजे समाप्त हो गया. इस निकाय चुनाव की तैयारी पुलिस प्रशासन ने काफी अच्छे तरीके से की थी. सभी बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया था. मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया था. इस नगर निकाय चुनाव में सभी वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. रांची जिला प्रशासन की यह तैयारी भविष्य के चुनावों के लिए एक मिशाल पेश की है. बुजूर्ग महिलाओं और पुरूष भी इस चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया.

**बुजूर्ग महिलाओं और पुरुषों का रखा जा रहा था विशेष ख्याल**

नगर निकाय चुनाव में बुजूर्ग महिलाओं और पुरुषों का विशेष ध्यान रखा गया था. हर बूथ पर पुलिस की मौजूगी थी और लोगों की मदद कर रहे थे. पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी बूथों पर लगातार गश्त कर रहे थे. जिला प्रशासन की टीम सभी मतदाताओं के पहचान पत्र की जांच करने के बाद ही मतदान करने दे रही थी. वहीं उंगली पर लगे निशान की भी जांच की जा रही थी ताकि गलत वोट न डाल सकें. जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री और सिटी एसपी पारस राणा के नेतृत्व में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए महीनों पहले से ही रणनीति तैयार की थी. मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए न केवल मतगणना केंद्रों पर, बल्कि संवेदनशील बूथों पर भी सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी रखी गई. सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस बल ने चुनाव से पूर्व शहर के विभिन्न हिस्सों में फ्लैग मार्च कर मतदाताओं में विश्वास जगाया. नगर निकाय चुनाव में चार हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई थी. हर बूथ पर चार से पांच जवान की तैनाती थी, ताकि लोग निर्भीक होकर मतदान केन्द्र पर पहुंचे और अपना मत का प्रयोग कर सके. रांची एसएसपी, सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी समेत कई अधिकारी लगातार बूथों का जायजा ले रहे थे और लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील कर रहे थे. वहीं 27 फरवरी को मतगणना होगी. मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी.

# शहर की सरकार बनाने के लिए उत्साहित दिखे मतदाता, दिव्यांग मतदाताओं ने भी उत्साह के साथ किया वोट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी सहित झारखंड के 48 नगर निकाय क्षेत्र में सोमवार को मेयर, अध्यक्ष और वार्ड पार्षद के चुनाव के लिए वोट डाले जा रहे हैं. राज्य निर्वाचन आयोग और जिला प्रशासन की ओर से मतदाताओं को वोट करने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए कई व्यवस्थाएं की गई है. इसके बावजूद सबसे ज्यादा दिक्कत उन मतदाताओं को हो रही है, जिनका मतदान केंद्र पिछले झारखंड विधानसभा चुनाव के समय के मतदान केंद्र से बदल गया है. वैसे मतदाता को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है. रांची नगर निगम से अच्छी खबर यह है कि पिछले निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत से भी कम मतदान वाले रांची शहर के कई मतदान केंद्रों के बाहर महिला-पुरुष मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं. जो लोकतंत्र के लिए शुभ संदेश है. इसको लेकर ईटीवी भारत संवाददाता उपेंद्र कुमार ने रांची नगर निगम के वार्ड संख्या 35 के मतदान केंद्र 9, 10 और 11 का जायजा लिया. इलाके में वोटरों की लंबी कतारें दिखीं. अपने-अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं. वहीं इलाही नगर के दिव्यांग मो अफरोज भी ट्राईसाइकिल से मतदान केंद्र पहुंचे. जहां सहिया दीदी की मदद से उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इस दौरान उन्होंने ईटीवी भारत से कहा कि गरीब का वोट सब लेता है, लेकिन उनका काम कोई नहीं करता है. दिव्यांग होने के बावजूद न उनका राशन कार्ड बना है और न ही दिव्यांगता पेंशन मिलता है. बावजूद वह वोट देने आए हैं. ताकि लोकतंत्र मजबूत हो. उनकी सहायता कर रही सहिया दीदी निखत ने कहा कि सरकार को और जनप्रतिनिधियों को जरूरतमंदों की समस्याओं को दूर करने के प्रति जागरूक रहना चाहिए.

# रांची के एसएसपी, हटिया डीएसपी और डोरंडा थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग, कोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप, अधिवक्ताओं ने दी चेतावनी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के एडवोकेट एसोसिएशन ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर रांची के एसएसपी राकेश रंजन, हटिया के डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा और डोरंडा थाना की अफसर-इंचार्ज दीपिका प्रसाद के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है. एसोसिएशन का आरोप है कि इन अधिकारियों ने न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद वाहन रिलीज करने से इनकार कर न्यायिक आदेश की अवहेलना की. पत्र में एसोसिएशन ने बताया कि 17 फरवरी 2026 को अधिवक्ता मनोज टंडन अपने कार्यालय से झारखंड हाई कोर्ट जा रहे थे, तभी राजेंद्र चौक के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार मवाज खान द्वारा लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी कार को छू दिया गया. आरोप है कि इसके बाद इलाके में मौजूद कुछ लोगों ने घेराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की और पूरी घटना को सोशल मीडिया रील बनाने के उद्देश्य से उकसाया गया. एसोसिएशन के अनुसार, मामले में डोरंडा थाना कांड संख्या 51/2026 और 52/2026 दर्ज की गई, जिसे चुनौती देते हुए अधिवक्ता ने हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की. इस पर 19 फरवरी 2026 को हाई कोर्ट ने दोनों एफआईआर पर रोक लगा दी. साथ ही वाहन रिलीज के लिए सक्षम न्यायालय में आवेदन करने का निर्देश दिया गया. इसके बाद 21 फरवरी 2026 को न्यायिक दंडाधिकारी, रांची ने इठरर की धारा 497 के तहत वाहन रिलीज का आदेश पारित किया.

**कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं सौंपा जा रहा वाहन**

आरोप है कि न्यायालय से रिलीज ऑर्डर मिलने के बावजूद डोरंडा थाना प्रभारी ने वाहन सौंपने से साफ इनकार कर दिया. इसकी जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और डीएसपी को दिए जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई. एडवोकेट एसोसिएशन ने इसे जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से न्यायिक आदेश की अवहेलना करार दिया है. पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि राजेंद्र चौक संवेदनशील इलाका रहा है, जहां पूर्व में डीएसपी यूसी झा की भीड़ द्वारा हत्या की घटना हो चुकी है. ऐसे में पुलिस अधिकारियों का रवैया कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बताया गया है. एडवोकेट एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल प्रभाव से संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई कर वाहन रिलीज नहीं किया गया, तो राज्यभर के अधिवक्ता लोकतांत्रिक और कानूनी तरीकों से आंदोलन करने को मजबूर होंगे. साथ ही मामले को पुनः हाई कोर्ट के संज्ञान में लाया जाएगा.

# मतदाता सूची में नाम नहीं मिलने से लोग परेशान, व्हीलचेयर पर वोट देने पहुंचे बुजुर्ग व दिव्यांग



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** रांची के वार्ड 30 स्थित श्रद्धानंद सेवाश्रम मध्य विद्यालय के बूथ पर एक महिला वोटर लिस्ट पर नाम नहीं होने के कारण परेशान नजर आई. महिला इस कमरे से उस कमरे के चक्कर लगाती रहीं, लेकिन समाधान नहीं मिला. महिला ने लगातार डॉट इन की संवाददाता से बताया कि वह सभी जरूरी काम छोड़कर मतदान के लिए यहां पहुंची थीं. लेकिन लिस्ट में उनका नाम नहीं है. जबकि उनके पूरे परिवार का नाम लिस्ट में मौजूद हैं. वहीं, इस बूथ पर एक बुजुर्ग मतदाता व्हीलचेयर पर मतदान करने पहुंचे. उन्होंने बताया कि सरकार अपनी है और वे अपने नगर के विकास के लिए वोट देने आए हैं. इसके अलावा एक दिव्यांग महिला भी व्हील चेयर पर मतदान करने पहुंची. मतदान केंद्र पर मतदाताओं के उत्साह और नगर की सरकार के गठन को लेकर सजगता साफ देखने को मिल रही है. लोग परिणाम की चिंता किए बिना अपने अधिकार का सम्मान कर रहे हैं, जो लोकतंत्र के इस उत्सव को और भी खास बनाते हैं.

# निगम चुनाव : वार्ड 50 व 51 के बूथों पर बुजुर्ग मतदाताओं में दिखा जोश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** मतदान केंद्र में प्रवेश से पहले ही गेट के पास लोगों की भीड़ लगी है. लेकिन दोपहर 2:00 बजे के बाद इन मतदान केंद्रों के भीतर जाने पर मतदाताओं की भीड़ कम थी. दोपहर के दो बज चुके हैं. ऐसे में झुंड में कुछ लोग थोड़े-थोड़े समय बाद अपने मताधिकार का प्रयोग करने अपने-अपने मतदाता केंद्र में आ रहे हैं. डॉन बॉस्को स्कूल हेसाग मतदान केंद्र में 6 बूथ बने हैं. सुबह से ही यहां महिलाएं एवं पुरुष वोट देने पहुंचे थे. लेकिन 6 में से 2 ही बूथ में ही थोड़ी देर के लिए मतदाताओं की लाइन लगी थी, बाकी बूथ में कम संख्या में वोटर थे. इस मतदान केंद्र में सुबह 7:00 बजे सबसे पहले वोट करने वाली वार्ड 51 के विकास नगर रोड नंबर वन निवासी प्रिया कौशिक को पीठासीन पदाधिकारी द्वारा सम्मानित जागरूक मतदाता प्रमाण पत्र दिया गया. बूथ पर चलने फिरने में असमर्थ महिला विकास नगर निवासी 50 वर्षीय जया व्हीलचेयर पर बैठकर मतदान करने पहुंची थी. वहीं, वास्को नगर निवासी 90 वर्षीय सची दुलार चक्रवर्ती एवं 80 वर्षीय एनिमा चक्रवर्ती ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया. उन्होंने कहा कि वोट ही विकास का रास्ता है. राजकीयकृत मध्य विद्यालय कल्याणपुर स्कूल में भी दोपहर बाद लोग झुंड बनाकर आ रहे थे. यहां पांच बूथ बनाए गए थे लेकिन पूरे दिन किसी भी बूथ में लंबी लाइन नहीं थी. यहां बूथ पर वोट डालने आए कल्याणपुर निवासी गिन्नी लाल विश्वकर्मा एवं अविनाश कुमार झा ने कहा कि यहां जो भी वार्ड पार्षद और मेयर बने रांची और हटिया के विकास को प्रमुखता दें. वार्ड पार्षद और मेयर लोगों के विश्वास पर खड़े उतरे. 80 वर्षीय दशमी कुजूर ने कहा की रांची एवं हटिया का समुचित विकास हो इसलिए वे वोट देने आई है. लटमा रोड स्थित उसुर्लाइन स्कूल मतदान केंद्र में तीन बूथ बने थे, दोपहर 12:00 बजे तक यहां मतदाताओं की भीड़ थी लेकिन दोपहर 2:00 बजे इक्के-दुक्के वोटर ही मतदान करने पहुंच रहे थे. तीनों मतदान केंद्र में ब्लॉक लेवल अधिकारी मतदाताओं को उनके बूथ के लिए गाइड कर रहे थे. जो लोग वोट दे चुके थे वह अपने मित्रों से बूथों के हालात बयां कर रहे थे. हंसी मजाक के माहौल में लोग एक दूसरे को अपने-अपने अनुभव बता रहे थे. तीनों मतदान केंद्र में पुलिस बल के पुख्ता इंतजाम है, वोटर के आई कार्ड देखकर ही वोटरों को बूथ में जाने दिया जा रहा है. लोगों में उत्साह का माहौल देखते बन रहा था, बुजुर्ग से लेकर युवा लाइन में घंटे खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे. मतदान केंद्र में पेयजल की अच्छी व्यवस्था है बूथ में बिजली की भी व्यवस्था है, मतदाताओं के बैठने के लिए बेंच भी रखे हुए हैं.

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के कार्यक्रम का मिला निमंत्रण



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, बारीडीह जमशेदपुर के प्रभारी डीन डॉ० हरीश चंद्र बंधु ने शिष्टाचार मुलाकात की. इस अवसर पर डॉ. बंधु ने मुख्यमंत्री को आगामी 26 फरवरी 2026 को बारीडीह, जमशेदपुर स्थित कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने हेतु सादर आमंत्रित किया. विदित हो कि 26 फरवरी 2026 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जमशेदपुर दौरा प्रस्तावित है. इसी क्रम में राष्ट्रपति का मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज आगमन कार्यक्रम भी निर्धारित है. मुलाकात के दौरान कॉलेज की जनसंपर्क पदाधिकारी प्रियंका सिंघल एवं लीगल हेड जय प्रकाश भी उपस्थित रहे.

# आज पेश होगा झारखंड का बजट, 2025-26 की नींव पर असरदार होगा 2026-27 का बजट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर 24 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट विधानसभा में पेश करने जा रहे हैं. बजट से पहले राजनीतिक गलियारों से लेकर आम जनता तक की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार किन क्षेत्रों को प्राथमिकता देगी और क्या यह बजट रोजगार, विकास और सामाजिक न्याय की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा. वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट कई मायनों में अहम माना जा रहा है. जानकारों का मानना है कि इस बार सरकार रोजगार सृजन, शहरी विकास और औद्योगिक निवेश पर पहले से ज्यादा फोकस कर सकती है. इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को और मजबूत करने की संभावना जताई जा रही है. महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं का दायरा बढ़ सकता है, वहीं युवाओं के लिए नई रोजगार योजनाएं और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने वाले प्रावधान बजट में शामिल हो सकते हैं. आदिवासी बहुल इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य और कनेक्टिविटी से जुड़ी परियोजनाओं के लिए विशेष व्यवस्था की भी उम्मीद की जा रही है.

**बजट का संभावित आकार**

आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, 2026-27 का बजट 1.55 लाख करोड़ से 1.60 लाख करोड़ के बीच हो सकता है. अगर ऐसा होता है, तो यह पिछले बजट की तुलना में करीब 7 से 10 प्रतिशत की वृद्धि होगी. यह बढ़ोतरी राज्य की आर्थिक गतिविधियों को गति देने और नई योजनाओं के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराने में मददगार साबित हो सकती है.

**2025-26 के बजट में विकास और कल्याण का था संतुलन**

**सरकार की संभावित प्राथमिकताएं**

- रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना
- शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार
- महिला और आदिवासी सशक्तिकरण
- शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास
- निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देना

वित्तीय वर्ष 2025-26 में झारखंड सरकार ने करीब 1.45 लाख करोड़ का बजट पेश किया था. इसे अबुआ बजट नाम दिया गया था. इसमें सामाजिक कल्याण के साथ-साथ बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष जोर दिया गया था. सरकार का फोकस स्पष्ट रूप से उन वर्गों पर था, जो लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से पीछे रहे हैं. इस बजट में महिलाओं, आदिवासियों, दलितों और ग्रामीण आबादी के लिए कई योजनाओं को प्राथमिकता दी गई. शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने, छात्रवृत्ति योजनाओं के विस्तार और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की घोषणाएं की गईं. वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सशक्त करने और गरीबों को सस्ती एवं मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया.

**मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर था विशेष जोर**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए विशेष प्रावधान करते हुए करीब 13,363 करोड़ का बजटीय उपबंध किया गया था. इसका उद्देश्य राज्य की महिलाओं का आर्थिक सहायता देना और सशक्त बनाना था. इस योजना का लाभ 18 साल से 50 वर्ष आयु की महिलाओं को दिया जा रहा है.

# मुंडारी खुंटकाटी स्वशासन व्यवस्था व सीएनटी एक्ट पर कार्यशाला सह पारिवारिक मिलन संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बुंडू।** झारखंड मुंडा समाज की ओर से मुंडारी खुंटकाटी स्वशासन व्यवस्था एवं सीएनटी एक्ट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला सह पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन ताऊ मैदान, बुंडू में किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समाज को परंपरागत स्वशासन व्यवस्था, भूमि अधिकार एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना तथा सामाजिक एकजुटता को मजबूत करना था।

कार्यशाला में झारखंड के विभिन्न जिलों से मुंडा समाज के बुद्धिजीवी, शिक्षाविद युवा, महिला-पुरुष, बुजुर्ग, किसान, मजदूर, कलाकार तथा सांस्कृतिक व धार्मिक अगुवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि मुंडारी खुंटकाटी व्यवस्था आदिवासी समाज की पारंपरिक स्वशासन प्रणाली है, जिसे समझना और संरक्षित करना समय की आवश्यकता है।कार्यक्रम का समापन सामूहिक चर्चा, सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं पारिवारिक मिलन के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल करने में अघणु सिंह मुंडा का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता देवी, हीरा मुंडा, आदित्य नाग, उषा मुंडा, हेमलता मुंडा, सुनीता मुंडा सहित समाज के सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

# समाहरणालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन-2026 के तहत सोमवार को संपन्न हुए मतदान के संबंध में निवार्ची पदाधिकारी (अध्यक्ष), नगर परिषद साहिबगंज-सह-अपर समाहर्ता साहिबगंज गौतम कुमार भगत द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने जानकारी दी कि साहिबगंज नगर परिषद, राजमहल नगर पंचायत एवं बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशासन द्वारा की गई व्यापक एवं सुदृढ़ व्यवस्थाओं के कारण मतदान प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हुई तथा कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

**अपराह्न 05:00 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार–**

साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र में कुल मतदान प्रतिशत - 57.58%
राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र में कुल मतदान प्रतिशत - 67.85%
बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र में कुल मतदान प्रतिशत - 73.58%

मतदान सामग्री की प्राप्ति हेतु राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, साहिबगंज में संयुक्त रिसीविंग सेंटर स्थापित किया गया, जहाँ तीनों नगर निकायों के लिए पृथक-पृथक टेबल की व्यवस्था की गई थी। साथ ही, सुरक्षित स्ट्रॉन्ग रूम (बज्रगृह) की समुचित व्यवस्था की गई है, जहाँ निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप मतदान सामग्री संरक्षित रखी जाएगी। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज साहिबगंज में मतदान सामग्री प्राप्ति के लिए साहिबगंज नगर परिषद क्षेत्र के लिए कुल आठ टेबल, राजमहल नगर पंचायत के लिए कुल चार टेबल एवं बरहरवा नगर पंचायत के लिए कुल चार टेबल बनाए गए हैं। मतदान सामग्री सुरक्षित रखने के लिए नगर परिषद क्षेत्र के लिए कुल दो , राजमहल नगर पंचायत के लिए कुल एक एवं बरहरवा नगर पंचायत के लिए कुल एक बज्रगृह बनाए गए हैं।श्री भगत ने बताया कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, सेक्टर पदाधिकारियों, मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक परंपराओं को सुदृढ़ करने में सभी की सहभागिता सराहनीय रही है।जिला प्रशासन द्वारा मतगणना की तैयारियाँ भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी तथा परिणाम की घोषणा विधिवत एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित की जाएगी।

# सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट में द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब ने 162 रनों से जीता मैच

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत सोमवार को माही स्पोर्ट्स येलो बनाम द्रोणाचार्य के बीच मैच खेला गया। द्रोणाचार्य ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाए। आशीष रंजन ने 24, रवि कुमार ने नाबाद 101, आदित्य ज्ञान ने 58 व मिस्टर एनर्जी ने 47 रन की पारी खेली। माही येलो के गेंदबाज सागर सुमन, प्रिंकेश कुमार, वमीक व विष्णु कुमार ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही येलो 18.1 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 89 रन बना सकी। अनाउल्लाह अंसारी ने 32 व रवि पासवान ने 18 रन की पारी खेली। द्रोणाचार्य के गेंदबाज मोहम्मद राशिद ने 3 विकेट, रवि व अनिकेत ने 2-2 विकेट लिए। द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब में 162 रनों से जीत हासिल की। द्रोणाचार्य




के खिलाड़ी रवि कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि जेएससीए सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा ने
रवि को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व श्याम रंजन तिवारी ने किया। जबकि स्कोरिंग तारिक अनवर ने किया। मौके पर सुरेश साह सहित अन्य थे। टूनार्मेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि मंगलवार को 25 फरवरी को राजमहल ए बनाम यंग स्टार क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

# राजमहल विधायक ने डाला वोट



**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ.एमपी राजा ने सोमवार को नगर निकाय चुनाव के तहत प्लस टू जेके उच्च विद्यालय के वार्ड संख्या 5 परिसर में बने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।मतदान के बाद विधायक ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का एक अनिवार्य और सशक्त अंग है। यह केवल अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व भी है। उन्होंने नगर वासियों से अपील की कि वे स्वेच्छा, निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ मतदान करें और ऐसे जनप्रतिनिधियों का चयन करें जो क्षेत्र के समग्र विकास के प्रति संवेदनशील और प्रतिबद्ध हों।विधायक की मौजूदगी ने मतदान केंद्र पर उत्साह का माहौल पैदा किया और यह संदेश दिया कि लोकतंत्र में हर वोट की अहमियत है।

# नगर निकाय चुनाव : चाकुलिया में सबसे अधिक 72.9 प्रतिशत मतदान




**पूर्वी सिंहभूम।** जिले में नगरपालिका चुनाव 2026 के तहत मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद और चाकुलिया नगर पंचायत में मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। शाम 05 बजे तक जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार चाकुलिया नगर पंचायत में सर्वाधिक 72.9 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि जुगसलाई नगर परिषद में 59.6 प्रतिशत और मानगो नगर निगम क्षेत्र में 50.7 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह से ही कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। खासकर चाकुलिया क्षेत्र में महिलाओं और पहली बार वोट देने वाले युवाओं में विशेष उत्साह नजर आया। जुगसलाई में भी दोपहर बाद मतदान प्रतिशत में तेजी आई। वहीं मानगो नगर निगम क्षेत्र में शहरी व्यस्तता और कामकाजी मतदाताओं की दिनचर्या के कारण अपेक्षाकृत कम मतदान दर्ज किया गया, हालांकि प्रशासन को उम्मीद है कि अंतिम आंकड़ों में प्रतिशत में आंशिक वृद्धि हो सकती है। जिला प्रशासन की ओर से सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती के साथ-साथ संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मतदान प्रक्रिया को सुचारु और पारदर्शी बनाने के लिए वेबकास्टिंग और माइक्रो ऑब्जर्वर की भी व्यवस्था की गई थी। कहीं से भी किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। नगर निकाय चुनाव के तहत विभिन्न वार्डों में पार्षद पद के साथ-साथ अध्यक्ष और महापौर पद के लिए भी मतदान कराया गया। चुनाव परिणामों को लेकर प्रत्याशियों और समर्थकों में उत्सुकता बनी हुई है। मतगणना निर्धारित तिथि को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराई जाएगी। इस चुनाव को स्थानीय विकास, जल निकासी, सड़क, सफाई व्यवस्था और शहरी सुविधाओं के मुद्दों से जोड़कर देखा जा रहा है

# पहली बार वोट डालने पहुंचीं कृतिका और राधा , उत्साह के साथ किया मताधिकार का प्रयोग



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** जिले के केंद्रीय विद्यालय हरिपुर के बूथ संख्या 11 और 12 पर दो छात्राएं ने पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।जानकारी के अनुसार कृतिका कुमारी और राधा कुमारी ने पहली बार वोट देने को लेकर दोनों में खासा उत्साह देखा गया।दोनों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेते हुए अपना पहला वोट डाला। मतदान केंद्र पर मौजूद अधिकारियों ने भी पहली बार वोट देने पहुंचीं इन युवा मतदाताओं का स्वागत किया और उन्हें जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया।कृतिका कुमारी ने बताया कि पहली बार वोट देकर उन्हें काफी खुशी महसूस हो रही है। उन्होंने अन्य युवाओं से भी अपील की कि वे लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का जरूर प्रयोग करें।मतदान केंद्र पर शांतिपूर्ण माहौल में वोटिंग जारी रही और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

# डीसी व एसपी ने नगर निकाय क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त (डीसी) हेमंत सती तथा पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित कुमार सिंह ने नगर निकाय क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर निर्वाचन व्यवस्था का जायजा लिया। नगर में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहो इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी डीसी हेमंत सती व एसपी अमित कुमार सिंह विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया तथा अधिकारियों व मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पीठासीन पदाधिकारी व मतदान दलों को निर्देश दिया




कि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो उन्होंने दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने, मतदान केंद्रों के 100 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा का सख्ती से पालन कराने तथा विधि-व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखने को कहा, ताकि भयमुक्त वातावरण में मतदान सुनिश्चित हो सके।वहीं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने सुरक्षा बलों को मतदान केंद्रों के आसपास कड़ी निगरानी रखने, अवैध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई करने तथा असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया।

# रोटरी क्लब ऑफ रांची का नि:शुल्क इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ प्रत्यारोपण शिविर 24 फरवरी को



**रांची।** दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ी पहल करते हुए रोटरी क्लब ऑफ रांची की ओर से 24 फरवरी को रोटरी भवन, रांची में निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे। शिविर में लगभग 62 दिव्यांगजनों को अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ निःशुल्क लगाए जाएंगे। क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि इस संबंध में राज्यपाल संतोष गंगवार से भी मुलाकात कर उन्हें शिविर में शामिल होने का आग्रह किया गया है। राज्यपाल से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष के अलावा जशदीप सिंह, गिरीश अग्रवाल और प्रवीण राजगढ़िया शामिल थे। असिस्टेंट गवर्नर रोटरी इमेज प्रवीण राजगढ़िया ने बताया कि शिविर का उद्देश्य उन लोगों को आधुनिक तकनीक की सहायता से नया जीवन देना है, जिन्होंने दुर्घटना, बीमारी या अन्य कारणों से अपना हाथ खो दिया है। इस शिविर में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ से जरूरतमंद लोग भाग लेंगे। लाभार्थियों को न केवल शारीरिक सहारा मिलेगा, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और वे सामान्य जीवन जीने में सक्षम बन सकेंगे। शिविर के लिए इनाली फाउंडेशन की विशेषज्ञ टीम पुणे से रांची पहुंच चुकी है। विशेषज्ञ टीम लाभार्थियों की विस्तृत जांच, माप, परीक्षण और फिटिंग की प्रक्रिया आधुनिक उपकरणों की सहायता से पूरी करेगी। प्रत्येक लाभार्थी की शारीरिक स्थिति के अनुरूप कृत्रिम हाथ तैयार कर लगाया जाएगा, ताकि उन्हें अधिकतम सुविधा और कार्यक्षमता मिल सके। ये इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ आधुनिक सेंसर और मांसपेशीय संकेतों से संचालित तकनीक पर आधारित होते हैं, जिनकी सहायता से उपयोगकर्ता वस्तुओं को पकड़ना, उठाना और दैनिक कार्य आसानी से कर सकते हैं।

# रिसिविंग सेंटर सह वज्रगृह का डीसी ने किया निरीक्षण



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बोकारो।** नगरपालिका चुनाव की गिनती की तैयारियों को लेकर सोमवार को चास स्थित बाजार समिति परिसर में बनाए गए रिसिविंग सेंटर सह वज्रगृह का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अजय नाथ झा, डीडीसी शताब्दी मजूमदार और अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों-कर्मियों को जरूरी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतपेटियों (बैलेट बॉक्स) की रिसिविंग प्रक्रिया की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीठासीन पदाधिकारियों की ओर से जमा किए जाने वाले सभी प्रपत्र और इनवेलप निर्धारित सुरक्षित बक्सों में सही तरीके से रखे जाएं, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या अव्यवस्था न हो। अधिकारियों ने कहा कि बैलेट बॉक्स को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाए, स्टैच्यूटरी बॉक्स को निर्धारित सुरक्षित बक्से में और नॉन-स्टैच्यूटरी सामग्री को अलग निर्धारित स्थान पर रखा जाए। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया। डीसी ने कहा कि मतदान संपन्न होने के बाद पीठासीन पदाधिकारी और मतदान कर्मी पूरे दिन की ड्यूटी के बाद थके हुए पहुंचेंगे। ऐसे में रिसिविंग सेंटर पर उनके साथ शालीन और सहयोगात्मक व्यवहार किया जाए। उन्होंने चाय-पानी की समुचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। रिसिविंग कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आज की प्रक्रिया सुव्यवस्थित रहेगी तो मतगणना के दिन कार्य अधिक सरल होगा। सभी कर्मियों को धैर्य और जिम्मेदारी के साथ निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों को भी निर्देश दिया गया कि वे रिसिविंग प्रक्रिया में तैनात कर्मियों और पीठासीन पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग सुनिश्चित करें।

# महिला व युवा मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व पर बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** नगर निकाय आम निर्वाचन-2026 के तहत साहिबगंज शहर में कई मतदान केंद्र में सोमवार को सुबह 7 बजे से ही मतदाताओं कि लंबी कतार लगना शुरू हो गई खासकर महिलाओं में काफी उत्साह देखी गई नगर का सरकार चुनने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा ले ली लोग अपनी बारी का इंतजार करते रहे वहीं युवाओं में भी खास उत्साह देखा गया कई युवाओं ने बताया कि बारिश के समय जो जल जमाव हो जाता है, गली गली में रोड नल नहीं है.जो वादा किए हैं की काम करवाएंगे उसको लेकर अच्छे प्रत्याशी को मतदान करेंगे.वही कई महिलाओं ने बताई की वार्ड नंबर 22 में पानी की काफी समस्या है. गंदगी सफाई नहीं होती है हम लोग चाहते हैं कि अच्छे नगर के सरकार को चुनाव करेंगे. इस मुद्दे को लेकर वोटिंग करने को लेकर आए हैं

हालांकि नगर परिषद के दर्जनों मतदान केंद्रों में सुबह से ही मतदान करने के लिए महिला व पुरुष मतदाता कतार में खड़े दिखाई दिए.महिला व युवा मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# नगर निकाय चुनाव के परिणाम भाजपा के लिए सीख, झामुमो के लिए उपलब्धि होंगे: सुप्रियो भट्टाचार्य




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य की जनता ने नगर निकाय चुनाव में स्पष्ट संकेत दिया है। मतदाताओं ने सरकार की कार्य योजनाओं पर विश्वास जताया है और आने वाले नगर निगम चुनाव परिणाम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए बड़ी सीख साबित होंगे, जबकि झामुमो के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को मोर्चा के प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शहरी निकाय चुनाव में सुबह सात बजे से ही मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला और देर शाम तक लोग मतदान के लिए कतार में खड़े रहे। उन्होंने अनुमान जताया कि इस बार मतदान प्रतिशत पिछले चुनाव के 49 प्रतिशत से अधिक रहने की संभावना है तथा अंतिम घंटे में मतदान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने चुनाव के शांतिपूर्ण संचालन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों, पुलिस कर्मियों और अन्य संबंधित अधिकारियों को धन्यवाद दिया। साथ ही स्वीकार किया कि कुछ स्थानों पर बूथ केंद्रों में बदलाव के कारण प्रारंभिक भ्रम की स्थिति बनी, लेकिन समग्र रूप से मतदान शांतिपूर्ण रहा और किसी बड़ी घटना की सूचना नहीं मिली। उन्होंने कहा कि लोगों ने लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाते हुए बढ़-चढ़कर मतदान किया।-----------

# सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** बरहेट प्रखंड के गोपलाडीह गांव में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कथा स्थल शिव मंदिर परिसर से शुरू हुई शोभायात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए गुमानी नदी तट तक पहुंची।श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ कलश में जल भरकर पुनः कथा स्थल पहुंचकर स्थापना की। इस दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिला, पुरुष और बच्चों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।भागवत कथा का वाचन श्रद्धेय संजय कृष्ण महाराज (वृंदावन) द्वारा किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष लालजी साह सहित दिनेश साह, तारेश साह, राजेंद्र साह, धनंजय साह, कुंदन साह, पिंकू साह, विकास साह व रामनाथ साह समेत ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रही।कथा का आयोजन 23 फरवरी से एक मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक होगा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# नगर पंचायत क्षेत्र में सुबह से मतदाताओं में दिखा उत्साह, 7 बजे ही मतदाता कतार में हो गईं खड़ी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल नगर पंचायत क्षेत्र में सोमवार सुबह सात बजे से ही अध्यक्ष और वार्ड पार्षद पदों के लिए मतदान शुरू हो गया. मतदान शुरू होते ही विभिन्न बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं. लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया.

**कतार में खड़ी महिलाएं और सुरक्षा में तैनात पुलिसबल के जवान.**




इस बार राजमहल में महिला मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी चर्चा का विषय बनी हुई है. सुबह ठीक 7:00 बजे ही महिलाएं मतदान केंद्रों पर कतारबद्ध हो गईं. कई बूथों पर पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक देखी गई. यह दृश्य स्थानीय स्तर पर महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक जागरूकता और सहभागिता को दशार्ता है. महिलाओं ने घर के कामकाज से पहले मतदान को प्राथमिकता दी. कई महिला मतदाताओं ने कहा कि वे अपने शहर के विकास और बेहतर नेतृत्व के लिए मतदान कर रही हैं.

**अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए मुकाबला**

राजमहल नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए कुल चार उम्मीदवार मैदान में हैं. वहीं 43 प्रत्याशी वार्ड पार्षद पद के लिए अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. चुनावी मुकाबला कई वार्डों में दिलचस्प माना जा रहा है. वार्ड संख्या 5 से मो. मारूफ उर्फ गुड्डू निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं. उन्होंने मतदान करने के बाद क्षेत्रवासियों से अपील की कि लोकतंत्र के महापर्व में पहले मतदान करें, उसके बाद अन्य कार्यों में लगें.

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है. मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं. निवार्ची पदाधिकारी छूटेश्वर प्रसाद दास, एसडीओ सदानंद महतो, थाना प्रभारी हसनैन अंसारी और सब इंस्पेक्टर विकास सेठ लगातार मतदान केंद्रों का भ्रमण कर रहे हैं. वे सुरक्षा व्यवस्था और मतदान प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं, ताकि कहीं कोई व्यवधान उत्पन्न न हो.

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ हुसैनाबाद नगर पंचायत चुनाव

**60.03 मतदान, बूथों पर दिनभर उमड़ी मतदाताओं की लंबी कतारें**

**झारखंड उजाला संवाददाता**



**हुसैनाबाद** नगर पंचायत का चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। सुबह सात बजे से शुरू हुए मतदान में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान के शुरूआती घंटों से ही विभिन्न बूथों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। महिला, युवा एवं बुजुर्ग मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया, जिससे लोकतंत्र के प्रति जागरूकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। हालांकि प्रारंभ में पलामू के पांच नगर निकाय चुनाव में सबसे ज्यादा मतदान का प्रतिशत हुसैनाबाद में ही रहा। किंतु बाद में उत्साह कुछ ठंढ़ा पड़ गया। शाम पांच बजे तक मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। गम्हरिया मतदान केन्द्र पर गर्मी के कारण एक युवक बेहोश हो गया जो ठंढ़ा पानी सिर पर देने के बाद होश में आ गया।प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी लगातार गश्त कर मतदान प्रक्रिया पर पैनी नजर बनाए हुए थे।

हुसैनाबाद नगर पंचायत चुनाव में कुल 14,553 मत यानी 60.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 24,243 मतदाता हैं, जिनमें 12,287 पुरुष एवं 11,956 महिला मतदाता शामिल हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के 16 वार्डों के लिए कुल 29 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें 21 मतदान केंद्र सामान्य एवं 8 मतदान केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए थे।अध्यक्ष पद के लिए 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जबकि 15 वार्डों में 74 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों की किस्मत बैलेट बॉक्स में बंद हो गई। एक वार्ड पार्षद पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुका है।

चुनाव की निगरानी के लिए सामान्य प्रेक्षक राकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी गौरांग महतो, एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब, बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी (वार्ड 1 से 8) सुनील वर्मा, सीओ सह निवार्ची पदाधिकारी (वार्ड 9 से 16) पंकज कुमार एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार व महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी विभिन्न बूथों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।कुल मिलाकर हुसैनाबाद नगर पंचायत का चुनाव शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ, जिससे प्रशासन और मतदाताओं दोनों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की

## बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने गरेवाटांड़ में श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ में श्रद्धापूर्वक भाग लिया



**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**

**रामगढ़:** रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड अंतर्गत कंटिया पंचायत के गरेवाटांड़ में आयोजित श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर बड़कागांव विधानसभा के विधायक श्री रोशन लाल चौधरी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान जल यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति भाव से गाजे-बाजे के साथ पदयात्रा में शामिल हुए। विधायक रोशन लाल चौधरी ने इस पवित्र यात्रा में शामिल होकर भगवान विष्णु एवं देवाधिदेव महादेव से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति तथा सर्वांगीण कल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम में कंटिया पंचायत के मुखिया किशोर महतो, कालेश्वर महतो,उमेश महतो एवं वकील महतो सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। विधायक रोशन लाल चौधरी ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को जनसेवा की प्रेरणा एवं शक्ति प्राप्त हो तथा पूरे क्षेत्र के समग्र विकास में तेजी आए। इस अवसर पर मौजूद श्रद्धालुओं ने विधायक के सक्रिय सहभागिता की सराहना की और क्षेत्र में ऐसे धार्मिक आयोजनों की निरंतरता की कामना की। यह महायज्ञ क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सामाजिक एकता का प्रतीक बना हुआ है।

## 45 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला फांसी के फंदे पर, जांच में जुटी पुलिस, परिवार में पसरा मातम

**हिरणपुर (पाकुड़)।** थाना क्षेत्र के हाथकाठी गांव में सोमवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 45 वर्षीय आलोक रंजन ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक आलोक रंजन घर में अकेले रह रहे थे। उनकी पत्नी बीते एक माह पूर्व अपने दोनों बच्चों के साथ दरभंगा स्थित मायके गई हुई थीं। सोमवार सुबह गांव के ही पांचू यादव किसी कार्यवश उनके घर पहुंचे, जहां दरवाजा अंदर से बंद पाया गया। संदेह होने पर उन्होंने आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी। बाद में पाकुड़ से मृतक के छोटे भाई अमित रंजन भी मौके पर पहुंचे और लिखित रूप से थाना को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनय कुमार एवं एसआई सूर्यकुमार राम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया, जहां आलोक रंजन को कमरे के भीतर पंखे से झूलते हुए पाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनाजोरी स्थित सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के भाई ने बताया कि आलोक रंजन पिछले कई वर्षों से मोदी केयर कंपनी में कार्यरत थे। परिवार के अन्य सदस्य मायके में थे, इसी दौरान यह घटना घटी।इस संबंध में थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।घटना के बाद गांव में मातम पसरा है और परिजन इस असमय हुई मौत से गहरे सदमे में

## मतदान संपन्न: मेयर और पार्षद प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद





**सिंदरी /धनबाद।** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 53, 54 और 55 में मेयर एवं पार्षद प्रत्याशियों के लिए सोमवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सुबह 7:00 से शुरू हुआ मतदान शाम 5:00 बजे तक चला। युवाओं ,महिलाओं और बुजुर्गों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हालांकि इस बार बैलेट पेपर से मतदान होने के कारण प्रक्रिया में अपेक्षाकृत अधिक समय लगा, जिससे खासकर बुजुर्ग मतदाताओं को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ा। फिर भी उन्होंने धैर्य के साथ अपनी बारी का इंतजार किया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर बी एल ओ एवं स्वयं सेवकों ने सहायता प्रदान की। मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। निरीक्षण के लिए विभिन्न बूथों पर अधिकारियों की टीम भ्रमण करती रही। इस दौरान बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाष चंद्र दास, डीवाईएसपी राजेश प्रकाश सिन्हा, सिंदरी थाना के थाना प्रभारी संजय कुमार, बलियापुर थाना के थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। अब सब प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटियों में कैद हो चुकी है और मतगणना के दिन 27 फरवरी को परिणाम आने का सबको इंतजार है। उसी दिन यह स्पष्ट हो पाएगा कि नगर की बागडोर किसके हाथों में जाएगी और किस प्रत्याशी के सिर जीत का ताज सजेगा। जिला जनसंपर्क कार्यालय धनबाद द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार संध्या 5 बजे तक धनबाद नगर निगम में 46.98% मतदान हुआ।

## नगर निकाय चुनाव के दौरान शहर में जहां एक ओर लोकतंत्र का उत्साह देखने को मिला वहीं कुछ जगह पर तनाव की स्थिति भी बनी रही

**सिंदरी /झरिया** /धनबाद।झरिया थाना एवं धनुवाडीह ओपी क्षेत्र के बालूगद्दा में रविवार देर रात अवैध कोयला लदे ट्रक की चपेट में आने से एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने अवैध कोयला लदे तीन ट्रैकों को पकड़ लिया। लोगों ने झरिया -बलियापुर मुख्य मार्ग पर डीएवी उच्च विद्यालय के पास आगजनी कर सड़क जाम कर दी और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसके कारण डीएवी के 12, 13 ,14 और 15 नंबर बूथों पर मतदान के दौरान काफी देर तक व्यवधान उत्पन्न हुआ।सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को समझा बूझकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया ।काफी मशक्कत के बाद लोगों ने जाम हटाया ।जिसके बाद पुनः मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू कराई गई। प्रशासन ने घटना की जांच का आश्वासन दिया है और अवैध कोयला परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही है ,वही इस घटना ने चुनावी महौल में अचानक तनाव पैदा कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मेयर प्रत्याशी संजीव सिंह ने मौके पर पहुंचकर सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा बूझाकर मामला शांत कराया।फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है और शेष मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# अखिल भारतीय धोबी महासंघ के बैनर तले जपला धरहरा में श्रद्धापूर्वक मनाई गई जयंती

**झारखंड उजाला संवाददाता**



**हुसैनाबाद,पलामू:** हुसैनाबाद मे अखिल भारतीय धोबी महासंघ के तत्वावधान में शहर के जपला धरहरा में स्वच्छता अभियान के जनक एवं सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत संत गाडगे महाराज जी की जयंती समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत संत गाडगे महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर शत-शत नमन के साथ हुई।उपस्थित सदस्यों ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने तथा समाज में स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक समरसता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। अखिल भारतीय धोबी महासंघ, पलामू के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने संत गाडगे महाराज जी के जीवन एवं उनके सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत गाडगे महाराज ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और स्वच्छता को जन-जन का अभियान बनाया। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर दर्जनों बच्चों के बीच कॉपी एवं कलम का वितरण किया गया, ताकि शिक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में महासंघ के झारखंड के पलामू प्रमंडल के प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास कुमार, पलामू संगठन सचिव प्रमोद कुमार रजक, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष शशिरंजन कुमार, सचिव रमेश कुमार रजक, उपाध्यक्ष जनेश्वर बैठा, जयश्री बैठा, राजेश्वर जी, रमेश यादव, कमलेश रजक, गुड्डू रजक, उमेश बैठा, कलावती देवी, मुनि कुमारी, संगीता देवी, श्रद्धा देवी, लखवा देवी, सोनमती देवी, आशा देवी, चंचला देवी, रेखा कुमारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन समाज के उत्थान एवं स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने के संकल्प के साथ हुआ।

## उत्सव जैसा रहा मतदान का माहौल, 66.30% मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग, 27 फरवरी को आएंगे नतीजे

**बल्लभपुर पूर्वी भाग बना सबसे आगे, 86.24 मतदान दर्ज**

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से सभी मतदान केंद्रों पर उत्सव जैसा माहौल रहा और मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।अभी तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कुल 66.30% मतदान दर्ज किया गया, जिसमें पुरुष मतदान प्रतिशत 67.61% तथा महिला मतदान प्रतिशत 65.01% रहा। सर्वाधिक मतदान मतदान केन्द्र संख्या 21/01, प्राथमिक विद्यालय बल्लभपुर (पूर्वी भाग) में 86.24% दर्ज किया गया। पूरे नगर परिषद क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे तथा कहीं से भी किसी अप्रिय घटना या हिंसा की सूचना प्राप्त नहीं हुई। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर माइक्रो-ऑब्जर्वर के माध्यम से सतत निगरानी रखी गई।

मतपेटिका एवं स्ट्रांग रूम व्यवस्था सभी मतदान केंद्रों से पोलिंग पार्टियाँ मतपेटिका के साथ लौट रही हैं। मतपेटिकाओं को बाजार समिति, पाकुड़ स्थित स्ट्रांग रूम में सीलबंद कर सुरक्षित रखा जाएगा, जिसे मतगणना तिथि 27 फरवरी 2026 को खोला जाएगा। आगामी कार्यक्रम 24 फरवरी 2026, प्रातः 11:00 बजे – बाजार समिति, पाकुड़ में पीठासीन पदाधिकारियों की डायरी की समीक्षा सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में की जाएगी।27 फरवरी 2026, प्रातः 08:00 बजे से – मतगणना प्रारंभ होगी।मतगणना परिसर में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट/मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव ड्यूटी में लगे सभी कर्मियों, पुलिस बल, मीडिया प्रतिनिधियों एवं विशेष रूप से जागरूक मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से लोकतंत्र का यह महापर्व सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र में मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई तथा लगातार गश्ती एवं निगरानी रखी गई। पूरे क्षेत्र में विधि-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ-साथ आम जनता के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को जन-जन तक पहुँचाएं: विधायक हेमलाल मुर्मू

**यासिर अराफात@झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** लिट्टीपाड़ा के विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि पाकुड़ जिले को फाइलेरिया (हाथी पांव) से मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत दो वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दवा का सेवन ही इस गंभीर बीमारी से बचाव का एकमात्र प्रभावी उपाय है। दवा खाने से न केवल व्यक्ति स्वयं सुरक्षित रहता है, बल्कि समाज को भी इस रोग से बचाने में मदद मिलती है। माननीय विधायक ने जिला प्रशासन के इस प्रयास को अत्यंत सराहनीय बताया। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील किया कि वे स्वयं दवा का सेवन करें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग से ही पाकुड़ जिला फाइलेरिया मुक्त बन सकता है। माननीय विधायक ने जानकारी दी कि जनसहयोग के कारण ही दवा सेवन के मामले में पाकुड़ जिला पूरे राज्य में अग्रणी स्थान पर है और अब तक लगभग 80 प्रतिशत लोग दवा का सेवन कर चुके हैं। जो लोग अभी तक दवा नहीं खाए हैं, वे अवश्य दवा लें।उन्होंने कहा कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इससे किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता। अफवाहों से बचते हुए सभी लोग अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। अंत में उन्होंने कहा कि हम सबने मिलकर संकल्प लिया है कि अपने जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाना है और यह लक्ष्य जनभागीदारी से ही संभव होगा।

## डॉ. घनश्याम बी.बी.एम.के.यू., धनबाद के सिंडिकेट सदस्य नामित



बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बी.बी.एम.के.यू.), धनबाद द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, बी.आई.टी. सिंदरी के भौतिकी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. घनश्याम को विश्वविद्यालय के सिंडिकेट (अभिषद) सदस्य के रूप में नामित किया गया है।झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2000 (संशोधित) के प्रावधानों के अंतर्गत यह नामांकन किया गया है। अधिसूचना के अनुसार डॉ. घनश्याम का कार्यकाल 24 फरवरी 2026 से आगामी तीन वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा।सिंडिकेट विश्वविद्यालय का प्रमुख कार्यकारी एवं नीतिनिर्धारक निकाय है, जो शैक्षणिक नीतियों के निर्माण, प्रशासनिक निर्णयों, संस्थागत विकास तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता संवर्द्धन से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों का संचालन करता है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अनुभवी शिक्षाविदों को इस निकाय में शामिल किए जाने को उच्च शिक्षा के सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ॉ. घनश्याम उच्च शिक्षा, छात्र मार्गदर्शन, करियर विकास तथा उद्योग-शिक्षा समन्वय के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय योगदान के लिए व्यापक रूप से पहचाने जाते हैं। उनके नेतृत्व एवं अकादमिक दृष्टिकोण से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं संस्थागत विकास को नई दिशा मिलने की अपेक्षा व्यक्त की जा रही है।इस नामांकन पर शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शैक्षणिक जगत में प्रसन्नता व्यक्त की गई है तथा इसे बी.आई.टी. सिंदरी एवं झारखंड की शैक्षणिक बिरादरी के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

## शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ हुसैनाबाद नगर पंचायत चुनाव

हुसैनाबाद नगर पंचायत का चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। सुबह सात बजे से शुरू हुए मतदान में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान के शुरूआती घंटों से ही विभिन्न बूथों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। महिला, युवा एवं बुजुर्ग मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया, जिससे लोकतंत्र के प्रति जागरूकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। हालांकि प्रारंभ में पलामू के पांच नगर निकाय चुनाव में सबसे ज्यादा मतदान का प्रतिशत हुसैनाबाद में ही रहा। किंतु बाद में उत्साह कुछ ठंढ़ा पड़ गया। शाम पांच बजे तक मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहा और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। गम्हरिया मतदान केन्द्र पर गर्मी के कारण एक युवक बेहोश हो गया जो ठंढ़ा पानी सिर पर देने के बाद होश में आ गया।प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। त्र में कुल 24,243 मतदाता हैं, जिनमें 12,287 पुरुष एवं 11,956 महिला मतदाता शामिल हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के 16 वार्डों के लिए कुल 29 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इनमें 21 मतदान केंद्र सामान्य एवं 8 मतदान केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए थे।अध्यक्ष पद के लिए 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे, जबकि 15 वार्डों में 74 वार्ड पार्षद प्रत्याशियों की किस्मत बैलेट बॉक्स में बंद हो गई। एक वार्ड पार्षद पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुका है।

चुनाव की निगरानी के लिए सामान्य प्रेक्षक राकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी गौरांग महतो, एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब, बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी (वार्ड 1 से 8) सुनील वर्मा, सीओ सह निवार्ची पदाधिकारी (वार्ड 9 से 16) पंकज कुमार एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार व महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी विभिन्न बूथों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।कुल मिलाकर हुसैनाबाद नगर पंचायत का चुनाव शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ, जिससे प्रशासन और मतदाताओं दोनों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की

# श्याम भक्त परिवार हजारीबाग द्वारा आज निकलेगी भव्य श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज शोभायात्रा, तैयारियां पूरी

**नवनिर्मित मंदिर से पहली बार निकलेगी ऐतिहासिक फाल्गुन निशान यात्रा**



**हजारीबाग** श्याम भक्त परिवार हजारीबाग के द्वारा आयोजित होने वाली श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज शोभायात्रा को लेकर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। पूरे शहर में आस्था, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। मंगलवार को यह भव्य एवं ऐतिहासिक शोभायात्रा शहर की सड़कों पर श्याम नाम की गूंज के साथ निकलेगी। कार्यक्रम से एक दिन पूर्व सोमवार को आयोजन स्थल पर अत्यंत भक्तिमय दृश्य देखने को मिला। महिलाओं ने सामूहिक रूप से प्रभु श्री श्याम के पावन निशान की विधिवत रूप से उसकी सज्जा का कार्य किया। प्रभु श्री श्याम के मधुर भजनों को गुनगुनाते हुए महिलाएं पूरी श्रद्धा और समर्पण भाव से निशान को सजा रही थीं। हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा और जय श्री श्याम के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। मोर पंख, गेंदा फूल, रंगीन वस्त्र एवं आकर्षक सजावटी सामग्री से निशान को भव्य और मनोहारी स्वरूप प्रदान किया गया। भक्ति में लीन महिलाओं के चेहरों पर उत्साह और आस्था की चमक स्पष्ट झलक रही थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा वातावरण श्याममय हो उठा हो। वहीं दूसरी ओर आयोजक मंडली के सदस्य भी कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु अंतिम तैयारियों में जुटे रहे। शोभायात्रा की सुसज्जित रथ की तैयारी, झांकियों की व्यवस्था, ध्वनि विस्तारक यंत्र, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। आयोजक मंडली के सदस्यों ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम फाल्गुन निशान ध्वज शोभायात्रा को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का हमारा संकल्प है। विशेष प्रसन्नता की बात है कि इस बार यात्रा नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर से निकाली जा रही है, जो सभी श्याम भक्तों के लिए गर्व और आस्था का विषय है। हम सभी शहरवासियों से आग्रह करते हैं कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस धार्मिक महोत्सव को सफल बनाएं और प्रभु श्री श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें। आयोजकों के अनुसार प्रातः 9:00 बजे नवनिर्मित श्री श्याम मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत शोभायात्रा प्रारंभ होगी। सुसज्जित रथ पर विराजमान प्रभु श्री श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों एवं मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंचकर संपन्न होगी। श्याम भक्त परिवार हजारीबाग ने समस्त श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर इस भव्य आयोजन को सफल बनाने की अपील की है

## बसरिया में शिक्षा की नई उड़ान: एनवाईएस इंटरनेशनल एकेडमी का लहराता परचम

**चौपारण (हजारीबाग):** शिक्षा के क्षेत्र में प्रखंड का बसरिया तेजी से नई पहचान बना रहा है। जहां क्षेत्र की अग्रणी शिक्षण संस्थान एनवाईएस इंटरनेशनल एकेडमी आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के साथ ग्रामीण परिवेश में शहरों जैसा शैक्षणिक माहौल उपलब्ध करा रही है।विद्यालय में स्मार्ट क्लास, डिजिटल बोर्ड, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, समृद्ध पुस्तकालय जैसी कई अन्य उच्चस्तरीय सुविधाएं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की देखरेख में छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। प्राचार्य दीपशिखा मिश्रा का कहना है कि विद्यालय का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम तक सीमित शिक्षा देना नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान देना है। खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा रहा है।नए शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। अभिभावकों में विद्यालय को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। प्रबंधन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते अपने बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें।ग्रामीण अंचल में आधुनिक शिक्षा की यह पहल निश्चित ही क्षेत्र के शैक्षणिक विकास को नई दिशा देने का कार्य कर रही है




# पृथ्वी के निर्माण और संचालन प्रक्रिया को समझने के लिए आदर्श क्षेत्र है येलोस्टोन नेशनल पार्क

येलोस्टोन क्षेत्र समुद्रतल से औसतन 8000 फिट ऊंचा है, यहाँ की कई चोटियां तो 13,000 फीट ऊंची हैं, 8983 वर्ग किमी के इलाके में बर्फ से ढकी पहाड़ी चोटियां, शुद्धतम जल से लबालब झीलें और नदियां, भरपूर वन्य जीवन, वनस्पतियाँ तो हैं ही साथ ही यह धरती मां की जीवंत प्रयोगशाला भी है, जिस में विकास और विनाश के रहस्य अध्ययन करने का पूरा पूरा अवसर है. सिएटल से येलोस्टोन जाने के लिए सड़क मार्ग से स्पोकेन होकर 14 घंटे लगते हैं, फ्लाइट से जाना आसान है, इसलिए करीबी एयरपोर्ट अलास्का से यह दूरी कोई 1000 मील है. पूरा रास्ता वाशिंगटन राज्य के बर्फीले पहाड़ों, हरे भरे मैदानों से हो कर गुजरता है, मीलों मीलों में फैले खेत आबादी का पता नहीं, पूरी खेती बड़ी यंत्रीकृत है। यह राज्य साल में इतना गेंहू पैदा कर लेता है जो पूरे अमरीका के लिए काफी होता है. दरअसल बोजमैन येलोस्टोन जाने के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है, यहाँ से पार्क का प्रवेश द्वार केवल 90 मील रह जाता है.

## ऐतिहासिक कालखंड

पार्क का क्षेत्र तीन अमरीकी राज्यों मोंटाना, व्योमिंग और आइडाहो में फैला हुआ है. इस इलाके को विभिन्न कबीलों और जनजातियों ने 11,000 वर्षों से अपना आवास बनाया थाये लोग आखेट करते थे, झरनों, नदियों से मछलियां पकड़ते थे, विभिन्न जड़ी बूटियों को खाने और उपचार के काम में लेते थे, ये लोग तापीय झरनों का पानी उपचार और धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल करते थे. अमरीका में आये यूरोपीय लोगों को अठाहरवीं शताब्दी की प्रारम्भ में इस विलक्षण इलाके का पता लगा. 1830 के आस पास ओस्बोर्न रसेल ने इस इलाके के बारे में काफी विस्तार से लिखा, उसके आलेख से प्रभावित होकर 1869 में एक अध्ययन टीम डेविड ई कोलमेन के नेतृत्व में यहाँ आयी, टीम ने येलोस्टोन झील के अप्रतिम सौंदर्य, कैन्यन विस्तार, तापीय बेसीन और रॉक बनावट के बारे में अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की। इसके अगले वर्ष चार्ल्स कुक और फॉल्सम की खोजी टीम ने भी ऐसी ही रिपोर्ट प्रस्तुत की, इसके आधार पर 1872 में राष्ट्रपति ग्रांट और अमरीकी सीनेट ने इस इलाके को संरक्षित क्षेत्र अर्थात नेशनल पार्क घोषित कर दिया। इस पार्क को दुनिया का पहला संरक्षित क्षेत्र होने का भी गौरव हासिल है। उस समय एक सीनेटर ने कहा था कि यह क्षेत्र अमरीका के फेफड़ों के लिए ताजा हवा का काम करेगा। प्रारम्भ में इसकी देखभाल अमरीकी सेना के पास रही बाद में १९१६ में नेशनल पार्क सर्विस की स्थापना के बाद से पार्क उसके अधीन कर दिया गया.

## कहानी की शुरुआत

एक अनुमान के हिसाब से पृथ्वी अब से कोई 4600 करोड़ वर्ष पहले बनी तब से लेकर 5400 लाख वर्ष पूर्व तक के काल की चट्टानों से येलोस्टोन का इलाका बना है. ये सारी चट्टानें टीटान, बेरटूथ, विंड रिवर और ग्रॉस वेंट्रे इलाकों में हैं. 5400 लाख से लेकर 660 लाख वर्ष के काल में अमरीका का पश्चिमी इलाका समुद्र, रेतीले पहाड़ों, विस्तृत मैदानों से आछादित था, इसके बाद पहाड़ बनने की प्रक्रिया से रॉकी माउंटेन क्षेत्र विकसित हुआ. यहाँ पर्वत बनने और पृथ्वी की सतह ऊँची नीची होने के कारण हिलने डुलने और बर्फ जमने से येलोस्टोन इलाका अस्तित्व में आया. 500 लाख वर्ष पहले पार्क के उत्तरी और पूर्वी इलाके में अब्सरोका श्रंखला कई ज्वालामुखी फटने से अस्तित्व में आयी. लेकिन उस ज्वालामुखी प्रक्रिया का सम्बन्ध आज की येलोस्टोन ज्वालामुखी गतिविधियों से नहीं है। एक अनुमान के अनुसार 300 लाख वर्ष पूर्व आज का पश्चिम पूर्व पश्चिम धुरी के साथ खिंचता गया। खिंचने की यह प्रक्रिया 170 लाख वर्ष पहले कुछ और बढ़ गयी और अभी तक जारी है जिसके कारण नए, बेसिन बने है, उत्तर–दक्षिण पर्वत श्रंखला और उसकी लम्बी घाटी भी इसी प्रक्रिया से बनी है. इस तरह से पूरा दक्षिण का क्षेत्र जिसमें येलोस्टोन भी शामिल है निर्मित हुआ है. 165 लाख वर्ष पहले आज के समूचे आइडहो, ओरेगॉन और नेवाडा इलाके में ज्वालामुखी विस्फोटों का सिलसिला निरंतर चलता रहा. वहां से पिघला हुआ लावा प्रवाहित हो कर दक्षिण आइडहो से येलोस्टोन की ओर आ गया। उत्तरी अमरीका की प्लेट इस पिघलते हुए लावा पर खिसक कर दक्षिण पश्चिम दिशा में आ गयी जिससे येलोस्टोन क्षेत्र भी पिघले लावा के समीप आ गयी, तबसे ज्वालामुखी इस क्षेत्र के अंदर लगातार सक्रिय है.



## येलोस्टोन इतना महत्वपूर्ण क्यों है

येलोस्टोन की प्राकृतिक प्रक्रिया पूरी तरह से संरक्षित तापीय इको प्रणाली में कार्यरत है और अभी तक इसमें मानवीय दखलंदाजी बहुत कम हुई है. इस लिए पृथ्वी के निर्माण और संचालन प्रक्रिया को समझने के लिए यह क्षेत्र आदर्श है, यही नहीं यहाँ 11,000 वर्षों से मानवीय गतिविधियां निर्बाध रूप से चल रही हैं इस लिए मानव जाती के इतिहास और वास्तुशिल्प का सिलसिलेवार लेखा जोखा मौजूद है. यहाँ भूगोलविद और अन्य वैज्ञानिक लैंडस्केप स्तर पर बदलाव से इको – प्रणाली पर प्रभाव से लेकर सूक्ष्म जीव संरचनाओं के अध्ययन में जुटे हुए हैं जिनका प्रभाव केवल पार्क ही नहीं पूरी दुनिया पर पड़ने वाला है.

## येलोस्टोन लेक

यह लेक 136 वर्ग मील के क्षेत्र में फैली है और इसका घेरा 110 मील का है, समुद्र तल से 7,732 फीट की ऊंचाई पर अवस्थित यह लेक इलाके का सबसे बड़ा जलभंडार है, लेक की गहराई कहीं कहीं 392 फीट तक चली गयी है, जाड़ों में लेक पर 3 फीट बर्फ की चादर जम जाती है. हाँ, जहाँ जहाँ लेक में गर्म सोते हैं वहां बर्फ नहीं जमती है। लेक दिसंबर में जमती है और मई या फिर जून के प्रारम्भ में पिघल जाती है। लेक में कटथ्रोट ट्राउट, लोंगनोज डेस, रेडसीडे शाइनर, लांगनोज सकर्स मछलियां पाई जाती है. लेक का पानी इतना साफ है कि फिशिंग ब्रिज से कटथ्रोट ट्राउट, लोंगनोज डेस मछली आसानी से देखी जा सकती हैं. अन्य किस्म बहुत छोटे आकार की होती हैं अतः उन्हें स्पॉट करना ब्रिज से संभव नहीं है. येलोस्टोन नदी पार्क की दक्षिण पूर्वी अब्सरोका पर्वत श्रंखला यौंत शिखर के ढलान से अपना सफर शुरू करके **671** मील चल कर मोंटाना और नार्थ डकोटा सीमा पर मिसौरी नदी में मिल जाती है, अंतत मिसोरी गल्फ आफ मेक्सिको में अटलांटिक सागर से विलीन हो जाती है. लेक के किनारे विशेषकर फिशिंग ब्रिज के आस पास के कीचड वाले इलाके में सुबह शाम मूज देखने को मिल जाते हैं।

## प्रकृति की अपनी प्रयोगशाला

पृथ्वी की निचली सतह से पिघली हुई चट्टानें पिछले 20 लाख वर्षों से येलोस्टोन में ऊपरी सतह के बेहद करीब हैं जिसके कारण ऊपरी सतह के बहुत करीब कहीं पिघली तो कहीं ठोस चट्टानों के कक्ष बन गए हैं, पिघली चट्टानों की गर्मी से धरती की ऊपरी सतह लगातार फैलती और ऊंची उठती रहती है, इसी कारण इस क्षेत्र में भूकंप भी निरंतर आते रहते हैं. जगह जगह आये क्रैक्स में से पिघली चट्टानों की गर्मी, राख और गैस वायुमंडल तक फव्वारे जहाँ तहँ से निकलती रहती है. जहाँ जहाँ पिघले हुए लावा के भूमिगत चैम्बर खाली हो गए हैं वहां जमीन धंस गयी है और काल्डेरा यानी ज्वालामुख–कुंड बन गए हैं. कुल मिला कर येलोस्टोन में तीन विशाल काल्डेरा हैं जो भूगर्भ शास्त्रियों को इतने समीप से प्रकृति के रहस्यों का अध्ययन करने का अवसर प्रदान करते हैं.



## प्रकृति का थर्मामीटर

येलोस्टोन में किये जा रहे अध्ययन से पता चला है कि प्रकृति में प्रतिकूल ताप पर भी जीवन संभव है, इससे लगता है कि अन्य ग्रहों पर भी किसी न किसी रूप में जीवन होने की संभावनाएं हैं. 1968 में शोधकर्ता थामस ब्रॉक ने पहली बार येलोस्टोन के उच्च तापीय स्प्रिंग में माइक्रोब खोज कर चिकित्सा और विज्ञान के क्षेत्र में धमाका किया था, इस शोध से जीवन सम्बन्धी अन्य रहस्यों को भी धीरे धीरे अनावृत करने का काम काफी आगे बढ़ा है.

### मिडवे गाइजर बेसिन के अन्य गाइजर और पूल

येलोस्टोन के मध्य गाइजर बेसिन भले ही आकार में छोटे हैं लेकिंग उनमें काफी विविधता है, इनमें से हम एक्सेलसियर गाइजर, विशाल गाइजर क्रेटर, फिरोजी पूल और ओपल पूल देख पाए। फायर होल नदी के पास में घूमते हुए विविध किस्म के गैसीय पार्टिकल की गंध का अनुभव भी हुआ बताते हैं कि सन 1800 के आस पास एक्सेलसियर गाइजर से 300 फिट की ऊंचाई तक गैसीय पदार्थ निकला करते थे, इस पूरे क्षेत्र में इसी लिए घूमते समय पूरी सावधानी की सलाह दी जाती है क्या पता कब गैसीय पदार्थ फव्वारे की तरह निकल पड़ें ऐसा इसलिए भी कि 1985 में यहीं पर अचानक दो दिन तक लगातार इरप्शन हुआ जिसकी ऊंचाई 80 फिट तक नापी गयी।

### मिडवे गाइजर बेसिन कहाँ हैं?

ये गाइजर ओल्ड फेथफूल से करीब ही उत्तर में हैं, यहाँ जाने के लिए हमने तो पश्चिम प्रवेश द्वार से ग्रैंड लूप रोड पर 25 मील ड्राइव किया, यहाँ दोपहर में जबरदस्त भीड़ रहती है, हमारे कुछ मित्रों ने सलाह दी थी कि सुबह सवेरे पहुंचना आसान है, उनकी सलाह मान कर हम इन्हे आराम से देख पाए.

येलोस्टोन का ग्रैंड कैनियन

यहाँ का ग्रैंड कैनियन सच में देखने वाली जगह है, यह पार्क के उत्तरी पूर्वी किनारे पर है, समीप में छोटा सी आबादी कैनियन विलेज है. लगातार जंगल, पहाड़ देखते देखते यहाँ कुछ दुकानें, रेस्टॉरेंट, ठहरने के लिए कई लाज और पर्यटक केंद्र होने के कारण लगता है जैसे शहरी आबादी में पहुँच गए हों। ग्रैंड कैनियन हजारों वर्ष तक हवा, पानी और अन्य प्रकृतिक हलचलों का नतीजा है क़ैनियन २० मील से भी अधिक लम्बा है और चौड़ाई कोई डेढ़ मील है, कैनियन की दीवारें १000 फिट ऊंची हैं जिन्हे देख कर लगता है कि जैसे लाखों संगतराशों ने मिल कर इस अगढ़ रचना को मिल कर सैकड़ों हजारों साल में तराशा हो. इस कैनियन मार्ग से येलोस्टोन रिवर बहती है, यह व्योमिंग, मोनटाना, नार्थ डकोटा राज्यों से गुजर कर 600 मील का सफर तय करती है, यह पूरी तरह से स्वछंद है कहीं भी इस पर कोई डैम नहीं बनाया गया है। कैनियन विलेज के पास दो आब्सर्वेषां पाइंट हैं जहाँ से येलोस्टोन फॉल की विशालता और भव्यता को महसूस किया जा सकता है, फाल तक पहुँचने के लिए ट्रेल भी हैं, रास्ता जरा संकरा है, बहुत से सैलानी वहां जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते.

## नारिस थर्मल गाइजर

नारिस गाइजर बेसिन येलोस्टोन पार्क के व्योमिंग क्षेत्र में हैं, ये पार्क का सबसे गर्म तापीय भाग है, इसमें तीन मुख्य बेसिन हैं :

**पोर्सलीन** – इसमें दूधिया रंग के भाप भरे परिदृश्य हैं जो 075 मील की धूल भरी ट्रेल और बोर्डवॉक कैस्केड के जरिये देखे जा सकते हैं, यहाँ तापीय गतिविधियों के कारण पेड़ एक दम सूख गए हैं।


**बैक बेसिन** – यह घने पेड़ों वाला क्षेत्र है जिसमें कई गाइजर और तापीय स्प्रिंग हैं, इसके चारों ओर 15 मील का धूल भरा ट्रेल और बोर्ड वाक है.

**सौ स्प्रिंग वाला मैदान** – यह नारिस गाइजर बेसिन का ट्रेल के बाहर का इलाका है, यहाँ की हवा में जबरदस्त अम्लीय उपस्थिति है, जमीन पोली और खतरनाक है इस लिए पार्क अधिकारी सैलानियों को यहाँ आने के लिए हतोत्साहित करते हैं.


नारिस बेसिन में सतह से 1000 फीट जबरदस्त भूगर्भीय तापीय गतिविधि चल रही है, नारिस तापीय प्रणाली में पार्क का सबसे अधिक तापक्रम 459 डिग्री फारेनहाइट रेकॉर्ड किया गया हैआश्चर्य की बात यह है कि इतने अधिक तापक्रम के वावजूद यहाँ सेजब्रश छिपकली आराम से रह लेती है. यहाँ अम्लीय ताल और उच्च तापक्रम वाले पानी के सतही किनारों पर हरे, गुलाबी और नारंगी रंग के अति सूक्ष्म जीव मजे से पनपते हैं, इन तालों से वहने वाले आयरन डाई आक्साइड, आर्सेनिक कम्पाउंड, सल्फर के कारन रंगों की छठा कुछ और निखार आती है, इन्ही के कारण पूरा क्षेत्र रंग बिरंगा नजर आता है.

### ओल्ड फेथफुल इन

पार्क और उसके बाहर ठहरने के बहुत सारे विकल्प उपलब्ध हैं। हम पार्क के गेट से कोई 10 मील पहले रेनबो कैम्पिंग साइट पर एक आठ कमरे वाले बड़े घर में रुके थे जो काफी आरामदेह और किफायती रहा. लेकिन येलोस्टोन में ठहरने के लिए सबसे बेहतरीन जगह ओल्ड फेथफुल इन है जो ओल्ड फेथफुल गाइजर के ठीक सामने है। इसे राबर्ट सी रीमार ने 1904 में डिजाइन किया था, उस जमाने में यह 1,40,000 डालर की लागत में तैयार हुआ था. यह दुनिया भर में विशालतम लॉग स्टाइल संरचना है, इसकी लॉबी 74 फीट ऊंची है. इसमें लकड़ी के अलावा ज्वालामुखी से निकले हुए पदार्थों का भी इस्तेमाल किया गया है। यहाँ आने वाले सैलानियों में होटल में ठहरने से लेकर भोजन करने के लिए जबरदस्त क्रेज है. होटल पिछले सौ वर्षों से अतिथि सेवा और अच्छे भोजन के लिए सैलानियों में क्रेज से कम नहीं है. पूरी लकड़ी की संरचना होने के वावजूद इस होटल में ठहरने के लिए 140 कमरे मुख्य संरचना में हैं. 1914 और 1927 में भवन विस्तार किये जाने परयहाँ कुल मिला कर 300 कमरे हो चुके हैं. होटल मई में खुलता है और अक्टूबर के प्रारम्भ तक खुला रहता है.



### पार्क का वन्य जीवन



पार्क में वन्य जीवन भी काफी विविधता से भरा है काले और ग्रिजली भालू, यल्क, बायसन तो हैं ही साथ ही स्तनपायी जीवों की 60 से भी अधिक किस्में मौजूद हैं। पार्क में पक्षी जीवन भी काफी विविधता भरा है, यहाँ बाल्ड ईगल, ब्लैक बिलड मैगपाई, ग्रे जे, कव्वे का बड़ा भाई रैवेन, ऑस्प्रे, कनाडियन गीस, मैलर्ड डक, ट्रम्पेटर हंस, सफेद पेलिकन, पहाड़ी ब्लू बर्ड बहुतायत से पाए जाते हैं.



# पार्क के अन्य आकर्षक स्थल



## ओल्ड फैथफुल गाइजर

इस गाइजर को 1870 में वशबर्न और उनकी खोजी टीम ने ढूंढा था, इसका नामकरण इरप्शन की नियमितता को देखकर किया गया था. जब से यह खोजा गया है इसके 10 लाख से भी अधिक इरप्शन हो चुके हैं! इरप्शन का अनुमान इतना सटीक होता है कि इसमें 10 से 20 मिनट का अंतर रहता है. विशेषज्ञों की माने तो एक बार के इरप्शन से 8,400 गैलन तक प्रवाहन होता है और स्रोत से निकलने वाले पानी का तापक्रम 204 डिग्री फारेनहाइट तक रहता है। गैस का तापमान 350 डिग्री फारेनहाइट तक पहुँच जाता है.



## मैमथ हाट स्प्रिंग्स टेरेस

ये स्प्रिंग्स पश्चिमी प्रवेश द्वार के बिलकुल समीप ही हैं. दुनिया में कहीं भी मैमथ हाट स्प्रिंग्स जैसे फाउंटेन न तो प्रकृतिक रूप में देखने को मिलते हैं न ही कहीं मनुष्य द्वारा बनाये जा सके हैं। टेरेस की धवल और कहीं कहीं रंगीन चट्टानों से धीरे धीरे पानी बहता रहता है। ये स्प्रिंग प्रारम्भ से उन लोगों को आकर्षित करते रहे हैं जो अपनी विभिन्न बीमारियों का हल खनिज जालों में तलाशते रहे हैं। मैमथ हाट स्प्रिंग येलोस्टोन के गहरे वाल्कनीक बालों की बाह्य अभिव्यक्ति कहे जा सकते हैं, हालाँकि ये स्प्रिंग काल्डेरा क्षेत्र से बाहर हैं लेकिन फिर भी विशेषज्ञों की मने तो इनमें गर्म हवाओं का प्रवाहन येलोस्टोन के उन्हीं मग्नामैटिक प्रणाली से हैं जो यहाँ के अन्य तापीय क्षेत्रों को सक्रिय रखे हुए हैं. नारिस गाइजर बेसिन और मैमथ के बीच में फाल्ट लाइन है जिसके कारण उसके बीच में तापीय पानी बहता है. इस क्षेत्र में अनेक बासाल्ट इरप्शन हो चुके हैं, मैमथ क्षेत्र में गर्मी का स्रोत शायद बासाल्ट ही हैं।

तापीय गतिविधि इस इलाके में कई हजार वर्षों से जारी है, टेरेस पहाड़ी पर ट्रेवरटाइन की मोटी चादर चढ़ी हुई है. मैमथ हाट स्प्रिंग टेरेस उस पहाड़ी से जहाँ आज हमने इसे देखा आगे परेड ग्राउंड तक चले गए हैं और आगे जा कर बॉयलिंग नदी में मिल जाते हैं। देखा जाय तो मैमथ हाट स्प्रिंग होटल और फोर्ट येलोस्टोन पुरानी टेरेस संरचना पर ही बने हुए हैं. जब 1891 में जब फोर्ट की जमीन पर निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ था तो यह चिंता व्यक्त की गयी थी कि नीचे की खोखली हुई जमीन भवन का भर नहीं संभल पाएगी, आज भी परेड ग्राउंड में अनेक बड़े आकार के गहरे होल देखे जा सकते हैं।



## ग्रैंड प्रिस्मैटिक

यह तो सही है कि ओल्ड फेथफुल ज्यादा प्रसिद्ध है लेकिन येल्लोस्टोन पार्क में सबसे ज्यादा फोटो ग्रैंड प्रिस्मैटिक हाट स्प्रिंग के लेते हैं, इसका कारण इसके चमचमाते इंद्रधनुषी रंग और इसका विशाल आकार है. पार्क अधिकारियों ने इसके इर्द गिर्द विशाल आकार का बोर्ड–वाक बनाया है हम इस बोर्ड–वाक पर चलते चलते चमकीले नीले, पीले और अन्य रंगों के इस स्प्रिंग को केवल मन्त्र मुग्ध हो कर निहारते रहे. अब तक प्रकृति का ऐसा नजारा कहीं भी देखने को है. ये स्प्रिंग्स 10 मंजली बिल्डिंग जितने गहरे हैं, अंदर दरकी हुई जमीन से पानी 121 फीट ऊपर उछाल मार कर आता है ग्रैंड प्रिस्मैटिक का आकार फुटबॉल के मैदान जितना बड़ा है, ग्रैंड प्रिस्मैटिक के विभिन्न किस्म के रंग अतिशय गर्म वातावरण में जीवित रहने वाले बैक्टीरिया के कारण है, बीच का नीला रंग सब रंगों में ज्यादा प्रधान है क्योंकि क्योंकि पानी नीली वेब–लेंथ को सबसे ज्यादा बिखराता है. जिसके कारण आँख को नीला रंग दिखता है.

# राव की सोच की बुनियाद पर भारत बना चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था



गुंजन सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

भारतीय अर्थव्यवस्था की उछाल इन दिनों दुनिया देख रही है। लेकिन पिछली सदी के अस्सी के दशक में अर्थव्यवस्था बेहद खराब हालत में पहुंच चुकी थी। हालात इतने बुरे थे कि भारत को अपना रिजर्व सोना बैंक ऑफ इंगलैंड के पास गिरवी रखना पड़ा था। राव से ठीक पहले प्रधानमंत्री रहे चंद्रशेखर ने अपनी आत्मकथा, जीवन जैसा जिया में इस गिरवी प्रकरण की पूरी जानकारी दी है। पामुलपार्थी वेंकट नरसिंह राव...यही पूरा नाम था उनका। आज ही के दिन ठीक इक्कीस साल पहले उन्होंने दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आखिरी सांस ली थी, जिसे देश के सबसे बेहतरीन सार्वजनिक अस्पताल माना जाता है। एम्स के नाम से विख्यात इस अस्पताल में जब उनकी आत्मा उनके शरीर रूपी पिंजरे से उड़ गई, तब देश में उन डॉक्टर मनमोहन सिंह का शासन था, जिन्हें उन्होंने ही राजनीति की दुनिया में प्रवेश कराया था। राव कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण और गरिमापूर्ण विदाई के हकदार थे। लेकिन उनकी ही पार्टी ने उन्हें यह विदाई मयस्सर नहीं होने दी और देश का प्रधानमंत्री भी मौन व्रत धारण किए रह गया। नेहरू, इंदिरा और राजीव को भारत रत्न देने वाली कांग्रेस की अगुआई वाली सरकार ने अपने ही उस राव को उचित सम्मान देना उचित नहीं समझा, जिसके वे अध्यक्ष रह चुके थे।

भारतीय अर्थव्यवस्था की उछाल इन दिनों दुनिया देख रही है। लेकिन पिछली सदी के अस्सी के दशक में अर्थव्यवस्था बेहद खराब हालत में पहुंच चुकी थी। हालात इतने बुरे थे कि भारत को अपना रिजर्व सोना बैंक ऑफ इंगलैंड के पास गिरवी रखना पड़ा था। राव से ठीक पहले प्रधानमंत्री रहे चंद्रशेखर ने अपनी आत्मकथा, ह्यजीवन जैसा जियाह्ल में इस गिरवी प्रकरण की पूरी जानकारी दी है। चंद्रशेखर के बाद एक्सीडेंटल प्रधानमंत्री बने राव के सामने तत्कालीन कैबिनेट सचिव ने भारतीय अर्थव्यवस्था की बुरी गत की जानकारी दी तो उनका चिंतित होना स्वाभाविक था। ऐसे हालात में उनका विचलित होना स्वाभाविक था। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और प्रोफेशनल अर्थशास्त्री को देश का वित्त मंत्री बनाने की सोची। उन्हें तब दो नाम सुझाए गए थे, रिजर्व बैंक के गवर्नर रह चुके आईजी पटेल और मनमोहन सिंह। राव की पहली पसंद पटेल थे, लेकिन उन्होंने अपनी बीमार और बुजुर्ग मां की



देखभाल के चलते वह जिम्मेदारी भरा पद लेना स्वीकार नहीं किया। नियति मनमोहन सिंह के पक्ष में थी। मनमोहन वित्त मंत्री बने। 1991 की 25 जुलाई को लोकसभा में बजट पेश करते हुए मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को खोल दिया। आर्थिक मोर्चे पर जारी लाइसेंस राज की विदाई की शुरूआत हुई। आर्थिक खुलेपन ने देश की आर्थिकी की जो नींव रखी, आज उसी नींव पर आगे बढ़ते हुए देश दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था का गौरव हासिल कर चुका है। बेशक यह सब मनमोहन सिंह की बदौलत हुआ। लेकिन अगर उनकी पीठ पर नरसिंह राव का हाथ नहीं होता तो क्या वे भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक व्यवस्था के साथ कदमताल करने के लिए उद्यत हो सकते थे? निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। भारत की आर्थिकी को मजबूत बुनियाद देने के साथ ही वैश्विक व्यवस्था के साथ कदमताल के लिए तैयार करने में मनमोहन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। लेकिन बिना नरसिंह राव के मजबूत समर्थन के, वे ऐसे कदम नहीं उठा सकते थे। आज भारत की आर्थिकी की जो वैश्विक चमक दिख रही है, उसके असर नींव निमार्ता नरसिंह राव ही हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश जिस कांग्रेस के वे नेता रहे, जिस कांग्रेस क साथ उन्होंने अपनी समूची राजनीतिक यात्रा पूरी की, उस कांग्रेस ने उनसे किनारा कर लिया।

किनारा करने की वजह रहा बाबरी विध्वंस। छह दिसंबर 1992 को बाबरी का ध्वंस हुआ। ऐसा नहीं कि नरसिंह राव ने ध्वंस को रोकने की तैयारी नहीं की थी। गांधी-नेहरू परिवार के नजदीकी रहे पूर्व विदेश सेवा अधिकारी और कांग्रेसी राजनेता मणिशंकर अय्यर राव को इसी वजह से भाजपा का पहला प्रधानमंत्री कहते हैं। बाबरी विध्वंस के बाद वामपंथी बौद्धिकों के एक खेमे ने उन्हें खाकी निक्कर वाला कहना शुरू कर दिया था। यहां याद दिलाना जरूरी है कि खाकी निक्कर कुछ साल पहले तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की गणवेश होती थी। लेकिन नरसिंह राव ने अपने उपर लगे आरोपों का पुस्तक लिखकर जवाब दिया है. जो 2004 में उनके निधन के बाद प्रकाशित हुई है। ह्यअयोध्याः छह दिसंबरह्ल नामक यह पुस्तक साल 2006 में प्रकाशित हुई। इस किताब में एक तरह से राव ने बाबरी ध्वंस को लेकर उन पर लगने वाले अकर्मण्यता के आरोपों का सिलसिलेवार जवाब दिया है। इसमें उन्होंने बाबरी मस्जिद विध्वंस के दिन और उससे पहले की घटनाओं, अपनी कार्रवाइयों और तब के राजनीतिक दबावों को लेकर पूरी जानकारी दी है। इसमें उन्होंने बताया है कि आखिर उत्तर प्रदेश में वे संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति शासन क्यों नहीं लगा पाए। उन्होंने बताया है कि राज्यपाल की रिपोर्ट राष्ट्रपति शासन के पक्ष में नहीं थी और उनके सामने कई संवैधानिक चुनौतियां और बाधाएं भी थीं। इन तथ्यों के जरिए उन्होंने बताने की कोशिश की है कि आखिर क्यों मस्जिद को बचाने की उनकी कोशिशें किस तरह नाकाम रहीं। विनय सीतापति ने ह्लहाफ लायनह्ल नाम से राव की जीवनी लिखी है। इस पुस्तक में वे भी तमाम तथ्यों से साबित करने में सफल रहे हैं कि राव चाहकर भी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन नहीं लगा सकते थे। अपनी किताब में राव ने तफसील से बताया है कि उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल ने अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि अयोध्या पहुंच रहे कारसेवक शांतिपूर्ण हैं। राव ने साथ ही यह भी बताया है कि तत्कालीन कल्याण सिंह सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर मस्जिद की सुरक्षा का आश्वासन दिया था। ऐसे में संवैधानिक मयार्दाओं और संघीय ढांचे के संवैधानिक प्रावधानों के कारण उनके हाथ बंधे हुए थे। राव ने अपनी पुस्तक में राम मंदिर आंदोलन के पीछे की राजनीतिक चालों और धार्मिक भावनाओं के दोहन के खतरों पर भी प्रकाश डाला गया है।

इसमें दो राय नहीं कि बाबरी ध्वंस के बाद कांग्रेस की राजनीति पूरी तरह बदल गई। दलित, ब्राह्मण और मुसलमान की जातीय कीमियागिरी के दम पर लंबे समय तक शासन में रही कांग्रेस का समर्थक आधार छीजने लगा। अल्पसंख्यकों ने कई प्रमुख राज्यों मसलन उत्तर प्रदेश, बिहार आदि से किनारा कर लिया। इसका असर कांग्रेस की सत्तावादी राजनीति पर पड़ा। जिस समय बाबरी ध्वंस हुआ, उस समय गांधी-नेहरू परिवार राजनीति से दूर था। सोनिया गांधी तो सक्रिय राजनीति में 1998 में आईं। लेकिन उनके इशारे पर कांग्रेस का एक बड़ा खेमा काम करता रहा। अर्जुन सिंह, प्रियरंजन दास मुंशी, मणिशंकर अय्यर, प्रणब मुखर्जी आदि कांग्रेसी प्रथम परिवार के इशारे पर काम करते रहे। जब 1996 में कांग्रेस संसदीय चुनावों में हार गई तो नरसिंह राव को इस खेमे ने ना सिर्फ अप्रासंगिक बनाना शुरू किया, बल्कि उन्हें महत्वहीन भी बना दिया। कांग्रेस पर इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 19884 में हुए सिख विरोधी हिंसा का भी दाग है।

## आज का राशिफल

स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के चलते आय में बढ़ोतरी होगी और आर्थिक स्थिति सुधरेगी। घर-परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं, जिसमें धन खर्च की संभावना रहेगी। दाम्पत्य जीवन में तनाव की स्थिति रहेगी। आध्यात्मिक क्षेत्र में रुचि बढ़ेगी। क्रोध की अधिकता रहने से विवाद होने की संभावना रहेगी। आध्यात्मिकता का आश्रय लेने से मन शांत होगा।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन लाभप्रद रहेगा। कारोबार में धनलाभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सामाजिक क्षेत्र में अधिक सक्रिय रहने से मान-प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। धन व्यय अधिक न हो, इसका ध्यान रखें। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा परिवार में वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि की संभावना है। बुजुर्गों के आशीर्वाद से सभी कार्य सफल होंगे। व्यापार में विस्तार की योजनाएं बनाएंगे। उच्च अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। बेरोजगारों को रोजगार मिलने की संभावना रहेगी। अटवा हुआ धन वापस मिल सकता है। कार्यभार की अधिकता से थकान महसूस करेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सावदान रहें। अधिक धन व्यय होने की संभावना रहेगी।

**कर्क राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में भाइयों से भरपूर सहयोग मिलेगा और जीवन में सफलता के नये मार्ग खुलेंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदपूर्ण वातावरण रहेगा। किसी धार्मिक या मांगलिक प्रसंग में शामिल हो सकते हैं। समाज में सम्मान और प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। अपने साथियों से धोखा मिलने की संभावना रहेगी।

**सिंह राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में निवेश के नए मौके मिलेंगे, लेकिन कोई भी फैसला लेने से पहले अच्छी से सोच-विचार कर लें। निवेश से लाभ प्राप्त होगा। नये कार्य शुरू करने से बचें। क्रोध पर नियंत्रण रखें, अन्यता विवाद में फंस सकते हैं। कार्यभार अधिक रहने से शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में विघ्न आ सकते हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से सभी कार्य सफल होंगे।

**कन्या राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। धन हानि के योग रहेंगे। कारोबार में लाभ मिलेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। मित्रों-परिजनों के साथ पर्यटन का आयोजन होगा। अच्छे खान-पान और अच्छे वस्त्र उपलब्ध होंगे। लंबे समय से बन रही योजना सफल हो सकती है। समजिक कार्यों में रुचि लेंगे। धार्मिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा।

**तुला राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। कुछ लाभ के सौदे हो सकते हैं। भाइयों के माध्यम से कार्यों में सफलता मिलेगी। मकान-जमीन के कार्य संपन्न होंगे। साझेदारों से भी लाभ होगा। व्यावसायिक स्थल और परिवार का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। परिवार में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगा।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। व्यवसाय से लाभ होने की संभावना है। कारोबार अच्छा रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में उन्नती होगी। परिश्रम से किये गये कार्य में सफलता मिलेगी। आकस्मिक धन प्राप्ति होने की संभावना रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें। परिवार में आनंद और उल्लासमय वातावरण रहेगा।

**धनु राशि :-** आज का दिन शुभफलदायी रहेगा। व्यवसाय में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। कार्य विस्तार की योजनाएं सफल होंगी। आय में बढ़ोतरी होगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। नए लोगों से मुलाकात फायदेमंद रहेगी। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। कार्यभार की अधिकता से शारीरिक स्फूर्ति तथा मानसिक उल्लास में कमी आ सकती है। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे और नए वस्त्रों की खरीदारी भी करेंगे। वाहन सुख मिल सकता है।

**मकर राशि :-** नए कार्य का शुभारंभ करने के लिए आज का दिन अच्छा है। कारोबार में लाभ होगा। बुजुर्गों की सलाह लेकर किया गया निवेश भी फायदेमंद रहेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगा। किसी प्रिय व्यक्ति से भेंट हो सकती है। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव हो सकता है।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। निर्धारित कार्य संपन्न नहीं होने से हताशा का अनुभव हो सकता है। किसी भी महत्वपूर्ण कार्य अथवा उसके विषय में निर्णय नहीं लेना ही ठीक रहेगा। समाजिक कार्यों में में दिन बिताना उचित होगा। परिजनों के साथ भी समय बिता सकते हैं। आध्यात्मिकता की ओर रुझान रहेगा। पैतृक संपत्ति से लाभ मिलने के योग हैं। क्रोध की अधिकता रहेगी, जिससे कलह होने की संभावना भी रहेगी।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। काफी समय से रुकी योजनाएं शुरू होने की संभावना है। कारोबार में लाभ मिलेगा। कार्यसिद्धि और लक्ष्मी दोनों की प्राप्ति हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित रहेंगे, इसलिए प्रत्येक कार्य करने में आप को उत्साह रहेगा। घर में तथा व्यावसायिक स्थल पर कार्यभार रहेगा। अधिक खर्च हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण और स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# वैश्विक राजनीति का परिदृश्य बदल कर रख सकता है भारत-चीन-रूस का त्रिपक्षीय मंच आरआईसी



हम आपको बता दें कि रूस जहां सैन्य शक्ति, ऊर्जा संसाधन और यूरोपीय-एशियाई भू-राजनीति में प्रमुख खिलाड़ी है वहीं भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, युवा जनसंख्या और इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक ताकत है। चीन ने रूस द्वारा की गई रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय सहयोग को पुनर्जीवित करने की पहल का समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि यह कोई नया मंच नहीं है, बल्कि 1990 के दशक के उत्तरार्ध से ही यह इन तीन देशों के बीच संवाद का माध्यम रहा है। हालाँकि, बीते वर्षों में चीन-भारत सीमा विवाद और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते यह मंच निष्क्रिय-सा हो गया था। अब चीन का समर्थन इस ओर इशारा करता है कि विश्व राजनीति में एक नई धुरी बनने की संभावना फिर से उभर रही है।

हम आपको बता दें कि रूस जहां सैन्य शक्ति, ऊर्जा संसाधन और यूरोपीय-एशियाई भू-राजनीति में प्रमुख खिलाड़ी है वहीं भारत विश्व की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, युवा जनसंख्या और इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक ताकत है। दूसरी ओर चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और एशिया का आर्थिक इंजन है। यदि ये तीनों देश मिलकर साझा हितों के आधार पर आगे बढ़ते हैं, तो यह पश्चिम के नेतृत्व वाली मौजूदा विश्व व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। अगर यह तीनों देश साथ आते हैं तो अमेरिकी वर्चस्व को सीधे-सीधे चुनौती मिलेगी। देखा जाये तो अब तक वैश्विक व्यवस्था अमेरिका और उसके सहयोगियों (ऋ7, ठअळड, एव) के प्रभुत्व में रही है। यदि रूस-भारत-चीन साथ आते हैं, तो वे एक ₹मल्टी-पोलर वर्ल्ड₹ यानी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को मजबूती देंगे, जिसमें अमेरिका का वर्चस्व कम होगा।

इसके अलावा, ये तीनों देश संयुक्त राष्ट्र, इफ्कउर, रउड जैसी संस्थाओं में अहम भूमिका निभाते हैं। यदि वे एक सुर में बोलें तो वैश्विक एजेंडा (जलवायु, विकास, आतंकवाद) पश्चिम के हितों के बजाय इन देशों के पक्ष में ढल सकता है। साथ ही यूरोप में रूस-यूक्रेन युद्ध, एशिया में अमेरिका-चीन टकराव और भारत-चीन सीमा विवाद जैसे मुद्दों के बीच यदि ये तीनों मिलकर काम करते हैं, तो वैश्विक ध्रुवीकरण और तेज हो सकता है।

तीनों देशों के साथ आने से खुद भारत, रूस और चीन को क्या लाभ होगा, यदि इसका जिक्र करें तो आपको बता दें कि रूस-चीन के साथ अच्छे रिश्तों से भारत सामरिक संतुलन बना सकता है। साथ ही भारत ऊर्जा, रक्षा, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में रूस और चीन से नए अवसर पा सकता है। इसके अलावा, इस त्रिकोण से भारत को चीन के साथ स्थायी संवाद करने से सीमा विवाद में तनाव कम करने का मंच मिलेगा।

वहीं रूस को होने वाले लाभों को देखें तो पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच उसे एशिया में नए साझेदारों के साथ आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य विकल्प मिलेंगे। साथ ही चीन-भारत दोनों को साथ रखकर रूस अपनी रणनीतिक भूमिका को पुनः मजबूत कर सकता है।

इस गठजोड़ से चीन को होने वाले लाभ को देखें तो इससे अमेरिका के खिलाफ नया संतुलन बनेगा। साथ ही भारत के साथ टकराव को कम करके चीन अपने आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों को सुरक्षित कर सकेगा और रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा के क्षेत्र में उसके गहरे संबंध बनेंगे।

तीनों देशों के गठजोड़ में संभावित बाधाओं और चुनौतियों को देखें तो भारत-चीन सीमा विवाद और विश्वास की कमी सबसे बड़ी बाधा है। इसके अलावा, यह भी डर है कि रूस-चीन की बढ़ती नजदीकी कहीं भारत को हाशिए पर न धकेल दे। साथ ही भारत पश्चिम (अमेरिका, फ्रांस, जापान) के साथ भी गहरे संबंध चाहता है, जिससे यह त्रिकोण अस्थिर रह सकता है।

हम आपको बता दें कि भारत, रूस और चीन के गठजोड़ आरआईसी को पुनर्जीवित करने में रूस और चीन की दिलचस्पी हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर के शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के लिए बीजिंग की यात्रा करने के बाद बढ़ी है। इस दौरान, जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी और उनके रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव सहित शीर्ष चीनी-रूसी अधिकारियों के साथ बातचीत की थी। हम आपको याद दिला दें कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मई महीने में कहा था कि रूस, जिसके भारत और चीन के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, आरआईसी प्रारूप को पुनर्जीवित करने में ह्यवास्तव में रुचिह्ल रखता है। उन्होंने कहा था कि रूस के पूर्व प्रधानमंत्री येवगेनी प्रिमाकोव की ओर से शुरू की गई त्रिपक्षीय व्यवस्था के परिणामस्वरूप तीनों देशों के बीच विभिन्न स्तरों पर 20 बैठकें हुईं थीं।

बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय सहयोग यदि पुनर्जीवित होता है तो इससे विश्व व्यवस्था में शक्ति संतुलन बदल सकता है। साथ ही बहुध्रुवीय विश्व की अवधारणा को मजबूती मिल सकती है, लेकिन यह तभी संभव होगा जब तीनों देश अपने पारस्परिक मतभेदों को कुशलतापूर्वक संभाल सकें। भारत के लिए यह अवसर और चुनौती दोनों हैः एक ओर सामरिक विकल्पों का विस्तार है तो दूसरी ओर संतुलन की जटिल कूटनीति है।

# केके के बहाने एक विमर्श

कृष्ण कुमार कुन्नथ उर्फ केके सुपर स्टार नहीं थे, पर अपनी गहरी आवाज और तराशे गए हुनर के चलते उन्होंने खासी लोकप्रियता अर्जित कर ली थी। कोलकाता में एक प्रस्तुति के तत्काल बाद उनकी मौत ने उनके प्रशंसकों को स्तब्ध कर दिया है। इसके साथ ही प्याली का वह पुराना तूफान उमड़-घुमड़ पड़ा है, जो हर नामचीन शख्सियत की अकाल अथवा अस्वाभाविक मृत्यु पर लोगों की संवेदनाएं झकझोरने लगता है। मैं केके के साथ उन तमाम लोगों की चर्चा करना चाहता हूं, जो शो बिजनेस में हैं। राजकपूर की अति महत्वाकांक्षी फिल्म मेरा नाम जोकर याद कीजिए। उसमें धर्मेंद्र ने अपने खास अंदाज में अंग्रेजी का मशहूर मुहावरा बोला था- ह्यशो मस्ट गो ऑनह्ल, यानी तमाशा जारी रहना चाहिए। यकीनन, किसी सयाने ने पेशेवर लोगों की जिंदगी को परखने के बाद इसे गढ़ा होगा। इसी मानसिकता के चलते उन्हें जाती जिंदगी में तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भीषण भौतिकता के इस दौर में जब तनाव को नाम और दाम कमाने की अनिवार्य शर्त मान लिया गया हो, तब ऐसे हादसे अनिवार्य हो जाते हैं। केके से पहले अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला और कन्नड़ फिल्मों के स्टार पुनीत राजकुमार अकाल मृत्यु को प्राप्त हो गए थे। स्टारडम की कीमत इन सितारों को जान देकर चुकानी पड़ी।

जान लें। हर समय प्रतिस्पर्द्धा में बने रहने के लिए महज रियाज या होमवर्क काफी नहीं है। ह्यशो बिजनेसह्ल से जुडे. लोगों को हर हाल में खुद को चुस्त-दुरुस्त दिखाना होता है। उन्हें इससे फर्क नहीं पड़ता कि उनका जिस्म इसके लिए कितना अत्याचार झेलता है। एक दिवंगत बॉलीवुड हीरोइन ने अपनी पुरानी सूरत को कायम रखने के लिए इतनी बार प्लास्टिक सर्जरी कराई कि वह रोते वक्त भी मुस्कराती प्रतीत होतीं। उनकी मौत आज तक रहस्य के परदे में है। मशहूर कन्नड़ टीवी अभिनेत्री चेतना राज तो इस सर्जरी के कारण भरी जवानी में ही जान गंवा बैठीं। ध्यान रहे, केके और उनकी पीढ़ी के तमाम गायक मंच पर सिर्फ गाना नहीं गाते। दर्शकों को मनोरंजक तरीके से बांधे रखने के लिए उन्हें तमाम करतब करने पड़ते हैं। माइकल जैक्सन ने इस विधा को जन्म दिया था। उनसे प्रेरणा लेने वाले माइकल के दर्दनाक देहांत को क्यों भूल जाते हैं? बार-बार की प्लास्टिक सर्जरी और चुस्त-दुरुस्त रहने के तमाम उपायों और उपादानों ने उनकी जान ले ली। हालांकि, जान-बूझकर जान गंवाने वालों की सूची माइकल से नहीं शुरू होती, यह सिलसिला पुराना है। 1970 के दशक से आज तक अपने मार्शल आर्ट और शरीर सौष्ठव के लिए आदर्श माने जाने वाले ब्रूस ली की मौत भी भरी जवानी में हुई थी। रहस्य के कुहासे में लिपटी उस अकाल मौत की एक वजह अत्यधिक दबाव बताया जाता है। सफलता की लत ने ली को देह के रखरखाव के प्रति जुनूनी बना दिया था। वह वक्त-बेवक्त कसरत अथवा मार्शल आर्ट का अभ्यास करते रहते। कहते हैं, इसी दौरान वह दिमाग की नस फटने से ऐसे गिरे कि फिर उठ न सके। कभी यू-ट्यूब के खजाने में पंडित भीमसेन जोशी, रवि शंकर अथवा ऐसे अन्य किसी कलाकार को मंच पर प्रस्तुति देते हुए देखिए। ऐसा लगता है, जैसे उनके आभामंडल से कला की शांत सदानीरा निकलकर चारों ओर पसर चली है। कोई शोर-शराबा नहीं, कोई दावा नहीं, कोई वायदा नहीं, पर जिसने भी इन्हें रूबरू गाते-बजाते सुना, वह मुग्ध हुए बिना नहीं रह सका।

# पंच परिवर्तन से बदल जाएगा समाज का चेहरा-मोहरा

किसी भी राष्ट्र और लोकतंत्र की सफलता उसके नागरिकों की सहभागिता और कर्तव्यबोध से ही सार्थक होती है। एक जीवंत लोकतंत्र की गारंटी उसकी नागरिक चेतना ही है। कानूनों की अधिकता और उसे न मानने का मानस दोनों साथ-साथ चलते हैं। इतिहास के चक्र में किसी सांस्कृतिक संगठन के सौ साल की यात्रा साधारण नहीं होती। यह यात्रा बीज से बिरवा और अंततः उसके वटवृक्ष में बदल जाने जैसी है। ऐसे में उस संगठन के भविष्य की यात्रा पर विमर्श होना बहुत स्वाभाविक है। स्वतंत्रता के अमृतकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संकल्प भविष्य के भारत की रचना में सहयोगी बन सकते हैं। अपने शताब्दी वर्ष में संघ ने पंच परिवर्तन का संकल्प लिया है। यह पंच परिवर्तन क्या है? इससे क्या होने वाला है? इसे भी जानना जरूरी है। संघ की मान्यता है कि व्यवस्था परिवर्तन का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब भारत की व्यवस्थाएं ह्यस्वह्ल पर आधारित हों। ह्यस्वह्ल आधारित तंत्र बनाना साधारण नहीं है। महात्मा गांधी से लेकर देश के तमाम विचारक और राजनेता ह्यस्वह्ल की बात करते रहे,किंतु व्यवस्था ने उनके विचारों को अप्रासंगिक बना दिया। समाज परिर्वतन के बिना व्यवस्था परिर्वतन संभव नहीं, इसे भी सब मानते हैं। वैचारिक संभ्रम इसका बहुत बड़ा कारण है। हम आत्मविस्मृति के शिकार और आत्मदैन्य से घिरे हुए समाज हैं। गुलामी के लंबे कालखंड ने इस दैन्य को बहुत गहरा कर दिया है। इससे हम अपना मार्ग भटक गए। स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, स्वामी दयानंद सरस्वती, लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, बाबा साहब आंबेडकर हमें वह रास्ता बताते हैं जिनपर चलकर हम अपनी कुरीतियों से मुक्त एक सक्षम, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी समाज बन सकते थे। किंतु अंग्रेजों के बाद सत्ता में आए नायकों ने सारा कुछ बिसरा दिया। उस आरंभिक समय में भी दीनदयाल उपाध्याय और डा. राममनोहर लोहिया जैसे नायक भारत की आत्मा में झांकने का प्रयास करते रहे किंतु सत्ता की राजनीति को वे विचार अनुकुल नहीं थे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिर्वतन का जो संकल्प लिया है,वह भारत की चिति और उसकी स्मृति को जागृत करने का काम करेगा। राष्ट्रीय चेतना का स्तर बढ़ाने के लिए 1.नागरिक कर्तव्य, 2. स्वदेशी, 3. पर्यावरण संरक्षण, 4.समरसता, 5.कुटुंब प्रबोधन जैसे पांच संकल्प ही पंच परिवर्तन के सूत्र हैं। इन विषयों में भारत की आत्मा को झकझोरकर जगाने और ह्यनया भारतह्ल बनाने का संकल्प झलकता है।

### नागरिक कर्तव्यबोध से नवचेतन का संचार

किसी भी राष्ट्र और लोकतंत्र की सफलता उसके नागरिकों की सहभागिता और कर्तव्यबोध से ही सार्थक होती है। एक जीवंत लोकतंत्र की गारंटी उसकी नागरिक चेतना ही है। कानूनों की अधिकता और उसे न मानने का मानस दोनों साथ-साथ चलते हैं। अपनी माटी के प्रति प्रेम, उत्कट राष्ट्रभक्ति ही सफल राष्ट्र का आधार है। जापान जैसे देशों का उदाहरण देते समय हमें देखना होगा कि क्या हमारी राष्ट्रीय चेतना और संवेदना वही है जो एक जापानी में है। आखिर क्या कारण है कि अपनी महान परंपराओं, ज्ञान परंपरा के बाद भी हम एक लापरवाह और कुछ मामलों में अराजक समाज में बदलते जा हैं।



## तनाव के कारण अशांत हो चुके बीरगंज में हटाया गया कर्फ्यू



पूर्वी चंपारण, जिले के रक्सौल शहर से सटे नेपाल के वीरगंज शहर मे दो समुदायों के बीच तनाव के कारण अशांत हो चुके बीरगंज में कर्फ्यू हटा लिया गया है। जिला प्रशासन कार्यालय परसा में आयोजित सर्वदलीय बैठक के बाद सोमवार शाम से कर्फ्यू हटा लिया गया। कर्फ्यू हटने के साथ ही बीरगंज में हालात सामान्य हो रहे हैं। नेपाल के पर्सा जिला के मुख्य जिला अधिकारी भोला दहाल ने कहा कि बीरगंज में स्थिति सामान्य होने के बाद अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू हटा लिया जाएगा।

रविवार शाम को युवकों के बीच सामान्य विवाद के बाद मारपीट की नौबत आने से मामला और गरमा गया। इसी घटना को लेकर एक ही गांव में रहने वाले दो समुदायों के बीच विवाद बढ़ने पर स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। तुरंत नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस और नेपाली सेना मौके पर पहुंची। हालात पर काबू पाने के लिए सुरक्षाकर्मियों को लाठीचार्ज भी करना पड़ा। परसा के पुलिस उपाधीक्षक हरि बहादुर बस्नेत ने बताया कि कुछ लोग घायल भी हुए हैं। हालात फिर से बेकाबू होने की आशंका के बाद आज सुबह स्थानीय प्रशासन ने कर्फ्यू का आदेश जारी कर दिया। वहीं, बीरगंज स्थित श्री श्री जंगगन नेपाली सेना की बख्तरबंद गाड़ियां और एक पैदल गश्ती दल को शहर में निकाला गया। इस बीच, मुख्य जिला पदाधिकारी दहाल ने कहा कि बैठक में बीरगंज के श्रीपुर में हुई घटना के दोषियों को कानूनी दायरे में लाने, पीड़ित पक्षों से शिकायत मिलने के बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने और सांप्रदायिक संघर्ष पैदा करने वाली गतिविधियों में शामिल लोगों को दंडित करने का निर्णय लिया गया।

## बक्सर-इटाढ़ी मुख्य पथ पर ट्रैक्टर व साइकिल में टक्कर, दो की मौत

**बक्सर**, बक्सर-इटाढ़ी मुख्य पथ स्थित बैरी छावनी के समीप सोमवार शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर और साइकिल की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मिट्टी लदा ट्रैक्टर इटाढ़ी से बक्सर की ओर जा रहा था। इसी दौरान बक्सर से इटाढ़ी की तरफ आ रहे साइकिल सवार को ट्रैक्टर ने रौंद दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में पलट गया। हादसे में साइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि ट्रैक्टर चालक को गंभीर हालत में बक्सर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतकों में राजपुर थाना क्षेत्र के कठजा निवासी योगेंद्र राम के 36 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र राम तथा इटाढ़ी थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव निवासी भिलम शर्मा के पुत्र दयाशंकर शर्मा के रूप में हुई है।थाना प्रभारी सोनू कुमार के मुताबिक मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

## दफादार-चौकीदारों के प्रदर्शन पर हुए लाठीचार्ज की प्रदेश कांग्रेस ने की कड़ी निंदा

पटना, दफादार-चौकीदारों के प्रदर्शन पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह दमनकारी रवैया अपना चुकी है। उन्होंने कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर सड़क पर उतरे दफादार-चौकीदारों पर लाठीचार्ज करना लोकतंत्र की हत्या है और गरीब-मजदूर वर्ग की आवाज दबाने की साजिश है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को समस्याओं का समाधान बातचीत और संवेदनशीलता से करना चाहिए, न कि लाठी-डंडे के बल पर। उन्होंने घायल प्रदर्शनकारियों के समुचित इलाज और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दफादार-चौकीदारों की जायज मांगों के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से तुरंत वार्ता कर मांगों को स्वीकार करने की मांग की है।

## सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाला अपराधी देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

भागलपुर,एसएसपी प्रमोद कुमार ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाले 01 अपराधकर्मी को 01 देसी कट्टा और 01 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी ने बताया कि अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए सघन गश्ती एवं चोरी और छिनतई के हॉट स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में को सुलतानगंज थाना को हथियार लहराते हुए सोशल मीडिया पर एक वायरल वीडियो प्राप्त हुआ। वायरल वीडियो के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक नगर भागलपुर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था भागलपुर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। उक्त गठित टीम द्वारा वायरल विडियो के सत्यापन एवं गिरफ्तारी के लिए लागातार छापामारी किया जा रहा था। जहाँ छापामारी के कम में परदेशी रविदास पिता संजय रविदास साकिन मिरहटटी थाना सुलतानगंज जिला भागलपुर को 01 देसी कट्टा, 01 जिंदा कारतूस तथा 01 फोन के साथ उसके घर से विधिवत गिरफ्तार किया

# इलाज के दौरान मरीज की मौत, परिजन ने किया का हंगामा

भागलपुर, मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली 25 वर्षीय पूजा कुमारी पति ओमकार देव की इलाज के दौरान हुई मौत के बाद सोमवार को जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। परिजन ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के मुख्य गेट को करीब एक घंटे तक जाम कर दिया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और मरीजों तथा उनके परिजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

परिजन का आरोप है कि पूजा कुमारी पिछले चार दिनों से अस्पताल में भर्ती थीं। इस दौरान वे लगातार डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन से समुचित इलाज की गुहार लगाते रहे, लेकिन किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। उनका कहना है कि वे बार-बार वार्ड और ओपीडी के चक्कर काटते रहे, परंतु स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। आखिरकार लापरवाही के कारण उनकी मौत हो गई।

मृतका के पति ओमकार देव और अन्य परिजन ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था पर करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि अस्पताल में डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद हैं, तो फिर मरीजों की समुचित देखभाल क्यों नहीं हो रही है ?घटना के बाद आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल के मुख्य द्वार पर जमा हो गए और सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान अस्पताल में आने-जाने वाले एंबुलेंस, मरीजों और आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर अस्पताल प्रशासन और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने परिजन को समझा-बुझाकर शांत कराया और उचित जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हटाया गया। अस्पताल प्रशासन की ओर से फिलहाल आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार मामले की जांच की बात कही जा रही है। परिजन दोषियों पर कार्रवाई और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग कर रहे हैं।

## आरपीएफ की कार्रवाई में ट्रेन के इंजन से भारी मात्रा में शराब बरामद

बक्सर, बक्सर में आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वाराणसी-आरा पैसेंजर ट्रेन के इंजन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर रविवार देर रात 63230 डाउन सवारी गाड़ी के बक्सर पहुंचते ही आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक कुंदन कुमार के नेतृत्व में टीम ने इंजन के मध्य भाग की तलाशी ली। ट्रेन खुलने के बाद भी जांच जारी रही। तलाशी के दौरान इंजन के विभिन्न हिस्सों में छिपाकर रखी गई 750 एमएल की 121 बोतलें तथा 8 पीएम ब्रांड के 95 टेट्रा पैक बरामद किए गए।

कार्रवाई के दौरान इंजन में छिपे तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया।

उनकी पहचान बख्तियारपुर निवासी गुनगुन कुमार, श्रवण कुमार और संजय कुमार के रूप में हुई। अभियान बक्सर से टुड़ीगंज के बीच रात 12:30 बजे तक चला।

## नवादा में 950 लीटर देशी शराब बरामद,5 बाइक के साथ 4 गिरफ्तार

**नवादा,**नवादा जिले के कौआकोल इलाके में होली को लेकर शराब धंधेबाजों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। सोमवार को जिले के कौआकोल थाना की पुलिस ने तीन अलग -अलग जगहों से छापेमारी कर 950 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। वहीं इस दरम्यान पुलिस ने एक टेम्पू एवं पांच बाइक भी जब्त किया है, जबकि पूरे मामले में एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध करते हुए चार शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी की गई है।

थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि महुडर-महुलियाटांड़ पथ पर बढ़वा बाबा पुल जंगल के पास से पुलिस ने एक टेम्पू से लेकर आ रहे अलग अलग गैलन में लगभग 600 लीटर महुआ शराब के साथ झारखंड के गांवा थाना के लोहियाटांड़ गांव निवासी गुलू राय के पुत्र पच्चू कुमार उर्फ भीखन राय को गिरफ्तार किया गया।



दनियाँ जंगल में छापेमारी कर तीन बाइक पर लदे 150 लीटर महुआ शराब के साथ दनियाँ गांव निवासी माधो सिंह के पुत्र किशोर सिंह एवं यमुना तुरिया के पुत्र दुखहरन तुरिया को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया। वहीं कौआकोल पुलिस ने टिकोडीह सड़क पर छापेमारी कर दो बाइक पर लदे 200 लीटर महुआ शराब के साथ एक युवक शेखपुरा जिला के कसार गांव निवासी सरयुग चौधरी के पुत्र संदीप चौधरी को गिरफ्तार करने में सफल रही। जबकि एक अन्य धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब बरामदगी मामले में तीन अलग अलग प्राथमिकी कौआकोल थाना में दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## एआई समिट में कांग्रेस के प्रदर्शन के खिलाफ भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

पटना, नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'एआई समिट' के दौरान यूथ कांग्रेस के सदस्यों द्वारा टी-शर्ट खोलकर किए गए प्रदर्शन और हंगामे को लेकर बिहार में प्रदर्शन जारी है। इस घटना से आक्रोशित बिहार भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं आज पटना में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी और सांसद राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया। भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं बड़ी संख्या में प्रदेश कार्यालय से निकलीं और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की।

इस दौरान सभी कार्यकताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी के विरोध में लिखे नारे वाली तख्तियां लिए हुए थे और उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे।

प्रदर्शन में शामिल राज्यसभा सांसद सह प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा की अध्यक्ष धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी



की यह हरकत राष्ट्र के सम्मान के खिलाफ है। स्पष्ट तौर पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के इशारे पर यह कुकृत्य कांग्रेस द्वारा किया गया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस हरकत को देश ने नकार दिया है। देश की आज विश्व भर में प्रतिष्ठा बढ़ी है तो राहुल गांधी को परेशानी हो रही है। एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में इस तरह का व्यवधान डालना देश के लोगों के गले नहीं उतर रहा है। इसके लिए राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री शोभा सिंह, पटना ग्रामीण जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष शशि सिंह, पटना महानगर जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष सोनी मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष दिव्या गुंजन, प्रदेश मंत्री सीमा पाण्डेय, शशि वल्दिहर, चांदनी पाण्डेय, सीमा झा सहित भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारीगण के अलावा महानगर और पटना ग्रामीण के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबर

### हसनपुरा में पत्रकार स्वराज सिंह पर जानलेवा हमला, फोन कर बुलाकर रची गई साजिश

सीवान, सीवान जिले के हसनपुरा थाना क्षेत्र के मेरही गांव में सोमवार की शाम करीब 3:30 बजे पत्रकार स्वराज सिंह पर चार अज्ञात हमलावरों ने सुनियोजित तरीके से जानलेवा हमला कर दिया। घटना ब्रम्हस्थान के समीप की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार हमलावर लाठी-डंडा और अन्य हथियारों से लैस थे। आरोप है कि बदमाशों ने पहले एक झूठी कहानी गढ़ी और पत्रकार को फोन कर मेरही गांव बुलाया। कॉल करने वाले ने दावा किया कि किसी पीड़ित व्यक्ति को मीडिया की जरूरत है। जैसे ही स्वराज सिंह ब्रम्हस्थान के पास पहुंचे, पहले से घात लगाए हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में वे घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। फिलहाल उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। हसनपुरा थाना के प्रभारी ने बताया कि आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। संबंधित मोबाइल नंबर को ट्रेस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। हाल के दिनों में जिले में पत्रकारों पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं। कुछ दिन पूर्व पचरुखी थाना क्षेत्र के भवानी मोड़ के पास शादी समारोह से लौट रहे पत्रकार रमेश सिंह को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी थी। लगातार हो रही इन घटनाओं से जिले के पत्रकारों में रोष और भय का माहौल है।

### हाइवा ट्रक से 432 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर व वाहन चालक फरार



**सहरसा,**

जिले के सिमरी बख्तियापुर पुलिस आगामी होली पर्व को देखते हुए शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में बख्तियापुर पुलिस ने सोमवार अहले सुबह गिट्टी लदे हाइवा ट्रक से से 432 कार्टन अंग्रेजी शराब की बरामद की है। वही एक पिकअप वाहन भी जब्त किया गया। हालांकि पुलिस की आने की भनक लगते ही चालक व तस्कर मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।

इस पूरे मामले को लेकर सोमवार को बख्तियापुर थाना में एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने देर शाम मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि सोमवार की अहले सुबह सूचना प्राप्त हुई कि चकभारो गर्ल्स स्कूल से पूरब की दिशा में एक हाइवा ट्रक लगी हुई है। जिसमें भाड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब छुपा कर रखा गया है। सूचना के सत्यापन उपरांत एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर के साथ साथ सर्किल इंस्पेक्टर मु. सुजाउद्दीन, अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार, दारोगा दयानंद महतो, विकास कुमार सिंह, अंजली कुमारी, पीटीसी सुभाष कुमार, मनोज कुमार के अलावे अन्य पुलिस बल को शामिल किया गया। जिसके बाद जैसे ही पुलिस टीम उक्त स्थल पर पहुंची की पुलिस को आता देख वाहन चालक व शराब तस्कर सहित दस से पंद्रह लोग इधर उधर भागने लगे। हालांकि पुलिस ने खदेड़ कर भाग रहे सभी लोगों को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर कर सभी लोग भागने में सफल रहे। जिसके बाद पुलिस द्वारा हाइवा ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें से अलग अलग ब्रांड के 432 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस ने हाइवा वाहन और उसके समीप लगी एक पिकअप वाहन को जब्त कर लिया। पकड़े गए शराब की कीमत करीब पचास लाख बताई जा रही। इस संबंध में एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि हाइवा ट्रक के मालिक व उसके चालक के साथ साथ पिकअप वाहन के मालिक व उसके चालक सहित करीब पंद्रह अज्ञात लोगों पर बख्तियापुर थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि सभी फरार हुए लोगों का पता लगाया जा रहा है।

### खेत पटवन के दौरान करंट से 14 वर्षीय बालक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

सुपौल, जिला स्थित पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्मली पंचायत के वार्ड नंबर 7 में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में गेहूं की फसल की सिंचाई करने गए 14 वर्षीय अंकुश कुमार की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ओमप्रकाश मंडल का पुत्र था। वह खेत में मोटर पंप से पटवन करने गया था। पाइप बिछाने के बाद जब वह मोटर पंप में बिजली का तार जोड़ रहा था, तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। उस समय आसपास कोई मौजूद नहीं था। गांव की एक महिला घास लेकर वहां से गुजर रही थी, तभी उसकी नजर पड़ी। उसने शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया। जब तक परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक अंकुश की मौत हो चुकी थी।

## गोपालगंज मोड़ पर ई-रिक्शा हड़ताल के दौरान हंगामा, यात्रियों और परीक्षार्थियों को हुई भारी परेशानी



सीवान, जिलाधिकारी के आदेश एवं विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को सत्येंद्र कुशवाहा द्वारा ई-रिक्शा हड़ताल का ऐलान किया गया। हड़ताल के आह्वान के बाद शहर के गोपालगंज मोड़ पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

आरोप है कि हड़ताल के समर्थन में उतरे वॉलेंटियर सड़क पर चल रहे ई-रिक्शाओं को लाठी-डंडों के बल पर जबरन रोक रहे हैं। कई स्थानों पर ई-रिक्शा चालकों को दौड़ा-दौड़ाकर रोका गया तथा सवार यात्रियों को बीच सड़क पर उतार दिया गया। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब टेंपो चालकों को भी जबरन रोका जाने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जो चालक हड़ताल में शामिल नहीं होना चाहते थे, उन्हें भी दबाव बनाकर वाहन बंद कराने की कोशिश की गई। इस दौरान आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सबसे अधिक दिक्कत परीक्षार्थियों को हुई, जो परीक्षा केंद्र तक समय पर पहुंचने के लिए संघर्ष करते नजर आए। कई छात्रों को पैदल ही परीक्षा केंद्र की ओर जाना पड़ा। प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी जा रही है, हालांकि खबर लिखे जाने तक माहौल पूरी तरह सामान्य नहीं हो सका था।

# बजट सत्र: विधानसभा में उठा ईडब्ल्यूएस वर्ग में उम्र सीमा में छूट का मामला

**पटना,** बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के दौरान सोमवार को विधानसभा प्रश्नकाल में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्र-छात्राओं को उम्र सीमा में छूट देने का मुद्दा जदयू के विधायक देवेश कांत सिंह ने उठाया।

देवेश कांत सिंह ने सरकार से सीधा सवाल किया कि क्या बिहार में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को सरकारी नौकरियों और अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उम्र सीमा में छूट देने पर कोई विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कई अभ्यर्थी आर्थिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण समय पर तैयारी नहीं कर पाते, जिससे वे उम्र सीमा पार कर जाते हैं और अवसर से वंचित हो जाते हैं।

जदयू विधायक देवेश कांत ने सदन में कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार को संवेदनशील रवैया अपनाना



चाहिए। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि क्या बिहार सरकार अपने स्तर पर इस संबंध में कोई निर्णय लेने की स्थिति में है। देवेश कांत सिंह ने उदाहरण देते हुए कहा कि गुजरात, राजस्थान समेत अन्य राज्यों में इस विषय पर चर्चा हुई है, तो क्या बिहार सरकार भी इस दिशा में पहल कर सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जैसे अन्य वर्गों को आरक्षण और आयु सीमा में छूट का लाभ मिलता है, वैसे ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भी विशेष प्रावधान पर विचार होना चाहिए।

जदयू विधायक के प्रश्न का उत्तर देते हुए सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी मंत्री विजय चौधरी ने स्पष्ट किया कि ईडब्ल्यूएस से संबंधित मूल अधिनियम केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम में उम्र सीमा में छूट का कोई प्रावधान नहीं है और उसमें संशोधन या बदलाव करने का अधिकार राज्य सरकार के पास नहीं है। राज्य सरकार केवल केंद्र के अधिनियम के अनुरूप नियमावली बनाकर उसे लागू कर सकती है। इसलिए फिलहाल बिहार सरकार अपने स्तर पर आयु सीमा में छूट देने का निर्णय नहीं ले सकती।मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि सदस्य द्वारा उठाए गए मुद्दे पर सरकार संभावनाओं का अध्ययन कर सकती है। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी अन्य राज्य द्वारा ईडब्ल्यूएस वर्ग को आयु सीमा में छूट दिए जाने की आधिकारिक जानकारी सरकार के पास नहीं है। यदि भविष्य में केंद्र सरकार इस संबंध में कोई संशोधन करती है या दिशा-निर्देश जारी करती है, तो राज्य सरकार उस पर विचार कर सकती है।

## श्रीलंका को हराकर इंग्लैंड ने 51 रन से दर्ज की जीत

# सुपर 8 में अंग्रेजों ने खोला खाता, श्रीलंका के खिलाफ लगातार 12वां टी20 मैच जीता






पल्लेकेले

इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मैच में 51 रन से जीत दर्ज की। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की लगातार 12वीं जीत रही। श्रीलंकाई टीम ने 20 मई 2014 को पिछली बार इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच जीता था, जिसके बाद से इंग्लैंड ने श्रीलंका को लगातार 12 टी20 मुकाबलों में मात दी है। इस बीच इंग्लैंड ने दो बार 8-8 विकेट से भी मैच अपने नाम किया है। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड सुपर-8 के दूसरे ग्रुप में नंबर एक पर पहुंच गई है। 24 फरवरी को इंग्लैंड की अगले मैच में भिड़ंत पाकिस्तान के साथ होगी।

### इंग्लैंड के स्पिनर्स ने 7 विकेट हासिल किए

पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 146 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 16.4 ओवरों में महज 95 रन पर सिमट गई। इस मुकाबले के दौरान इंग्लैंड के स्पिनर्स ने 7 विकेट हासिल किए, जो टी20 वर्ल्ड कप मैच में उनके सबसे ज्यादा विकेट हैं।

### इंग्लिश टीम ने 9 विकेट खोकर बनाए 146 रन

रविवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी इंग्लिश टीम ने 9 विकेट खोकर 146 रन बनाए। इस टीम के लिए फिलिप साल्ट ने 40 गेंदों में 2 छक्कों और 6 चौकों के साथ 62 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 6 खिलाड़ियों के साथ साझेदारी की। उनके अलावा, विल जैक्स ने 21 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी खेमे से डुनिथ वेललेज ने सर्वाधिक 3 विकेट निकाले, जबकि दिलशान मदुशंका और महीश तिक्षाणा ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। एक विकेट दुष्मंथा चमीरा ने प्राप्त किया।

## टी-20 वर्ल्डकप: भारत को साउथ अफ्रीका ने 76 रन से हराया

अहमदाबाद। डिफेंडिंग चैंपियन भारत को टी-20 वर्ल्ड कप के तीसरे सुपर-8 मैच में साउथ अफ्रीका के 76 रन की करारी हार झेलनी पड़ी है। टूर्नामेंट के इतिहास में यह भारत की सबसे बड़ी हार है। टीम टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार 12 मैच जीतने के बाद हारी है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफ्रीकी टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। अफ्रीकी टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 187 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 18.5 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। मार्को यानसन ने 4 विकेट झटके। केशव महाराज ने 3 विकेट लिए। कॉर्बिन बॉश को 2 और ऐडन मार्करम को एक विकेट मिला। शिवम दुबे ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। इससे पहले साउथ अफ्रीका की ओर से डेविड मिलर ने 35 बॉल पर 63 रन बनाए। जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 45 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स ने 24 बॉल पर नाबाद 44 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। मिलर-ब्रेविस की साझेदारीसाउथ अफ्रीका की शुरूआत अच्छी नहीं थी। भारतीय तेज गेंदबाजों ने 4 ओवर में 20 रन पर अफ्रीका के 3 विकेट गिरा दिए थे। इसके बाद क्रीज पर आए डेविड मिलर। उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस के साथ मिलकर सिर्फ 50 गेंद पर 97 रन जोड़े और रन रेट को लगभग 10 रन प्रति ओवर पहुंचा दिया। वहीं पारी के अंतिम ओवर में हार्दिक ने 20 रन दिए। टॉप ऑर्डर फेल रहा भारत ने 188 रन के जवाब पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए। ओपनर्स ईशान और अभिषेक से अच्छी शुरुआत की उम्मीद थी, लेकिन दोनों दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। वहीं तिलक वर्मा भी सिर्फ 1 रन बनाकर चलते बने।अभिषेक शर्मा पहले तीन मैच में खाता नहीं खोल पाए थे। इस मैच में उन्होंने पहली गेंद पर चौका मारा लेकिन साफ दिख रहा था कि वह लय में नहीं हैं।12 गेंद पर उन्होंने 15 रन बनाए। इसमें 8 डॉट गेंदें ही थीं।भारतीय टीम को सुपर-8 के मुकाबले में अपने प्रमुख स्पिनर वरुण चक्रवर्ती से काफी उम्मीद थी। उन्होंने पूरी तरह निराश किया। वरुण ने 4 ओवर के स्पेल में 45 रन दिए। साउथ अफ्रीका ने 20 रन पर तीन विकेट खो दिए थे। उनके पास दबाव बनाने का पूरा मौका था लेकिन वरुण फेल रहे। तिलक वर्मा का टी20 विश्व कप में रन बनाने से जूझ रहे हैं। इस मैच में वह 2 गेंद पर एक रन बना पाए। इस टूर्नामेंट से पहले टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका औसत 49.29 का था। वह गिरकर 45 के भी नीचे आ गया है।हार्दिक पंड्या ने 4 ओवर में 45 रन खर्च किए। पारी के आखिरी ओवर में उन्होंने 20 रन दिए और इससे साउथ अफ्रीका की टीम 187 रनों तक पहुंच गई। बल्लेबाजी में भी हार्दिक रंग में नहीं दिखे। उन्होंने 17 गेंद पर 18 रन बनाए।अक्षर पटेल को बाहर रखकर वॉशिंगटन सुंदर को प्लेइंग इलेवन में जगह मिली थी। गेंदबाजी में दो ओवर में उन्होंने 17 रन दिए। साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजों को वह बिल्कुल भी परेशान नहीं कर पाए। 5वें नंबर पर आकर सुंदर ने 11 गेंद पर 11 रन बनाए।

**खबर संक्षेप**



### 25 मार्च से दोहा में आईसीसी बोर्ड की बैठक

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड और समितियों की बैठक 25 से 27 मार्च तक दोहा में आयोजित की जाएगी, जिससे क्रिकेट में कतर की बढ़ती भागीदारी का पता चलता है। आईसीसी ने कहा, 'यह बैठकें आईसीसी बोर्ड के निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, समिति के सदस्यों और सीनियर पदाधिकारियों को एक मंच पर लाएंगी, जो वैश्विक खेल के वर्तमान और भविष्य से संबंधित प्रमुख मामलों पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।''आईसीसी ने बताया कि 2020 से कतर में क्रिकेट में समग्र भागीदारी में 447 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसीसी ने कहा, 'इसका मुख्य कारण कतर ओलंपिक समिति के स्कूल ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल करना रहा है, जिसने देश भर के स्कूलों में इस खेल को स्थापित करने में मदद की है।'

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पेनल्टी शूटआउट में हराया



होबार्ट। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शानदार जुझारुपन दिखाने के बावजूद खेले गए एफआईएच प्रो-लीग मुकाबले में मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रहीं। स्ट्रेलिया ने दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की और फिर शूटआउट में भारत पर 5-4 से भारी पड़ा। भारत की ओर से अमित रोहिदास (15वां मिनट) और जुगराज सिंह (43वां मिनट) ने गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि ऑस्ट्रेलिया के जोएल रिंटाला (47 वां, 56 वां मिनट) ने दो गोल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। यह परिणाम ऐसे समय आया है जब भारत इस साल एफआईएच प्रो लीग में लगातार पांच मुकाबले हार चुका था। इसमें राउरकेला में खेले गए घरेलू चरण के चार मैच भी शामिल हैं। टीम को होबार्ट चरण के अपने पहले मुकाबले में शनिवार को स्पेन के खिलाफ 0-2 से हार झेलनी पड़ी थी।

## टीम इंडिया लगातार दूसरी बार बनी चैंपियन, बांग्लादेश को हराया

बैंकॉक

तेजल हसबनिस के नाबाद अर्धशतक और लेग स्पिनर प्रेमा रावत की फिरकी के जादू से भारत ए ने रविवार को कम स्कोर वाले एकतरफा फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रन से हराकर एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट जीत लिया। भारतीय टीम 44 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन तेजल ने 34 गेंद में नाबाद 51 रन की प्रभावी पारी खेलकर भारत को 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने कप्तान राधा यादव (30 गेंद में 36 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी भी की। भारत ए ने 2023 में फाइनल में बांग्लादेश ए को हराकर खिताब जीता था।



### तेजल ने की 150 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम जल्द ही संकट में घिर गई लेकिन तेजल ने अपने कौशल का शानदार नजारा पेश करते हुए टीम को परेशानी से उबारा। उन्होंने 150 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इंडिया ए की सलामी बल्लेबाज वृंदा दिनेश और नंदिनी कश्यप ने पहले विकेट के लिए 30 रन जोड़े। पहला विकेट गिरने के बाद टीम इंडिया लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती चली गई।

### प्रेमा की फिरकी का जादू बांग्लादेश 88 रन पर सिमटी

भारतीय टीम ने इसके बाद प्रेमा (12 रन पर तीन विकेट) की फिरकी के जादू से बांग्लादेश को 19.1 ओवर में 88 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश ने तीसरे ओवर में 12 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी। बांग्लादेश ने पहला विकेट इशमा तंजीम के रूप में गंवाया, जो तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर का शिकार बनीं। प्रेमा ने शमीमा सुल्ताना को अतिरिक्त उछाल लेती शानदार लेग स्पिन पर आउट किया। सिर्फ 4 बल्लेबाज डबल डिजिट स्कोर में रन बनाने में कामयाब रहे। बांग्लादेश के किए सबसे ज्यादा रन शमीमा सुल्ताना ने बनाए। उन्होंने 16 गेंदों में 20 रन की पारी खेली। इसके अलावा सरमिन सुल्ताना ने 29 बॉल पर 18 रन का योगदान दिया।

टी20 वर्ल्ड कप

## उलटफेर में माहिर जिम्बाब्वे के सामने वेस्टइंडीज की होगी अग्नि परीक्षा



मुंबई

टी20 वर्ल्ड कप में सोमवार को जिम्बाब्वे की भिड़ंत दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज से होगी। दोनों टीमों के बीच होने वाले सुपर-8 राउंड के इस मुकाबले की मेजबानी मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम करेगा। जिम्बाब्वे का प्रदर्शन ग्रुप स्टेज में कमाल का रहा था। टीम ने पहले चरण में ही दो बड़े उलटफेर करते हुए सुपर-8 का टिकट कटाया है। जिम्बाब्वे ने पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराया था।

### बेनेट बना रहे लगातार रन

जिम्बाब्वे टीम के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट टूर्नामेंट में लगातार रन बना रहे हैं। बेनेट 3 मुकाबलों में अब तक 175 रन बना चुके हैं। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बेनेट ने 48 गेंदों में 63 रनों की दमदार पारी खेली थी। वहीं, कप्तान सिकंदर रजा बल्ले और गेंद दोनों से लगातार योगदान दे रहे हैं। गेंदबाजी में जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट निकाले हैं। 3 मैचों में ब्लेसिंग अब तक 9 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।

### होप और हेटयमार का दमदार प्रदर्शन

दूसरी ओर, वेस्टइंडीज के लिए अब तक इस विश्व कप में सब कुछ सही घटा है। बल्लेबाजी में कप्तान शाई होप और शिमरॉन हेटयमार का प्रदर्शन दमदार रहा है। होप 4 मैचों में 134 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 155 रन बना चुके हैं। वहीं, हेटमायर ने 159 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 4 मैचों में 134 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में कैरेबियाई टीम की तरफ से जेसन होल्डर और शमर जोसेफ टूर्नामेंट में 7-7 विकेट चटका चुके हैं।

## इंडियन ओपन रेस वॉक: साहिल ने जीता स्वर्ण पदक, दिग्गजों को पछाड़ा

चंडीगढ़



पंजाब के खिलाड़ी साहिल ने 'इंडियन ओपन रेस वॉक' प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को पुरुष हाफ मैराथन में अपने से अधिक चर्चित प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। मनोरम सुखना झील कोर्स पर रोमांचक मुकाबले में 24 वर्षीय साहिल ने तमिलनाडु के अनुभवी सर्विन सेबेस्टियन की कड़ी चुनौती को पीछे छोड़ते हुए 21 किलोमीटर की दूरी को एक घंटा 25 मिनट 48 सेकंड में पूरा कर पहला स्थान हासिल किया। सेबेस्टियन ने 1:25:50.00 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि हरियाणा के हरदीप ने 1:26:03.00 का समय लेकर कांस्य पदक अपने नाम किया। पेरिस ओलंपियन परमजीत सिंह बिष्ट (उत्तराखंड) 1:26:07.00 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। बीस किमी पैदल चाल के ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पंजाब के अक्षदीप सिंह सातवें स्थान पर रहे।

## करकेरा ने जीती नई दिल्ली मैराथन एशियाई खेलों के लिए किया क्वालीफाई

नई दिल्ली

कार्तिक करकेरा ने रविवार को 11वीं नई दिल्ली मैराथन जीती और दो अन्य धावकों के साथ इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने का मानक भी हासिल किया। मुंबई के रहने वाले करकेरा ने 42.2 किलोमीटर की दूरी दो घंटे, 13 मिनट, 10 सेकंड (02:13:10) में पूरी करके जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर लिया। पेशे से चिकित्सक 28 वर्षीय करकेरा ने गोपी थोनकल (02:13:12) और मान सिंह (02:13:15) को मामूली अंतर से पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया। इन तीनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और आखिर में वह बहुत कम अंतर से फिनिश लाइन तक पहुंचे। इन तीनों खिलाड़ियों ने इस तरह से एशियाई खेलों में पुरुष मैराथन के लिए दो घंटे, 15 मिनट, 04 सेकंड के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से हासिल कर दिया।




महिलाओं के वर्ग में हालांकि कोई भी भारतीय खिलाड़ी 2:31:52 के एशियाई क्वालीफाइंग मार्क को हासिल नहीं कर पाई। महिला वर्ग में ठाकुर निर्मबेन (02:41:15) ने पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने भागीरथी (02:43:28) और अश्विनी जाधव (02:56:59) को पीछे छोड़ा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मान्यता प्राप्त इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 31 देशों और 490 शहरों के 30,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया।

## रियाल मैड्रिड हारा, विनिसियस जूनियर ने दागा शानदार गोल




मैड्रिड। विनीसियस जूनियर ने रियाल मैड्रिड के लिए एक बार फिर गोल किया, लेकिन ब्राजील का यह खिलाड़ी स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज अपनी टीम को ओसासुना के हाथों 2-1 की अप्रत्याशित हार से नहीं बचा सका। रियाल मैड्रिड की हार से खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दूसरे स्थान पर काबिज बार्सिलोना को तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका मिल गया है। रियाल मैड्रिड के 25 मैच में 60 अंक जबकि बार्सिलोना के 24 मैच में 58 अंक हैं।

## मैनचेस्टर सिटी जीता आर्सेनल पर बढ़ाया दबाव




मैनचेस्टर। मैनचेस्टर सिटी ने न्यूकैसल को 2-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को और रोमांचक बना दिया है। मैनचेस्टर सिटी में इस जीत से आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया है। इन दोनों टीमों के बीच अब केवल दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 27 मैच में 58 और मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 56 अंक हैं। न्यूकैसल के खिलाफ एतिहाद स्टेडियम में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से निको ओरेली ने दोनों गोल किए। इस तरह से मैनचेस्टर सिटी ने अपने अजेय अभियान को पांच मैच तक पहुंचा दिया है। मैनचेस्टर सिटी ने तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है, जिसने लीड्स के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

## मेस्सी का जादू, 75 हजार से अधिक दर्शकों से भरा स्टेडियम




लॉस एंजिल्स। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने एमएलएस कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिल्स एफसी (एलएएफसी) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिजियम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे। दर्शकों ने घरेलू टीम की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया। मेस्सी ने इस महीने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद पूरा मैच खेला।

# मैक्सिको में ड्रग माफिया 'एल मेंचो' की मौत के बाद बवाल : भारतीय दूतावास ने जारी की एडवायजरी, नागरिकों को घरों में रहने की सलाह

**एजेंसी**

**मैक्सिको।** मैक्सिको के सबसे बड़े ड्रग कार्टेल 'जालिस्को न्यू जनरेशन' के सरगना नेमेसियो ओसेगुएरा सर्वेंट्स उर्फ 'एल मेंचो' की मौत के बाद पूरे देश में हिंसा भड़क उठी है। इस तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए मैक्सिको स्थित भारतीय दूतावास ने वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के लिए एक जरूरी एडवाइजरी जारी की है। दूतावास ने भारतीयों को घरों के अंदर रहने और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की सलाह दी है।

**भारतीय दूतावास की भारतीयों को चेतावनी**



मैक्सिको में बिगड़ते सुरक्षा हालातों के बीच भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भारतीयों के लिए चेतावनी जारी की है। दूतावास ने विशेष रूप से जालिस्को (पुएर्टो वालार्टा, चपाला और गुआडालाजारा), तामाउलिपास (रेनोसा और अन्य क्षेत्र), मिचोआकन, गुएरेरो और नुएवो लियोन राज्यों में रहने वाले भारतीयों को अगले आदेश तक घरों के अंदर रहने का निर्देश दिया है। दूतावास ने कहा है कि इन क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियां और सड़कों पर नाकेबंदी की घटनाएं हो रही हैं, इसलिए सतर्कता बरतना जरूरी है। नेमेसियो ओसेगुएरा सर्वेंट्स उर्फ 'एल मेंचो' मैक्सिको के सबसे क्रूर और शक्तिशाली आपराधिक संगठन 'जालिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल' का मुखिया था। अमेरिकी ड्रग एन्फोर्समेंट एजेंसी ने उसे दुनिया के सबसे खतरनाक अपराधियों में से एक माना था। रविवार को मैक्सिको की सेना ने जालिस्को राज्य के तापाल्पा में एक बड़ा ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सेना और कार्टेल के सदस्यों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। इस ऑपरेशन में एल मेंचो और उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई।

**सड़कों पर आगजनी और हिंसा के वीडियो वायरल**

अपने नेता की मौत की खबर मिलते ही कार्टेल के सदस्यों ने मैक्सिको के कई शहरों में तांडव शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि हथियारबंद लोग सड़कों पर गाड़ियों और पेट्रोल पंपों में आग लगा रहे हैं। कुछ वीडियो में कार्टेल के सदस्यों को गुआडालाजारा एयरपोर्ट पर कब्जा करने की कोशिश करते हुए भी देखा गया है।

# एक्शन में प्रधानमंत्री तारिक रहमान, सेना में बड़ा फेरबदल, भारत से रक्षा सलाहकार को वापस बुलाया

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 17 फरवरी को अपनी सरकार के ऑफिस संभालने के कुछ ही दिनों बाद देश की मिलिट्री लीडरशिप में बड़े बदलावों को मंजूरी दे दी है। इस फेरबदल से बांग्लादेश आर्मी के कई सीनियर पदों पर असर पड़ेगा, जिसमें खास ऑपरेशनल कमांड और देश की टॉप मिलिट्री इंटेलिजेंस एजेंसी शामिल हैं। ढाका ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नए एडमिनिस्ट्रेशन के चार्ज संभालने के तुरंत बाद आर्मी हेडक्वार्टर ने ये बदलाव जारी किए। इस कदम को आम तौर पर नई लीडरशिप की तरफ से आर्म्ड फोर्सेज पर अपना कंट्रोल मजबूत




करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इसके लिए उन्होंने मुहम्मद यूनुस की लीडरशिप वाली पिछली सरकार के तहत नियुक्त सीनियर अधिकारियों को बदला है, जिसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटा दिया गया था। सबसे अहम अपॉइंटमेंट्स में लेफ्टिनेंट जनरल एम मैनुर रहमान का अपॉइंटमेंट है, जिन्हें नया चीफ ऑफ जनरल स्टाफ बनाया गया है। इससे पहले वह आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड में जनरल ऑफिसर कमांडिंग के तौर पर काम कर चुके हैं। वह लेफ्टिनेंट जनरल मिजानुर रहमान शमीम की जगह लेंगे, जो हाल ही में रिटायरमेंट लीव पर गए थे। मेजर जनरल कैसर राशिद चौधरी को डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फोर्सेज इंटेलिजेंस का डायरेक्टर जनरल अपॉइंट किया गया है, जो बांग्लादेश की सबसे बड़ी मिलिट्री इंटेलिजेंस बॉडी है। वह अभी आर्मी हेडक्वार्टर में ब्रिगेडियर जनरल के तौर पर काम कर रहे हैं और मेजर जनरल के पद पर प्रमोशन मिलने पर ऑफिशियली यह रोल संभालेंगे। वह मेजर जनरल मोहम्मद जहाँगीर आलम की जगह लेंगे, जिन्हें विदेश मंत्रालय में एम्बेसडर के तौर पर पोस्ट किया गया है।

# अमित शाह ने भारत टैक्सी ड्राइवरों से की बात, कहा- मेहनत करने वाले को फायदा मिलना चाहिए

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली में भारत टैक्सी ऐप सर्विस के कैब ड्राइवरों से बातचीत की. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोऑपरेटिव-बेस्ड राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म यह पक्का करता है कि प्रॉफिट कोऑपरेटिव मालिकों के बजाय कड़ी मेहनत करने वालों को मिले. केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 5 फरवरी को दिल्ली में भारत का पहला कोऑपरेटिव-बेस्ड राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म, 'भारत टैक्सी' लॉन्च किया था. ड्राइवरों से बात करते हुए अमित शाह ने भारत टैक्सी और दूसरे राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म के बीच बुनियादी अंतर समझाया. अमित शाह ने कहा,




'कॉन्सेप्ट यह है कि जो मेहनत कर रहा है उसे प्रॉफिट मिलना चाहिए, किसी अमीर आदमी को नहीं. हमें भारत टैक्सी का आइडिया क्यों आया? आपने कहा कि बहुत सारी शिकायतें थी, 30 परसेंट काट लिया गया और कोई पक्का नहीं था.' केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि जहां ट्रेडिशनल राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म अपने मालिकों को अमीर बनाने का मकसद रखते हैं, वहीं भारत टैक्सी मॉडल ड्राइवरों को खुद मालिक बना देता है. अमित शाह ने कहा, 'उन कंपनियों को चलाने का मकसद मालिकों को अमीर बनाना है. हमारा मकसद भी मालिकों को अमीर बनाना है. फर्क सिर्फ इतना है कि आप मालिक हैं.'

भारत टैक्सी प्लेटफॉर्म एक कोऑपरेटिव मॉडल पर काम करता है, जहां ड्राइवर स्टेकहोल्डर होते हैं और होने वाले मुनाफे के बेनिफिशियरी होते हैं, जबकि पारंपरिक राइड-हेलिंग सर्विस में प्लेटफॉर्म एक बड़ा कमीशन काटता है. दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड के बीच साइन हुए एमओयू के तहत भारत टैक्सी को दिल्ली में 21 जगहों पर 34 प्रीपेड टैक्सी बूथ डिजिटली चलाने की इजाजत मिलेगी, जिससे पैसेंजर सेफ्टी, ट्रांसपेरेंसी, ड्राइवर की इनकम और सर्विस क्वालिटी बेहतर होगी. दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की मदद से भारत टैक्सी ने एक जॉइंट कमांड एंड कंट्रोल सेंटर भी बनाया है, जिसमें रियल-टाइम राइड मॉनिटरिंग, एसओएस अलर्ट और रैपिड इमरजेंसी रिस्पॉन्स मैकेनिज्म शामिल हैं, जो रोड सेफ्टी, रेगुलेटरी कम्प्लायंस और कम्प्यूटर सिक्योरिटी को बढ़ावा देते हैं. नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीजन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ एमओयू के तहत डिजिटल इंडिया फ्रेमवर्क के तहत भारत टैक्सी को एडवाइजरी और टेक्निकल सपोर्ट दिया जाएगा. इससे डिजिलॉकर, उमंग और एपीआई सेतू के साथ इंटीग्रेशन हो सकेगा.

इससे सारथियों को पेपरलेस ऑनबोर्डिंग, सरकारी सेवाओं तक एक जैसी पहुँच, सुरक्षित इंटरऑपरेबल ऑपरेशन, कैशलेस पेमेंट और बेहतर ऑपरेशनल एफिशिएंसी मिलेगी. दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के साथ पार्टनरशिप के तहत, 10 बड़े मेट्रो स्टेशनों पर बाइक टैक्सी, ई-ऑटो/CNG ऑटो और कैब के जरिए लास्ट-माइल कनेक्टिविटी दी जाएगी. इससे यात्री एक ही प्लेटफॉर्म पर शुरू से आखिर तक की यात्रा की प्लानिंग कर सकेंगे और पेमेंट कर सकेंगे. साथ ही इससे ज्यादा ट्रिप हो सकेंगी और ड्राइवरों का खाली समय कम होगा. एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ एमओयू, देश भर के एएआई एयरपोर्ट्स पर भारत टैक्सी ऑपरेशन्स को रेगुलेट करेगा. इसमें पिकअप जोन, साइनेज परमिशन और कड़े सिक्योरिटी और सर्विस स्टैंडर्ड शामिल हैं, जिससे पूरे भारत में रेगुलेटेड एयरपोर्ट ऑपरेशन्स हो सकेंगे. दिल्ली टूरिज्म एंड ट्रांसपोर्टेशन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन/ दिल्ली एयरपोर्ट पार्किंग सर्विसेज के साथ हुए एग्रीमेंट के तहत, भारत टैक्सी की व्हाइट कैब सर्विसेज को आईजीआई एयरपोर्ट टर्मिनल्स पर कई पार्किंग लोकेशन्स पर परमिशन दी गई है.

# अफगानिस्तान में पाकिस्तान ने की भीषण बमबारी, बुरी तरह भड़का भारत!

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान के अंदर पाकिस्तान की हालिया स्ट्राइक ने दोनों देशों के बीच तनाव को फिर से चरम पर पहुंचा दिया है। दोनों देश अब आमने-सामने हैं और इसी बवाल के बीच भारत भी तालिबान के समर्थन में कूद पड़ा है। भारत ने ना केवल इन हमलों की निंदा की बल्कि पाकिस्तान को जमकर लताड़ा है। भारत ने इसे पाकिस्तान की घरेलू विफलताओं से ध्यान भटकाने की एक हताश कोशिश करार दिया है। दरअसल भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बयान जारी करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने में पाकिस्तान द्वारा किए गए इन हमलों में महिलाओं और बच्चे समेत आम नागरिकों की मौत होना बेहद निंदनीय है। भारत ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान अपने आंतरिक समस्याओं और सुरक्षा मोर्चे पर अपनी नाकामी को छिपाने के लिए पड़ोसी देश की संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा है।



भारत ने एक बार फिर दोहराया कि वो अफगानिस्तान की सोवनिटी यानी संप्रभुता और टेरिटोरियल इंटीग्रिटी यानी क्षेत्रीय अखंडता के साथ मजबूती से खड़ा है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान इस हमले के बाद अब सफाई देने में जुटा हुआ है। पाकिस्तान के सूचना मंत्रालय ने इस कार्रवाही का बचाव किया है। इस्लामाबाद का दावा है कि उसने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर अफगानिस्तान के भीतर तहरीक तालिबान यानी टीटीपी और इस्लामिक स्टेट आईएसपी के सात ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं। पाकिस्तान का कहना है कि बन्नु और बजोर में हुए आतंकी हमलों के तार अफगान हैंडलर से जुड़े थे। जिसके जवाब में यह कार्रवाई जरूरी थी। पाकिस्तान ने अफगान तालीबान पर आरोप लगाया कि बार-बार चेतावनी के बावजूद काबुल अपनी जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान विरोधी आतंकियों को करने से रोकने में नाकाम रहा है। लेकिन काबुल ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। अफगान रक्षा मंत्रालय ने पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक को अंतरराष्ट्रीय कानून और देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। साथ ही उचित और सोच समझकर जवाब देने की चेतावनी भी दी है। अफगानिस्तान का कहना है कि उसकी जमीन और नागरिकों की रक्षा करना उसका धार्मिक और राष्ट्रीय कर्तव्य है।

# दिल्ली के गड्ढे ने छीना उत्तराखंड का लाल: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी का ऐलान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की सड़कों पर पसरी अव्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही ने एक बार फिर एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दीं. पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी इलाके में सड़क पर बने गहरे और असुरक्षित गड्ढे के कारण उत्तराखंड के एक होनहार युवक, कमल की हुई दर्दनाक मौत ने इस घटना ने जहां पूरी दिल्ली में गुस्से की लहर पैदा कर दी है, वहीं सरकार की घेराबंदी भी शुरू हो गई है. मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए भारी आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का भरोसा दिया है.

**सांसद अनिल बलूनी की सक्रियता लाई रंग**

हादसे की सूचना मिलते ही उत्तराखंड से राज्यसभा सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल बलूनी सक्रिय हो गए. उन्होंने तत्काल इस मुद्दे को दिल्ली सरकार और



संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया. बलूनी ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का संकल्प लिया. उनकी पहल और कड़े रुख के बाद ही दिल्ली सरकार बैकफुट पर आई सांसद बलूनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि व्यवस्था द्वारा की गई हत्या है. उनकी मध्यस्थता के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सहायता पैकेज की घोषणा की.

**लापरवाही की भेंट चढ़ी 25 साल की जिंदगी**

25 वर्षीय कमल मूल रूप से उत्तराखंड का निवासी था और दिल्ली में रहकर एक निजी कंपनी में कार्यरत था. घटना की रात वह अपने कार्यस्थल से घर लौट रहा था. जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर के पास जल बोर्ड के कार्य के लिए खोदे गए एक गहरे गड्ढे में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई. प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि गड्ढे के चारों ओर न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग थी और न ही रात के समय कोई चेतावनी संकेत (रिफ्लेक्टर) लगाए गए थे. काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं. इस घटना पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गहरा दुख व्यक्त किया. उन्होंने कहा यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है. सरकार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है. हमने परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा देने और मृतक के एक परिजन को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है. दिल्ली सरकार के जलमंत्री ने दिल्ली जल बोर्ड और संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं.

# लोक सभा अध्यक्ष ने 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का किया गठन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूहों का औपचारिक गठन किया है. यह पहल वैश्विक स्तर पर भारत के लोकतांत्रिक संबंधों को मजबूत करने और संसदीय कूटनीति को नई गति प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है. ये मैत्री समूह विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में कार्य करेंगे, जो भारत की लोकतांत्रिक विविधता और ताकत को दुनिया के सामने रेखांकित करेंगे. लोकसभा अध्यक्ष की तरफ से की गई इस पहल में प्रमुख विपक्षी और सत्ताधारी दलों के कई दिग्गज नेताओं को शामिल किया गया है. इसमें पी चिदंबरम, शशि थरूर, रविशंकर प्रसाद, टी.आर. बालू, के.सी. वेणुगोपाल, अखिलेश यादव, असदुद्दीन ओवैसी, अभिषेक बनर्जी, सुप्रिया सुले और अनुराग ठाकुर जैसे नेता इन मैत्री समूहों का नेतृत्व करेंगे.



इसके अलावा राम गोपाल यादव, गौरव गोगोई, कनिमोझी करुणानिधि, मनीष तिवारी, डेरेक ओब्रायन, राजीव प्रताप रूडी, संजय सिंह, बैजयंत पांडा, निशिकांत दुबे, भर्तृहरि महताब, डी. पुरंदेश्वरी, संजय कुमार झा, हेमा मालिनी और प्रफुल्ल पटेल जैसे अन्य प्रमुख नेता भी महत्वपूर्ण देशों के साथ इन समूहों का नेतृत्व संभालेंगे. यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहले गठित की गई ऑपरेशन सिंदूर के बाद बहुदलीय श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए की गई दूसरी पहल है. ऑपरेशन सिंदूर , जिसमें भारत ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की थी.

लोकसभा अध्यक्ष ने इन संसदीय मैत्री समूहों को औपचारिक ढांचा प्रदान किया है. पहले चरण में श्रीलंका, जर्मनी, न्यूजीलैंड, स्विट्जरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, इजराइल, अमेरिका, रूस, यूरोपीय संसद, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, जापान, इटली, ऑस्ट्रेलिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई महत्वपूर्ण देशों के साथ मैत्री समूह गठित किए गए हैं. आने वाले समय में अन्य देशों के साथ भी इनका विस्तार किया जाएगा. यह कदम भारत की वैश्विक सगाई को मजबूत करने और विभिन्न देशों की संसदों के बीच संवाद, समझ और सहयोग बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा. यह पहल भारत की संसदीय कूटनीति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है.

# पाकिस्तान की खतरनाक साजिश का पर्दाफाश, पकड़े गए 8 जासूस!

**इस्लामाबाद।** मुनीर का जासूस नंबर एक नाम अजीजुल हक है। मुनीर का जासूस नंबर दो नाम मोहम्मद जहलुदुल इस्लाम। मुनीर का जासूस नंबर तीन नाम एमडी उजाद। मुनीर का जासूस नंबर चार नाम मिजानूर रहमान है। मुनीर का जासूस नंबर पांच नाम एमडी लिटन है। मुनीर का जासूस नंबर छह नाम एमडी उमर फारूक। यह सभी आसिम मुनीर के जासूस रहते हिंदुस्तान में थे। खाते हिंदुस्तान का थे। लेकिन ये सभी हिंदुस्तान के दुश्मन नंबर एक मुनीर के लिए काम करते थे। पाकिस्तान के लिए जासूसी करते थे। हिंदुस्तान को दहलाने की साजिश रच रहे थे। हिंदुस्तान में रहकर पाकिस्तान के लिए काम करने वाले मुनीर के आठ जासूसों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है। इनमें से छह को पुलिस ने तमिलनाडु से पकड़ा है। जबकि दो की गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल से हुई है। पकड़े गए सभी संदिग्ध बांग्लादेशी हैं। यह सभी अपनी पहचान छिपाकर फर्जी आधार कार्ड के जरिए तमिलनाडु के एक गारमेंट कंपनी में काम कर रहे थे। लेकिन इनका असली काम सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट से पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करना था। सोशल मीडिया पर आसिम मुनीर की वाहवाही करते थे। आतंकी संगठनों के समर्थन में पोस्ट करते थे। यह हिंदुस्तान के खिलाफ जहर उगलते थे।

# दिल्ली विधानसभा और लाल किला को बम से उड़ाने की धमकी, अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में लगातार बम धमकियां मिल रही हैं, जिससे पूरा शहर अलर्ट पर है। ताजा मामला सोमवार सुबह का है, जब दिल्ली विधानसभा और लाल किले को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इन धमकियों के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं और पूरे शहर में कड़े इंतजाम किए गए। लोग डरे हुए हैं और जगह-जगह पुलिस और सुरक्षा बल तैनात दिख रहे हैं। सोमवार सुबह मिली धमकी में साफ कहा गया कि विधानसभा और लाल किला बम से उड़ाए जाएंगे। इसके अलावा कुछ स्कूलों को भी ऐसी ही धमकियां मिलीं, जैसे आर्मी पब्लिक स्कूल और एयर फोर्स बाल भारती स्कूल। पुलिस, बम निरोधक दस्ता और अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचीं। जगहों की जांच की गई, लेकिन ज्यादातर मामलों में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। फिर भी सावधानी के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई।

**सुरक्षा व्यवस्था**

धमकियों के चलते दिल्ली पुलिस ने पूरे शहर में हाई अलर्ट जारी कर




दिया है। लाल किला, विधानसभा, चांदनी चौक और अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर पुलिसकर्मी ज्यादा संख्या में तैनात हैं। बम निरोधक दस्ते और क्विक रिस्पॉन्स टीम तैयार रखी गई हैं। हाल के महीनों में दिल्ली में ऐसी धमकियां बढ़ी हैं, खासकर स्कूलों, सरकारी इमारतों और ऐतिहासिक स्थलों पर। इससे पहले भी कई बार स्कूलों और अन्य जगहों को धमकी मिल चुकी है, जिनमें से ज्यादातर झूठी साबित हुईं, लेकिन हर बार जांच जरूरी हो जाती है। यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा, जिससे दिल्लीवासियों में डर का माहौल है। लोग घर से निकलते समय ज्यादा सावधान रह रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि ऐसी धमकियां अक्सर अफवाह फैलाने या परेशान करने के लिए दी जाती हैं, लेकिन हर सूचना को गंभीरता से लिया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबर

### दिल्ली प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कोयला आधारित उद्योगों को नोटिस जारी करने का दिया निर्देश



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इस सुझाव पर केंद्र से जवाब मांगा है कि दिल्ली से 300 किलोमीटर के दायरे में कोई नया कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र स्थापित नहीं किया जाएगा. कोर्ट ने कंस्ट्रक्शन और डिमोलिशन से होने वाली धूल से निपटने के लिए सुझाए गए उपायों पर भी जवाब मांगा है. सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर से कोयला आधारित उद्योगों को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्रालयों से जवाब मांगा. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने पर्यावरण और बिजली मंत्रालय को भी उअदट की नई सिफारिशों के अनुसार, सभी कोयला-आधारित इंडस्ट्रीज को दिल्ली-ढउफ से बाहर शिफ्ट करने के लिए एक प्रपोजल जमा करने का निर्देश दिया है, जिसमें ऐसी इंडस्ट्रीज और सही वैकल्पिक फ्यूल सोर्स की पहचान शामिल हो. सुप्रीम कोर्ट दिल्ली-एनसीआर में वाहनों से होने वाले प्रदूषण से संबंधित मुद्दों पर 12 मार्च को सुनवाई करेगा.

### पूर्व रेल मंत्री टीएमसी नेता मुकुल रॉय का निधन, पीएम मोदी, ममता बनर्जी ने शोक जताया



**कोलकाता।** टीएमसी के संस्थापक सदस्य रहे पश्चिम बंगाल की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले मुकुल रॉय के निधन की खबर आयी है. लंबी बीमारी से जूझ रहे मुकुल रॉय का रविवार देर रात निधन हो गया. 1954 में उत्तर 24 परगना जिले के कांचरापाड़ा में जन्मे रॉय ने 1980 के दशक में राजनीति में कदम रखा था. उन्होंने युवा कांग्रेस में शामिल होकर अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत की. अहम बात यह है कि ममता बनर्जी ने जिस समय कांग्रेस से नाता तोड़ कर तृणमूल कांग्रेस(1998 में) का गठन किया, तो मुकुल रॉय उनके साथ आ गये. कहा जाता है कि बयानबाजी से दूर रहने वाले मुकुल रॉय मृदुभाषी थे. ममता बनर्जी के साथ वफादारी निभाने हुए वे कुछ ही सालों में पार्टी के महासचिव बना दिये गये. मुकुल रॉय 2006 में राज्यसभा सांसद बन गये. 2009 में राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता चुने गये. संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दूसरे कार्यकाल में वे पोत परिवहन राज्य मंत्री बने. 2012 में रेल मंत्री बने. पीएम मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुकुल रॉय के निधन पर शोक व्यक्त किया है ममता बनर्जी ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें अपना दीर्घकालिक राजनीतिक सहयोगी और कई संघर्षों में सह-योद्धा करार दिया. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक बनर्जी ने मुकुल रॉय के निधन पर शोक व्यक्त किया है, उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया. उन्होंने लिखा, मुकुल रॉय के निधन से बंगाल के राजनीतिक इतिहास के एक युग का अंत हो गया है. उनके अलावा कई अन्य नेताओं ने भी शोक जताया है.

### एचएएल ने तेजस क्रैस की खबरों को बताया 'अफवाह', कहा- विमान में थी मामूली टेक्निकल दिक्कत



**नयी दिल्ली।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने कई मीडिया रिपोर्ट्स में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस के क्रैश होने की बात कही गई थी, जिसके बाद ऑफिशियल सफाई जारी की है। एचएएल ने साफ कहा है कि एयरक्राफ्ट से जुड़ा कोई क्रैश नहीं हुआ था। एचएएल के मुताबिक, यह घटना एक छोटी सी टेक्निकल दिक्कत थी जो तब हुई जब एयरक्राफ्ट जमीन पर था। यह हवा में हुआ एक्सीडेंट नहीं था। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि इंडियन एयर फोर्स के तेजस एयरक्राफ्ट को एक ट्रेनिंग सॉर्टी के दौरान ब्रेक फेल होने की शक की वजह से एक फ्रंटलाइन एयरबेस पर रनवे से आगे निकल जाने के बाद एयरफ्रेम को बड़ा नुकसान हुआ था। यह भी बताया गया था कि पायलट सुरक्षित रूप से इजेक्ट हो गया था। हालांकि, एचएएल ने साफ किया कि यह कोई क्रैश नहीं था और इसे जमीन से जुड़ा एक लिमिटेड टेक्निकल मामला बताया। एचएएल ने जोर देकर कहा कि एलसीए तेजस का मॉडर्न फाइटर एयरक्राफ्ट में दुनिया के सबसे अच्छे सेफ्टी रिकॉर्ड में से एक है। कंपनी ने भरोसा दिलाया कि एयरक्राफ्ट के सेफ्टी स्टैंडर्ड ऊंचे बने हुए हैं। कंपनी ने कहा कि स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के हिसाब से, टेक्निकल दिक्कत की डिटेल में जांच की जा रही है। एचएएल इस मामले को जल्दी और असरदार तरीके से सुलझाने के लिए इंडियन एयर फोर्स के साथ मिलकर काम कर रही है। एचएएल ने फिर कहा कि घबराने की कोई बात नहीं है और हालात को पहले से तय सेफ्टी और रिव्यू सिस्टम के जरिए संभाला जा रहा है।

### तमिलनाडु में एसआईआर के बाद फाइनल वोटर लिस्ट जारी, 97.37 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए

**चेन्नई:** निर्वाचन आयोग और सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के मुताबिक, बड़े पैमाने पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद तमिलनाडु की फाइनल वोटर लिस्ट (अंतिम मतदाता सूची) सोमवार को आधिकारिक तौर पर जारी कर दी गई है. तमिलनाडु में आज जारी फाइनल वोटर लिस्ट में 5.67 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल किए गए हैं. तमिलनाडु में आने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए, पिछले नवंबर में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण किया गया था. विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले तमिलनाडु में 6.41 करोड़ वोटर थे, जबकि नवंबर में हुए एसआईआर के बाद यह संख्या घटकर 5.43 करोड़ रह गई. खास तौर पर, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद, लगभग 97.37 लाख वोटरों के नाम हटा दिए गए. इसके बाद 19 दिसंबर से, जब वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट पब्लिश हुआ, वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने और सही करने के लिए समय दिया गया. इसके बाद, 24.47 लाख लोगों ने वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने के लिए आवेदन किया, जिसमें 17.10 लाख लोग इसमें अपना नाम जोड़ना चाहते थे, 1.84 लाख लोग अपना नाम हटाना चाहते थे, और 5.51 लोग अपना नाम बदलना चाहते थे. ऐसे में तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पटनायक ने आज तमिलनाडु की फाइनल वोटर लिस्ट जारी की. इसके मुताबिक, रक्र के काम के बाद तमिलनाडु में कुल मतदाताओं की संख्या 5,67,07,380 है. इनमें से पुरुष वोटर की संख्या 2,77,38,925, महिला वोटर की संख्या 2,89,60,838 और थर्ड जेंडर 7,617 हैं. तमिलनाडु में अभी जारी फाइनल वोटर लिस्ट के मुताबिक, चेंगलपट्टू जिले के शोलिंगनल्लूर चुनाव क्षेत्र में सबसे ज्यादा 5.36 लाख वोटर हैं.



# 'द केरल स्टोरी 2' पर भड़के अनुराग बोले- 'फिल्ममेकर लालची

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह और उनके बैनर 'सनशाइन पिक्चर्स' के सपोर्ट से बनी 'द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड' का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया, जिसे लेकर अब एक नया विवाद शुरू हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए कुछ सीन्स को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हो गई है, खासतौर पर बीफ वाले सीन को लेकर। इस विवाद पर अब बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक अनुराग कश्यप ने भी प्रतिक्रिया दी है और फिल्म की कड़े शब्दों में आलोचना की है। निर्देशक ने कहा कि 'द केरल स्टोरी पूरी तरह से बकवास है। ये पूरी तरह से प्रोपेगेंडा फिल्म है। मुझे नहीं पता कि इस फिल्म का क्या इरादा है।

लाइफ Style



# सामंथा
## काम पर की वापसी

साउथ इंडियन फिल्मों की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक सामंथा रुथ प्रभु, बीते कई दिनों से अपनी शादी को लेकर चर्चा में थीं। शादी के बाद वो अपने पति राज निदिमोरु के साथ समय बिता रही हैं।


शादी के बाद और पति संद क्वालिटी टाइम बिताने के बाद एक्ट्रेस ने काम पर भी वापसी कर ली है। सामंथा की शादी के बाद पहली फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने खुद नया पोस्टर शेयर कर ये न्यूज फैंस को बताई है। सामंथा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म 'मा इंटी बंगाराम' का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज की तारीख भी अनाउंस कर दी है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज होने वाली है। फिल्म के पोस्टर में सामंथा का साइड फेस दिख रहा है वो एक दीवार के पीछे से झांकती हुई दिख रही हैं। इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने पोस्टर में लिखा, 'इस गर्मी में थिएटर में मिलते हैं। सामंथा को दोबारा स्क्रीन पर देखने के लिए उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जैसे ही एक्ट्रेस ने फिल्म का पोस्टर और रिलीज की तारीख का ऐलान किया इस पोस्ट पर लोगों के कमेंट्स आना भी शुरू हो गए। कई यूजर्स ने लिखा कि वो इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। तो कई लोगों ने लिखा कि आज की सबसे बेस्ट न्यूज है। इस फिल्म के निर्माता सामंथा के पति राज निदिमोरु हैं।

हॉलीवुड मसाला



# लॉस एंजेलिस में स्पॉट हुई केंडल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सुपरमॉडल और रियलिटी टीवी स्टार केंडल जेनर एक बार फिर अपने स्टाइलिश लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया, जहां उनका स्पोर्टी और चिक अंदाज देखने को मिला। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो 30 वर्षीय केंडल जेनर ने इस दौरान व्हाइट कलर की स्पोर्ट्स ब्रा और मैचिंग लाउंज पैंट पहनी। उन्होंने पैंट की इलास्टिक कमर को थोड़ा मोड़कर पहना, जिससे उनका फिट फिगर और एब्स साफ नजर आ रहे थे।




# किम ने किए फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस किम कार्दशियन अपने स्टनिंग और स्टाइलिश लुक्स से कभी भी लोगों को इम्प्रेस करने से नहीं चूकतीं। हाल ही में उन्होंने यूरोप के एक ट्रिप के बाद अमेरिका लौटते हुए अपने फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट किए। इस दौरान किम अपने लुक और स्टाइल से फैंस का खूब दिल जीतती आईं। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। होमटाउन कैलाबासस लौटने पर किम कार्दशियन का अंदाज किसी रनवे मॉडल से कम नहीं था। उन्होंने ब्लैक लेदर आउटफिट पहना, जिसमें एक छोटा सा टॉप और उसके ऊपर लेदर कोट शामिल था। इस लुक में किम ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



# टिस्का ने शेयर की मजेदार पोस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, "घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे।"



# सोशल मीडिया बैन के सपोर्ट में उतरे...

**मुंबई।** सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और एआई के बढ़ते चलन से बच्चों पर पड़ रहे नकारात्मक असर की चपेट में बच्चे जल्दी आते हैं, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व पर पड़ता है। कुणाल कपूर ने बच्चों के सोशल मीडिया एक्सेस पर रोक लगाने का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम 'एंटी-टेक्नोलॉजी' नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। कुणाल का कहना है कि सोशल मीडिया के एल्गोरिदम इस तरह बनाए जाते हैं कि बच्चे घंटों स्क्रॉल करते रहें, जिससे उनकी एकाग्रता, नींद और भावनात्मक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कुणाल ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खबर शेयर की, जिसमें लिखा था कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने पर सरकार विचार कर रही है।

टीवी मसाला

# 'बींदणी' एक नया और चुनौतीपूर्ण सफर: कुशाग्र

**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री में हर शो में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो दर्शकों का दिल तुरंत जीत लेते हैं, तो कुछ किरदार ऐसे भी होते हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं। ऐसा ही एक किरदार अभिनेता कुशाग्र



दुआ सन नियो पर प्रसारित होने वाले शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' में निभा रहे हैं, जो एक ग्रे शेड रोल है। कुशाग्र दुआ ने बताया कि उन्हें यह शो और किरदार मिलना उनके लिए एक नई जर्नी जैसा है। उन्होंने कहा, 'शो में मैं 'गर्व' नाम के लड़के का किरदार निभा रहा हूं, जो अपनी बुआ, फूफा और उनके बच्चों के साथ रहता है। गर्व की जिंदगी में सबसे बड़ा खालीपन उसके माता-पिता का न होना है। इसी कमी ने उसके भीतर गहरा दर्द और गुस्सा भर दिया है।' कुशाग्र ने बताया, 'यही दर्द धीरे-धीरे गर्व को कठोर बना देता है और वह लड़कियों से नफरत करने लगता है। उसे प्यार जैसी भावना पर बिल्कुल भरोसा नहीं है और वह उन लड़कों से भी चिढ़ता है जो प्यार में पड़कर अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। गर्व को लगता है कि प्यार के नाम पर लोग जो कुर्बानियां देते हैं, वह सच्चा प्यार नहीं बल्कि मजबूरी और दिखावा है।

# रजनीकांत की जेलर में होगी शाहरुख खान की एंट्री!

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में इन दिनों लगातार बड़े एक्टर्स की धमाकेदार फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन दिनों यश की टॉक्सिक चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर आया था, जो कि यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रहा है। वहीं, अब रजनीकांत की जेलर 2 को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म का ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा ये भी बताया जा रहा है कि रजनीकांत की जेलर 2 में शाहरुख खान भी नजर आने वाले हैं।



दरअसल, शाहरुख खान इस साल बड़े पर्दे पर फिल्म किंग से वापसी करने वाले हैं, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान और एक्टर अभिषेक बच्चन नजर आएंगे। हालांकि वह किंग के अलावा रजनीकांत की जेलर 2 में भी दिखाई देंगे। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान जेलर 2 में कैमियो रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स में ये भी बताया गया है कि शाहरुख खान जल्द ही जेलर 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। एक्टर इस फिल्म के लिए 7 से 8 दिनों तक शूट करेंगे। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान मार्च 2026 में जेलर 2 के सेट पर पहुंच कर अपनी शूटिंग करेंगे। क्योंकि फिल्म का सिर्फ एक हिस्सा शूट होने के लिए बचा है और इस मूवी की लगभग शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि शाहरुख खान को लेकर अभी भी मेकर्स ने कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।

# 'ड्रैगन' के एक साल पूरे, कयादू ने जताया आभार

**मुंबई।** साउथ सिनेमा अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ता है। उनकी फिल्मों की स्टोरीलाइन और कलाकारों का काम दर्शकों को बहुत आकर्षित करता है। इसी कड़ी में तमिल सिनेमा की रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'ड्रैगन' एक ऐसी फिल्म थी, जिसने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। फिल्म के एक साल पूरे होने पर अभिनेत्री कयादू ने इंस्टाग्राम पर खुशी जाहिर की।

उन्होंने फिल्म के सेट से कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ड्रेगन को रिलीज हुए 1 साल पूरा हो गया है। यही वो सफर है, जहां से सब कुछ शुरू हुआ था। मुझे अपने दिल में जगह देने और इतने प्यार से अपनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। पल्लवी हमेशा मेरे लिए खास रहेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद और ढेर सारी बधाई। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं, अभिनेत्री कयादू लोहार के लिए यह फिल्म उनके करियर का बड़ा ब्रेक साबित हुई थी।

तमिल सिनेमा में उनका डेब्यू इसी फिल्म से हुआ था। अश्वथ मरिमुथु द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में प्रदीप रंगनाथन लीड रोल में थे और कयादू



लोहार और अनुपमा परमेश्वरन भी अहम रोल में नजर आए थे।

यह फिल्म राघवन की कहानी है, जिसका स्कूल में ब्रेकअप हो जाता है। दिल टूटने के कारण वह पढ़ाई छोड़कर प्यार और ताकत की कमी को पूरा करने के लिए वित्तीय धोखाधड़ी की खतरनाक दुनिया में उतर जाता है। फिर, धीरे-धीरे वह अपने नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

# ब्रॉयफ्रेंड संग लंदन में घूम रहीं कृति!

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अक्सर ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस की पिछली फिल्म तेरे इश्क में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है। इसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी काफी पसंद किया गया है। इन सभी के बीच कृति ने कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग की खबरों को हवा दे दी है। एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ नजर आ रही हैं। दरअसल, कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के हाथों में हाथ डाले हुए लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रही हैं, जिसके बाद दोनों की डेटिंग की अफवाहें तेज हो गई हैं। यह वीडियो रेडिट पर शेयर किया गया है, जिसमें कृति ब्राउन जैकेट, ब्राउन टॉप और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुए नजर आ रही हैं और कबीर ऑल ब्लू को-ऑर्ड पैंट के साथ






हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.